**MEERUT (30 Sept):** आरजी की प्रिंसिपल प्रो. निवेदिता मलिक के संरक्षण में लाइब्रेरी कमेटी, ज्ञानार्जन भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ तथा आईक्यूएसी की ओर से आरजी कॉलेज में स्टूडेंट लाइब्रेरी एनरिचमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ हुआ. कार्यक्रम संयोजिका प्रो. पूनम लखनपाल एवं प्रो. ममता उपाध्याय ने बताया कि इस प्रोग्राम का उद्देश्य छात्राओं को लाइब्रेरी की समस्त प्रक्रियाओं से- जैसे पुस्तकों की कैटलॉग और कंप्यूटर के माध्यम से खोजना, इशू कराना, इनफ्लिबनैट, डेलनैट से पुस्तकें पढ़ना, रेयर बुक्स की स्कैन कॉपियों को देखना, लाइब्रेरी के विभिन्न कॉर्नर जैसे - भारतीय ज्ञान परम्परा, कॉम्पीटीशन की किताबें, करियर कॉर्नर, वैकेंसी डिस्प्ले बोर्ड आदि के बारे में बताया.

### छात्राओं को दी टिप्स

इसके साथ ही लाइब्रेरी की फोटो स्टेट, कंप्यूटर पर पढ़ने की सुविधा, रीडिंग रूम, जरनल रूम इत्यादि के बारे में भी बताया गया. लाइब्रेरियन सनमेक कुमार ने छात्राओं को इसकी जानकारी दी. इस समय कॉलेज के विभिन्न विभागों की शिक्षिकाएं तथा छात्राएं उपस्थित रहीं. समस्त कार्यक्रम को विभागानुसार छः दिनों में बांटा गया है. सोमवार को संस्कृत, हिंदी, एजुकेशन और दर्शन विभाग की छात्राओं ने यह जानकारी हासिल की. इस समय लाइब्रेरी कमेटी की इंचार्ज प्रो. अंजुला राजवंशी ने छात्राओं को लाइब्रेरी में पढ़ने की प्रेरणा दी. इस मौके पर प्रो. पूनम लखनपाल, प्रो. ममता उपाध्याय, प्रो. अमिता शर्मा, प्रो. अपर्णा वत्स, डॉ. पूनम लता सिंह, प्रो. सुनीता, डॉ. अनुपमा सिंह आदि मौजूद रहीं.

**HINDUSTAN-1.10.2024 PAGE NO.6**

## समय बर्बाद ना कर, प्रबंधन सीखें छात्र

मेरठ। मेरठ कॉलेज के इतिहास विभाग में जारी ब्रिज कोर्स सोमवार को संपन्न हो गया। आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. अर्चना सिंह ने कहा कि विद्यार्थी मोबाइल और इंटरनेट की दुनिया में अनावश्यक समय बर्बाद ना कर बल्कि समय प्रबंधन सीखें ताकि मनोरंजन भी हो सके और जीवन में सफलता भी प्राप्त हो। छात्रों ने दैनिक डायरी लिखने की आदत डालने एवं आत्म अवलोकन करने का प्रेरित किया। डॉ. चंद्रशेखर भारद्वाज, राजीव रंजन पांडे, विपिन कुमार आदि रहे।

**DAINIK JAGRAN-2.10.2024**



आरजीपीजी कालेज के फूड साइंस एवं क्वालिटी कंट्रोल विभाग में 'एलुमनी इनसाइट्स' सीरीज के अंतर्गत करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन हुआ। काउंसलिंग सत्र में 2017 बैच की पुरातन छात्रा नूपुर रस्तोगी ने 'फ्राम क्लासरूम टू कैरियर- नेविगेटिंग द फूड इंडस्ट्री' विषय पर व्याख्यान देते हुए फूड साइंस विभाग की [illegible] करियर संबंधी जानकारी देकर सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों को भविष्य के लिए योजना बनाने में मदद मिलती है। • सौ. कालेज

DAINIK INEXT-6.10.2024 PAGE NO.6

# स्टूडेंट्स को लाइब्रेरी के महत्व के बारे में बताया

PIC DAINIK JAGRAN INEXT



### आरजी गर्ल्स पीजी कॉलेज में लाइब्रेरी एनरिचमेंट प्रोग्राम आयोजित किया गया

**MEERUT (5 Oct):** आरजी गर्ल्स पीजी कॉलेज में प्रिंसिपल प्रो. निवेदिता मलिका के संरक्षण में लाइब्रेरी कमेटी व आईक्यूएसी की ओर से स्टूडेंट लाइब्रेरी एनरिचमेंट प्रोग्राम हुआ. कार्यक्रम संयोजिका प्रो. पूनम लखनपाल एवं प्रो. ममता उपाध्याय ने बताया कि इस प्रोग्राम का उद्देश्य स्टूडेंट्स को लाइब्रेरी की समस्त प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी. इसमें पुस्तकों को कैटलॉग और कंप्यूटर के माध्यम से खोजना, इशू कराना, इनफ्लिबनैट आदि के बारे में बताया. इसके साथ ही लाइब्रेरी की फोटो स्टेट, कंप्यूटर पर पढ़ने की सुविधा, रीडिंग रूम, जरनल रूम इत्यादि के बारे में भी बताया गया.

### अहम जानकारियां दीं

लाइब्रेरियन सनप्रेक कुमार एवं पंकज मौर्य ने स्टूडेंट्स को इसकी जानकारी दी. इस अवसर पर लाइब्रेरी में कला संकाय के अन्तर्गत गृह विज्ञान, फिजीकल एजुकेशन, मनोविज्ञान, क्लीनिकल साइकॉलोजी, यौगिक साइंस विभाग स्टूडेंट्स को जानकारी दी गई.

### ये रहीं मौजूद

इस दौरान प्रो.पूनम लखनपाल, प्रो.ममता उपाध्याय,गृह विज्ञान विभाग से - प्रो. सोनिका चौधरी, डॉ. ममता कुमारी,डॉ. श्वेता त्यागी,मिसेज़ हिमानी विश्नोई,, मिस विदुषी अग्रवाल, मिस दीपा काण्डपाल, फिज़ीकल एजुकेशन से प्रो. भावना मित्तल, मनोविज्ञान विभाग से प्रो.अनुराधा, प्रो.कुमकुम पारीक, डॉ. सुनीता , एसीपी से मिस लवलीन और मिस अपूर्वा आदि मौजूद रहीं.

DAINIK JAGRAN-6.10.2024 PAGE NO.10



आरजी पीजी कालेज में शनिवार को 22 यूपी गर्ल्स बटालियन एवं आइक्यूएसी द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें द बेस्ट गार्ड आफ आनर टीम के लिए एआर प्रयास ट्राफी, द बेस्ट आर्म्ड ड्रिल के लिए रनिंग ट्राफी, द बेस्ट प्लाटून के लिए ज्ञानोदय ट्राफी और द आउटस्टैंडिंग कैडेट के लिए ब्लासम्स स्कूल ट्राफी रखी गई• जागरण

HINDUSTAN-6.10.2024

# आरजी कॉलेज में हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं



मेरठ। आरजी पीजी गर्ल्स कालेज के संरक्षण में यूपी गर्ल्स बटालियन और आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न प्रतियोगिताओं हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने किया। प्रतियोगिताओं में द बेस्ट गार्ड ऑफ ऑनर टीम, द बेस्ट आर्म्ड ड्रिल, द बेस्ट प्लाटून और द आउटस्टैंडिंग कैडेट के लिए ट्रॉफी रखी गई। निर्णायक मंडल में नायक संजीत कुमार, राजीव कुमार और आरजीपीजी मेजर प्रो. पूनमलखन पाल शामिल रहे।

DAINIK INEXT-8.10.2024 PAGE NO.5

# वाद-विवाद प्रतियोगिता में वंशिका अव्वल

PIC DAINIK JAGRAN INEXT



meerut@inext.co.in

**MEERUT (7 Oct):** रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज के संस्कृत विभाग में संस्कृत विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता हुई. इसका विषय हरिवंश पुराण के विष्णु पर्व के एक श्लोक से लिया गया है. इसमें छात्राओं ने संस्कृत माध्यम से विषय की प्रस्तुति की और अपने-अपने पक्ष एवं विपक्ष को दृढ़ता के साथ प्रस्तुत किया. जिसमें एमए और बीए की स्टूडेंट्स ने प्रतिभाग किया. वाद-विवाद प्रतियोगिता में वंशिका प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम स्थान, खुशी तृतीय सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान रूबी प्रथम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान तथा काजल पंचम सेमेस्टर ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया. प्रो.पूनम लखनपाल ने छात्राओं को वाद विवाद प्रतियोगिता के नियम, महत्वपूर्ण तथ्य बताए व आशीर्वचन प्रदान किया.

### ये रहे मौजूद

डॉ. उपासना सिंह ने छात्राओं को कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए सराहा.डॉ.निशी ने कार्यक्रम का संयोजन किया. भारती, तानिया, नेहा, युक्ता, भावना,श्वेता,मुस्कान, खुशी, अनुराधा, रश्मि,रूबी, वंशिका, काजल आदि मौजूद रहे.

DAINIK JANVANI-8.10.2024 PAGE NO.5

## आरजी पीजी में संस्कृत वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

[illegible]

HINDUSTAN-8.10.2024 PAGE NO.10



## लाइब्रेरी के रिसोर्स के बारे में बताया

[illegible]

DAINIK JAGRAN-9.10.2024

## नैतिक मूल्यों का पालन करें छात्राएं

[illegible] ... के बारे में बताया।

DAINIK JAGRAN 10.10.24



आर जी पीजी कॉलेज में [illegible] ... अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य पर नारी सुरक्षा आज की आवश्यकता विषय पर जागरूकता रैली निकालकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। जिसका [illegible] ... सुरक्षा सिर्फ कानून से संभव नहीं है। इसके लिए समाज को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। इस मौके पर [illegible] शर्मा और डा. [illegible] कुमारी उपस्थित रहीं • सौ. कालेज प्रशासन

DAINIK JAGARN-15.10.2024 PAGE NO:9



आरजी पीजी कालेज में लगने वाले हुनर हाट की तैयारी करती छात्राएं • सौ. कालेज प्रशासन

## छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने को लगेगा हुनर हाट

जागरण संवाददाता, मेरठ : आरजी पीजी कालेज में दीपावली के उपलक्ष्य पर हस्त कौशल मेला हुनर हाट का आयोजन कालेज परिसर में 17 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक किया जा रहा है। जिसमें छात्राओं द्वारा हस्त निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शनी एवं विक्रय किया जाएगा। इसमें मनोविज्ञान विभाग, चित्रकला विभाग, गृह विज्ञान विभाग, शारीरिक शिक्षा विभाग, वाणिज्य विभाग, संगीत विभाग और फूड एंड साइंस विभाग की छात्राओं द्वारा 15 स्टाल लगाए जाएंगे। चित्रकला विभाग द्वारा इंप्रेशंस 2024 चित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जिसमें कलाकृतियों का विक्रय किया जाएगा।

मनोविज्ञान विभाग की पूर्व छात्रा डा. पल्लवी चाकलेट स्टाल लगाएंगी। इस बार मेले में करवा चौथ स्पेशल स्टाल भी रहेगी। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने बताया कि हुनर हाट का उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना है।

HINDUSTAN-15.10.2024 PAGE NO.6

## तीन दिन तक लगेगा हस्त कौशल मेला हुनर हॉट



मेरठ। आरजी पीजी गर्ल्स कालेज में दीपावली से पहले हस्त कौशल मेला हुनर हॉट 18 से 19 अक्तूबर तक किया जाएगा। छात्राएं अपनी हस्त निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शन और विक्रय के लिए प्रस्तुत करेंगी। मनोविज्ञान विभाग की पूर्व छात्रा डॉ. पल्लवी द्वारा चॉकलेट्स का स्टॉल, करवा चौथ स्पेशल स्टॉल पर मेहंदी और अन्य आकर्षण भी रहे।

DAINIK JAGRAN-10.10.2024 PAGE NO.

# डिजाइनर दीपक से पेंटिंग तक में दिखा छात्राओं का हुनर

## आरजी डिग्री कालेज में दीपावली के उपलक्ष्य में लगा तीन दिवसीय हस्त कौशल मेला

**जागरण संवाददाता, मेरठ:** आरजी पीजी कालेज में गुरुवार को दीपावली के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय हस्त कौशल मेला 'हुनर हाट' लगाया गया। इसका आयोजन इनोवेशन काउंसिल, स्टार्ट-अप सेल, रविन्द्रनाथ टैगोर कल्चरल क्लब एवं चित्रकला विभाग द्वारा 'अर्न व्हाइल यू लर्न' के तहत किया गया। मेले में छात्राओं द्वारा तैयार हैंडीक्राफ्ट आइटम के साथ ही फूड और पेंटिंग के स्टाल पर उनकी प्रतिभा दिखी। छात्राओं द्वारा हस्त निर्मित कलाकृतियों को विक्रय के लिए भी रखा गया।

विशिष्ट अतिथि डा. मधु बाजपेयी और उप आयुक्त उद्योग दीपेंद्र कुमार ने छात्राओं द्वारा तैयार किए बैग, टेबल कवर, कोस्टर्स, चादर, कुशन कवर, टेबल कवर, वार्डरोब आर्गेनाइजर जैसी वस्तुओं को काफी पसंद किया। दीपेंद्र कुमार ने छात्राओं के हैंडवर्क की प्रशंसा करते उन्हें जीआइसी में चल रही मंडलीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में दो स्टाल प्रदान की। जहां शुक्रवार से हैंडीक्राफ्ट की स्टाल लगाई जाएंगी। इसके अलावा हुनर हाट में रंगीन डिजाइनर दीपक, कार्ड, एनवेलप और इसके अलावा चित्रकला विभाग की छात्राओं द्वारा 12 इंच लंबे और 12 इंच चौड़े कैनवास पर बनाए गए चित्र आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे। वनस्पति विज्ञान विभाग की छात्राओं ने वर्मी कंपोस्ट खाद का स्टाल लगाया। जिसमें छोटे-छोटे पैकेट और औषधीय पौधे भी विक्रय के लिए रखे गए। फूड साइंस विभाग द्वारा पोषक तत्वों से से भरपूर घर पर बने खाद्य पदार्थों की स्टाल लगाई गई। शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा एक्यूप्रेशर एवं योग से संबंधी उपकरणों का स्टाल लगाया गया। चित्रकला विभाग की छात्राओं ने इंप्रेशंस-2024 चित्र प्रदर्शनी लगाई। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने कहा कि हुनर हाट का उद्देश्य छात्राओं की प्रतिभा को निखारना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।



आरजीपीजी कालेज के साइंस ब्लाक के सामने हस्त कौशल मेले मे स्टाल देखतीं छात्राएं • जागरण

DAINIK JAGRAN-17.10.2024 PAGE NO.9



आरजी पीजी कालेज में सेमिनार में मौजूद शिक्षिकाएं व छात्राएं • जागरण

## बेहतर जीवन व भविष्य के लिए भोजन का अधिकार पर कार्यशाला



सेमिनार को संबोधित करती डाक्टर अंशु मेहरा • जागरण

मेरठ : आरजी पीजी कालेज में विश्व खाद्य दिवस के उपलक्ष्य में डाइटीशियन डा. अंशु मेहरा ने "बेहतर जीवन और बेहतर भविष्य के लिए भोजन का अधिकार" शीर्षक पर कार्यशाला में व्याख्यान दिया। उन्होंने संतुलित आहार की उपयोगिता बताते हुए किशोरावस्था, हार्मोनल बदलाव और आहार संबंधी पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए। अंतर महाविद्यालय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में इस्माईल कालेज की छात्रा वंशिका ने प्रथम, आरजी कालेज की इकरा नेहूसरा और आरजी की ही सानिया तृतीय रहीं। प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक ने पुरस्कृत किया। विशिष्ट अतिथि डा. सोनिका चौधरी, डा. मनीषा सिंघल, उपासना, डा. भावना शर्मा मौजूद रहीं।

शैक्षणिक गतिविधियां



[illegible]

HINDUSTAN-17.10.2024 PAGE NO.7

## आरजी में विश्व खाद्य दिवस पर हुई कार्यशाला



मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज मेरठ के फूड साइंस एंड क्वालिटी कंट्रोल विभाग द्वारा विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर आईएपीईएन एसोसिएशन, मेरठ चैप्टर के संयुक्त तत्वाधान में एक संवादात्मक कार्यशाला हुई। जिसमें शहर की प्रतिष्ठित डाइटीशियन डॉ. अंशु मेहरा ने बेहतर जीवन और बेहतर भविष्य के लिए भोजन का अधिकार शीर्षक पर अतिथि व्याख्यान दिया। प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक आदि मौजूद रहीं।

HINDSTAN-19.10.2024 PAGE NO.2



## आरजी कॉलेज में लगा हस्त कौशल मेला

मेरठ। आरजी पीजी गर्ल्स कालेज में दीपावली से पहले हस्त कौशल मेला और चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों की कृतियों को प्रदर्शित किया। मुख्य आकर्षणों में 13वें नेशनल एग्जीबिशन ऑफ आर्ट इंप्रेशंस चित्रकला प्रदर्शनी- 2024, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों की कृतियां जैसे क्रॉस हैचिंग के कलाकार अशोक भौमिक, बेंगलुरु से अलका चड्ढा, मध्य प्रदेश के डॉ अलका सिंह, विशाखापत्तनम से बॉबी अब्राहम समेत अनेक चित्रकारों की कृतियां प्रदर्शित हुईं।

AMAR UJALA-20.10.2024 PAGE NO.6

## हुनर हाट प्रदर्शनी में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



आरजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं। स्रोत : स्वयं

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी के निर्देशन में चल रहे तीन दिवसीय हस्त कौशल मेला हुनर हॉट एवं चित्रकला प्रदर्शनी इंप्रेशंस 2024 का शनिवार को समापन किया गया। दूसरी तरफ हुनर हॉट मेले के अंतिम दिन करवाचौथ स्पेशल में महाविद्यालय की शिक्षिकाओं ने छात्राओं से मेहंदी लगवाई। मुख्य उद्देश्य उद्यमिता, व्यावसायिक कुशलता को बढ़ावा देना है। रविंद्रनाथ क्लब की कंवीनर प्रो. अर्चना रानी, इनोवेशन काउंसिल की प्रेसिडेंट प्रो. दीक्षा यजुर्वेदी आदि मौजूद रहे। संवाद

AMAR UJALA19.10.2024 PAGE NO.7

## कृतियों में दिखा कलाकारों का हुनर



आरजी कॉलेज के कार्यक्रम में प्रतिभागी और अतिथि। स्रोत : संस्था

मेरठ। आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज में हस्त कौशल मेला और चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी के निर्देशन में कृतियों को प्रदर्शित किया गया। क्रॉस हैचिंग के कलाकार अशोक भौमिक, बेंगलुरु से अलका चड्ढा, मध्य प्रदेश के डॉ अलका सिंह, विशाखापत्तनम से बॉबी अब्राहम, पंजाब से डॉ. प्रेम सिंह, हैदराबाद के चित्रकार विजय एम ढोरे, हरियाणा के प्रो. संजय गुप्ता, मध्य प्रदेश उज्जैन से मुकेश बिजौली, मणिपुर से संतोष कुमार की कृतियां प्रदर्शित की गईं। संवाद

DAINIK JANVANI-22.10.2024 PAGE NO.5

## नेविगाटिंग कॅरिअर पाथ इन केमिस्ट्री पर कार्यशाला का आयोजन



मेरठ: सोमवार को रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग मे रसायन परिषद के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने दीप प्रज्ज्वलन करके किया। कार्यक्रम दो सत्रों मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम रसायन परिषद का गठन किया गया। जिसमें छात्राओं को बेजिज प्रदान किये गये तथा दूसरे सत्र मे एल्युमनी इंगेजमेंट इनिशिऐटिव इन आई क्यू ए सी के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भी हुआ। जिसका विषय नेविगाटिंग कॅरिअर पाथ इन केमिस्ट्री रहा। कार्यशाला की मुख्य वक्ता डा. वैशाली पूनिया रही। डा. वैशाली ने अपने वक्तव्य द्वारा छात्राओं को समझाया कि कैसे अच्छे कम्युनिकेशन स्किल्स मौखिक व लिखित दोनों ही आपके करिअर में बहुत आवश्यक हैं। मुख्य वक्ता ने परीक्षा में रसायन विषय को पढने व लिखने में उपयुक्त होने वाले तकनीकी सूत्रों से छात्राओं को अवगत कराया। डा. पूनिया ने आईआईटी में परास्नातक में प्रवेश के लिये जैम परीक्षा व परास्नातक के बाद शोध में प्रवेश के लिये जेआरएफ की परीक्षा के लिये महत्वपूर्ण बिंदुओं को समझाया।

DAINIK JANVANI-24.10.2024 PAGE NO.7

## चित्रकला विभाग की पांच छात्राओं ने मारी बाजी



मेरठ: रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज की चित्रकला विभाग की छात्राओं ने नेट की परीक्षा को उत्तीर्ण कर महाविद्यालय को गौरव प्रदान किया। बता दे कि विभाग द्वारा चलायी गई ऑनलाइन कक्षाएं 22 सितंबर से शुरू हुई थी। जो लगभग दो माह तक चली। ऑनलाइन कक्षाओं की संयोजिका प्रो. अर्चना रानी ने छात्राओं को बधाई दी एवं सह संयोजिका डा. गरिमा कुमारी ने छात्राओं की प्रशंसा की। प्रो. अर्चना ने बताया कि उनके संरक्षण में पुरातन छात्राओं एवं शोधार्थियों ने जिनमें शबाहत अंसारी, अंजलि यादव, निधि तेवतिया, मीनू, वर्षा भारती और ललिता उपाध्याय ने अपने पारंगत विषयों को पढ़ाकर कक्षाओं को सायंकाल में लिया। जिसका प्रमाण है पांच छात्राओं हिमांशी, ईशा, मानसी तोमर, निधि, रोशनी ने परीक्षा में उत्तीर्ण की।

HINDUSTAN-24.10.2024 PAGE NO.10

## औषधीय पौधों का रोपण

मेरठ। आरजी कॉलेज में बॉटनी की विभागाध्यक्षा रही डॉ. मीनू गुप्ता ने बुधवार को क्लब-60 को औषधीय पौधे प्रदान किए। क्लब-60 के महेश रस्तोगी ने बताया कि नई पीढ़ी को भारत की प्राचीन वनस्पति के महत्व से परिचित कराने की मुहिम चल रही है। इसके तहत कायाकल्पतुंडी जिसका रस लगाने से तिल एवं मस्से साफ हो जाते हैं। हडजोड़ जिसका लेप लगाने से टूटी हुई हड्डी जुड़ जाती है। पौधे शास्त्रीनगर के एच ब्लॉक स्थित टैगोर पार्क में लगाये गये हैं। इस पार्क में इलायची, सन्तरा, मौसमी, अंजीर, चन्दन एवं रूद्राक्ष आदि के पौधे, पान की बेल पहले से ही फल फूल रही है।

## DAINIK INEXT-24.10.2024 PAGE NO.2

### डिबेट में अंजलि वंशिका और तूबा ने बाजी मारी

आरजी पीजी कालेज में पीसीएम विभाग द्वारा पीसीएम संगठन का उद्घाटन एवं अलंकरण समारोह एवं बेहतर गणित बनाम विज्ञान विषय पर डिबेट शो का आयोजन बुधवार को किया गया. डिबेट शो में छात्राओं ने टीम बनाकर विषय की श्रेष्ठता बताई. विज्ञान टीम के छात्राओं ने दैनिक जीवन में अपने विषय के महत्व जैसे चिकित्सा विज्ञान, रसायन विज्ञान, फार्मास्यूटिकल्स के क्षेत्र सहित दैनिक जीवन में उपयोग की जाने वाली विभिन्न मशीनों के बारे में बताया. जबकि गणित टीम ने अपने विषय के महत्व का समझाया. डिबेट शो में अंजलि, वंशिका शर्मा और तूबा चांद विजयी रही. अंत में पिछले वर्ष विभाग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रगति पाल एवं दूसरे स्थान पर रही ख्याति राणा को सम्मानित किया गया. प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक, प्रो. कल्पना चौधरी, हिमानी चौधरी और डॉ. रेनू नरेश भी उपस्थित रही.

## AMAR UJALA24.10.2024 PAGE NO.5

### पांच छात्राओं ने पास किया नेट

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज की चित्रकला विभाग की छात्राओं ने नेट उत्तीर्ण कर महाविद्यालय को गौरव प्रदान किया। प्रो. अर्चना के संरक्षण में उनकी पुरातन छात्राओं एवं शोधार्थियों शबाहत अंसारी, अंजलि यादव, निधि नेवतिया, मीनू, वर्षा भारती और ललिता उपाध्याय ने अपने-अपने चयनित विषयों को पढ़ाकर इन कक्षाओं को शाम के समय लिया। पांच छात्राओं हिमांशी, इशा, मानसी तोमर, निधि एवं रोशनी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। संवाद

## AMAR UJALA25.10.2024 PAGE NO.5

### माइक्रो प्लास्टिक से शिशु के विकास पर भी असर

संवाद न्यूज एजेंसी



आरजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल छात्राएं। संवाद

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज के वसुधा इको क्लब, प्लांट कंजर्वेशन सोसायटी एवं जागरूक नागरिक संगठन के संयुक्त तत्वाधान में माइक्रो प्लास्टिक के प्रति जागरूक करने के लिए व्याख्यान किया गया। इसमें मुख्य संदर्भदाता गिरीश शुक्ला और डॉ. एके शुक्ला ने कहा कि माइक्रो प्लास्टिक के कण पेट में जाने से शिशु के विकास पर भी असर पड़ता है। उन्होंने इसके अन्य दुष्प्रभाव भी बताए।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने दीप जलाकर किया गया। इसके बाद संयोजिका डॉ. गरिमा मलिक और कन्वीनर प्रो. कल्पना चौधरी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसके बाद गिरीश शुक्ला ने कहा कि प्लास्टिक इंसान के लिए मुसीबत बन गया है। एक अध्ययन के अनुसार गर्भनाल के प्रत्येक ऊतक में 6.5 और 7.90 माइक्रोग्राम माइक्रो प्लास्टिक मिले हैं। कार्यक्रम में वसुधा इको क्लब की को इंचार्ज प्रो. सुनीता एवं अन्य सदस्य निर्लेप कौर, डॉ. अनुपमा सिंह, डॉ. गीता मौजूद रहे।

## HINDUTAN-25.10.2024 PAGE NO.8



### इंसान के लिए मुसीबत बन गया प्लास्टिक

मेरठ। आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज के वसुधा इको क्लब, प्लांट कंजर्वेशन सोसायटी एवं जागरूक नागरिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में माइक्रो प्लास्टिक अवेयरनेस पर व्याख्यान हुआ। एसोसिएशन महासचिव गिरीश शुक्ला ने कहा कि कभी जीवन को सरल बनाने के लिए ईजाद किया गया प्लास्टिक आज इंसान की मुसीबत बन गया है। मेजर सुनील शर्मा, एसपी सिंह, प्राचार्या डॉ. निवेदिता मलिक, डॉ. गरिमा मलिक, प्रो. कल्पना चौधरी, प्रो. अनुपमा सिंह, डॉ. एके शुक्ला, प्रो. सुनीता, निर्लेप कौर, डॉ. अनुपमा सिंह आदि मौजूद रहीं।

## AMAR UJALA-27.10.2024

### नृत्य प्रस्तुतियों में दिखाई कई राज्यों की झलक



आरजी कॉलेज में टेंट का निरीक्षण करतीं अतिथि। स्रोत: स्वयं

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के बीएड विभाग में शनिवार को बालिकाओं के लिए चल रहे गाइड कैप्टन कोर्स शिविर का समापन हो गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने शिविर में सीखे कौशल का प्रदर्शन किया। वहीं, छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से विभिन्न राज्यों की झलक पेश की। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने टेंट का निरीक्षण किया और छात्राओं के प्रदर्शन को सराहा। इस दौरान छात्राओं ने पाक कला में भी हुनर दिखाया। बीएड विभाग प्रभारी डॉ. अनुपमा सिंह ने सभी का आभार जताया। संवाद





# Camp Off

रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के बीएड विभाग के द्वितीय वर्ष का परिचयात्मक स्काउट गाइड कैम्प कोर्स शिविर का समापन हो गया. शिविर समापन समारोह में छात्राओं ने शिविर में सीखे गए कौशलों का प्रदर्शन किया. समारोह की मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रोफेसर निवेदिता कुमारी ने समारोह का उद्घाटन किया एवं छात्राओं द्वारा लगाए गए टेंट का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने अपने अभिभाषण में छात्राओं के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें अपने जीवन में अनुशासन लाने की प्रेरणा दी

Shubham





Minakshi, Anupama



Rupanshi, Aashika







Seema, Seema

Priya


**INVITE**

If you are throwing a party, celebrating any festival or mounting an exhibition, we will report it. Call us at 9817488085 or mail at




Swati

## DAINIK INEXT-27.10.2024 PAGE NO.5




आरजी पीजी कालेज के बीएड विभाग द्वारा शनिवार को परिचय गाइड कैप्टन कोर्स शिविर का समापन किया गया. प्राचार्य डॉ. निवेदिता कुमारी ने छात्राओं द्वारा लगाए गए टेंट का निरीक्षण किया और प्रदर्शन की सराहना की.

## HINDUSTAN-6.11.2024 PAGE NO.7

### श्री राम के जीवन पर विशेष चित्रकला कार्यशाला



मेरठ। आरजी पीजी कालेज के चित्रकला विभाग द्वारा भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र पर एक विशेष चित्रकला कार्यशाला आयोजित की गई। प्राचार्या डॉ. निवेदिता कुमारी के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज और रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज की छात्राओं ने प्रतिभागिता की। इस दौरान इस्माईल नेशनल पीजी कॉलेज की चित्रकला विभाग की असिस्टेंट प्रो. डॉ. दिशा दिनेश, वर्णिका, साहिबा मेवाती आदि मौजूद रहे।

## AMAR UJALA-7.11.2024 PAGE NO.2

### अदिति ने दिया सबसे अच्छा भाषण

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज की परिवहन सुरक्षा समिति के तत्वावधान में 'आधुनिक भारत में सड़क सुरक्षा-एक चुनौती' विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई। उन्होंने डब्ल्यूएचओ द्वारा बताए गए सड़क दुर्घटना से होने वाले मृत्यु दर के आंकड़े भी प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अदिति सोनकर, द्वितीय स्थान पर शिवानी और तृतीय स्थान पर लिपाक्षी रहीं। इस दौरान प्रो. मंजुलता, डॉ. मनीषा सिंघल, डॉ. चिंकी उपाध्याय, डॉ. उपासना सिंह और डॉ. सीमा अग्रवाल मौजूद रहीं। संवाद



प्रतियोगिता में विचार रखती छात्रा। संवाद

## DAINIK JAGRAN-7.11.2024 PAGE NO.4

### भाषण प्रतियोगिता में अदिति सोनकर प्रथम

मेरठ: आरजी पीजी कालेज में 'आधुनिक भारत में सड़क सुरक्षा एक चुनौती' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बीए की अदिति सोनकर प्रथम, बीए की शिवानी दूसरे और एमए की लिपाक्षी व शिवानी धामा तीसरे स्थान पर रहीं। छात्राओं ने कहानियों व कविताओं के माध्यम से विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि एक छोटी सी लापरवाही से व्यक्ति की पूरी जिंदगी प्रभावित हो सकती है। वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए। छात्राओं ने डब्ल्यूएचओ के द्वारा जारी सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु के आंकड़े भी पेश किए। नोडल अधिकारी डा. मनीषा सिंघल, प्रो. मंजुलता, डा. चिंकी उपाध्याय, डा. उपासना सिंह मौजूद रहीं।

## DAINIK INEXT-8.11.2024 PAGE NO.3

### पोस्टर प्रतियोगिता में सुमैय्या अव्वल



आरजी पीजी कालेज में गुरुवार को परिवहन सुरक्षा समिति द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसका विषय सड़क सुरक्षा रहा. इसमें छात्राओं द्वारा विषय से संबंधी पोस्टर तैयार किए गए. छात्राओं ने ट्रैफिक संबंधी विभिन्न चिह्नों का प्रयोग करते हुए सड़क सुरक्षा से संबंधित नियम एवं कानून को आकृतियों के माध्यम से प्रस्तुत किया. जिसमें शराब पीकर गाड़ी न चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करना, कम उम्र के किशोर किशोरियों द्वारा वाहन का प्रयोग न करना, हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग करना, ईयरफोन का प्रयोग न करना, हमेशा पैदल बाईं ओर चलना, जेबरा क्रासिंग का प्रयोग करना, ट्रैफिक चिन्हों पर ध्यान देना प्रमुख रहे. प्रतियोगिता में सुमैय्या प्रथम, अक्सा दूसरे और शिवानी चौधरी तीसरे स्थान पर रही.

**DAINIK INEXT-9.11.2024 PAGE NO.5**

## क्विज प्रतियोगिता में अक्षरा प्रथम



**MEERUT** : आरजी पीजी कालेज में शुक्रवार को परिवहन सुरक्षा समिति द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसका विषय रहा सड़क सुरक्षा रहा. इसमें छात्राओं से सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गए. जिसका उद्देश्य छात्राओं को सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक करना था. प्रतियोगिता में अक्षरा प्रथम, जैनब दूसरे और आकांक्षा तीसरे स्थान पर रही. प्रो.मंजूलता, डा. मनीषा सिंघल, डा. विक्की उपाध्याय, डा. उपासना सिंह और डा. सीमा अग्रवाल भी उपस्थित रही.

**DAINIK JAGRAN-10.11.2024 PAGE NO.II**



आरजी पीजी कालेज में शनिवार को आइक्यूएसी एवं एनआइआरएफ समिति द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय एनआइआरएफ को समझना संस्थागत उत्कृष्टता के लिए इसकी रूपरेखा, महत्व और प्रमुख प्रदर्शन मैट्रिक्स को समझना रहा। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने कार्यशाला का उद्देश्य बताया। मुख्य वक्ता राहुल अबरोल ने एनआइआरएफ की महाविद्यालयों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर रैंक प्राप्त करने की महत्ता को बताया॰ जागरण

**AMAR UJALA-9.11.2024 PAGE NO.8**

## छात्राओं ने नेट, सीटीईटी में बाजी मारी

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनईटी) और जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) 2024 की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाली छात्राओं ने संस्था का नाम चमकाया। प्राचार्य डा. निवेदिता मलिक ने छात्राओं को सराहा। इसमें इंशा, निधि, मानसी तोमर, रोशनी, ऋतु गुप्ता, भावना यादव, राजनीति विज्ञान की सोनम और कामना, इतिहास विषय की रागिनी सिंह, शिक्षाशास्त्र की अन्नू, ओजस्वी, साक्षी कौशिक, रेशमा, लखो जहरा, स्वाति पंवार, ईशा चौधरी शामिल रहीं। संवाद

**AMAR UJALA-10.11.2024 PAGE NO.4**

## एनआईआरएफ की कार्यशाला का आयोजन

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी के संरक्षण में आईक्यूएसी और एनआईआरएफ समिति के तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के प्रथम सत्र में राहुल अबरोल ने सभी को नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) की महाविद्यालयों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर रैंक प्राप्त करने की महत्ता को बताया। उन्होंने बताया कि एनआईआरएफ में बीएड तथा एमएड विभाग को इसमें शामिल नहीं किया जाता। इसी में आर्थिक स्रोत भी महत्वपूर्ण है। संवाद

**AMAR UJALA-12.11.2024 PAGE NO.5**

# बच्चों को नवाचार के साथ शिक्षा दिलाएं : प्रो. संजीव



आरजी कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में भाग लेतीं शिक्षिकाएं व छात्राएं। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के बीएड विभाग में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया। कॉलेज की प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्य वक्ता प्रो. संजीव महाजन ने कहा कि बच्चों को नवाचार से जोड़कर शिक्षा दिलाएं। इस दौरान माला सिंह ने पपेट के माध्यम से साइंस पर स्वरचित गीत प्रस्तुत किया। डॉ. कौसर जहां ने बच्चों को नए तरीके से पढ़ाने के लिए प्रेरित किया।



प्रो. संजीव

कार्यक्रम के समापन पर बीएड विभाग की इंचार्ज डॉ. अनुपमा सिंह ने सभी का आभार जताया। संचालन डॉ. शुभम त्यागी ने किया।

DAINIK INEXT-12.11.2024 PAGE NO.5

# शिक्षा के सही माध्यम का चुनाव जरूरी



[illegible]

HINDUSTAN 12.11.24 PAGE NO.6

## आरजी कालेज में मना राष्ट्रीय शिक्षा दिवस

[illegible]

DAINIK INEXT-13.11.2024 PAGE NO.3

## नारी सुरक्षा व मिशन शक्ति पर सुनाई कविता

[illegible]

HINDUSTAN-13.11.2024 PAGE NO.2

## स्वरचित कविता पाठ का आयोजन हुआ

[illegible]

AMAR UJALA-13.11.2024 PAGE NO.6

## कौशल विकास के लिए प्रेरित किया

[illegible]

AMAR UJALA-17.11.2024 PAGE NO..

## छात्राओं के अकादमिक प्रदर्शन की जानकारी दी

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज के पीजी वनस्पति विज्ञान विभाग में शनिवार को प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक के निर्देशन में अभिभावक शिक्षक बैठक हुई। मीडिया प्रभारी प्रो. सुनीता सिंह और डॉ. पूनम लता सिंह ने बताया कि पीजीभिन्न में एमएससी बॉटनी प्रथम वर्ष द्वितीय वर्ष की छात्राओं के माता-पिता को कॉलेज में छात्राओं के अकादमिक प्रदर्शन की जानकारी दी गई। संवाद

DAINIK INEXT-17.11.2024 PAGE NO.3

## छात्राओं के प्रदर्शन की जानकारी

आरजी पीजी कालेज के वनस्पति विज्ञान विभाग में शनिवार को अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया. इसमें एमएससी बाटनी प्रथम और द्वितीय वर्ष की छात्राओं के माता-पिता को छात्राओं के अकादमिक प्रदर्शन की जानकारी के लिए बुलाया गया. विभाग की शिक्षिकाओं ने छात्राओं और अभिभावकों से संवाद किया. डा. गरिमा मलिक, डा. गीता सिंह और डा. मधु मलिक भी उपस्थित रहीं.

DAINIK JAGRAN-20.11.2024 PAGE NO.4

# ये दूसरा कोरोनाकाल ... जब हवा से बचने को घरों में रहना पड़ा : डा. जोशी

आरजी पीजी कालेज में सेमिनार को पर्यावरण विद पद्मभूषण डा. अनिल जोशी ने किया संबोधित





आरजी पीजी कालेज में आयोजित सेमिनार को संबोधित करते पर्यावरणविद पद्मभूषण डा. अनिल प्रकाश जोशी व मौजूद लोग ● जागरण

जागरण संवाददाता, मेरठ : वायुमंडल में भयावह धुंध और प्रदूषण से पर्यावरणविद पद्मभूषण डा. अनिल जोशी ने कहा कि प्राणवायु कही जाने वाली हवा प्राण लेने को तैयार है। मेरठ से लेकर दिल्ली तक लोगों की सांस अटक रही है। यह दूसरे कोरोनाकाल की शुरुआत है, जिसमें लोगों को हवा से बचने के लिए घरों में बंद रहना पड़ रहा है।

**विकास इतना विनाशी होगा, कल्पना नहीं थी :** 'पर्यावरण संकट और विकासशील अर्थव्यवस्था : चुनौतियां, रणनीतियां और समाधान' विषय पर आरजी पीजी कालेज में मंगलवार को आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में डा. अनिल जोशी ने कहा कि विकास इतना विनाशी होगा, इसकी कल्पना नहीं थी। पिछले 50 वर्ष में हुए बदलाव और नुकसान का अंतर नई पीढ़ी समझ नहीं पा रही। यूरोप में लोग साफ सुथरे वातावरण में पैदा होते हैं तो उनके संस्कार भी वैसे ही होते हैं। हमारे यहां कूड़े के ढेर के आसपास पैदा होने और पलने-बढ़ने वाले बच्चे कूड़े के ढेर को ही पहाड़ समझ लेते हैं।

**प्रकृति के करीब हैं महिलाएं, वो निभाएं भूमिका :** डा. जोशी ने कहा कि महिलाएं जिस तरह घर सुरक्षित व साफ सुथरा रखती हैं, उसी तरह एकजुट हो जाएं तो देश भी साफ सुथरा होगा। कहा कि प्रकृति की शक्ल महिलाओं से ही मिलती है। वह प्रतिक्रिया देर से देती हैं। पृथ्वी ने भी देर से प्रतिक्रिया दी है। युवा अब विज्ञानी सभ्यता नहीं, विज्ञापनी सभ्यता के पीछे भाग रहे हैं। इसीलिए नैतिकता और विवेक शून्य हो चुका है।

**सरकार को बड़े व कड़े निर्णय लेने होंगे :** डा. जोशी ने कहा कि विकास से ही समृद्धि मिलेगी। सरकार को बड़े व कड़े निर्णय लेने होंगे। सरकार के मन में यह डर नहीं आना चाहिए कि लोग नाराज हो जाएंगे। नदियों के पानी पर लड़ाई हो रही है। होना यह चाहिए कि जो नदी में सबसे अधिक पानी जोड़े, वह उतना इस्तेमाल कर सके।

**इकोनामी व इकोलोजी साथ-साथ लेना होगा :** डा. जोशी ने कहा कि शिक्षा अब केवल पैकेज के लिए हो रही है। इकोनामी और इकोलोजी को साथ लेकर नहीं बढ़े तो मुश्किल और बढ़ेगी। ग्रास एनवायरनमेंट प्रोडक्ट की अवधारणा को समझाते हुए कहा कि वैज्ञानिक चांद, मंगल और सूर्य तक पहुंचने की बातें करने लगे लेकिन हम पृथ्वी को ही नहीं समझ पा रहे।

**2023 शताब्दी का सबसे गर्म साल : डिंपल विज :** तकनीकी सत्र में प्रोफेसर डिंपल विज ने बताया कि 2024 की क्लाइमेट रिस्क लैंडस्केप रिपोर्ट के अनुसार 2023 इस शताब्दी का सबसे गर्म साल रहा। प्रोफेसर मोनिका कौल ने अर्बन फारेस्ट विकसित कर कार्बन सिंक की तरह एयर क्वालिटी को बेहतर करने की जानकारी दी। प्राचार्य निवेदिता कुमारी ने अतिथियों का अभिनंदन व प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए। अर्थशास्त्र विभाग, वसुधा ईको क्लब, प्लांट कंजर्वेशन सोसायटी व जागरूक नागरिक एसोसिएशन का सहयोग रहा।

DAINIK JANVANI-20.11.2024 PAGE NO.9

# प्रकृति के संरक्षण में महिलाओं की भूमिका अहम: डा. जोशी

## आरजी पीजी कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग, वसुधा इको क्लब, प्लांट कंजर्वेशन सोसायटी व जागरूकता एसोसिएशन का कार्यक्रम





● जनवाणी संवाददाता, मेरठ

रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग, वसुधा इको क्लब, प्लांट कंजर्वेशन सोसायटी एवं जागरूक नागरिक संगठन द्वारा पर्यावरण संकट एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाएं: चुनौतियां, रणनीतियां और समाधान विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पद्म भूषण, पद्मश्री डा. अनिल जोशी, विशिष्ट अतिथि, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के पूर्व अतिरिक्त निदेशक, डा. एसके त्यागी, जागरूक नागरिक संगठन के सचिव गिरीश शुक्ला एवं प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सेमिनार का संचालन प्रो. दीक्षा चतुर्वेदी द्वारा किया गया। सेमिनार की थीम की प्रासंगिकता पर सेमिनार की संयोजिका प्रो. [illegible] द्वारा प्रकाश डाला गया।

मुख्य अतिथि पद्म विभूषण एवं पद्मश्री से अलंकृत डा. अनिल जोशी द्वारा ग्राम एनवायरमेंट प्रोडक्ट (जीईपी) एवं जीडीपी की अवधारणा को समझाया गया। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर जल संकट, वायु प्रदूषण का संकट, बायोडायवर्सिटी का संरक्षण गंभीर समस्या बन चुके हैं। इसके लिए शोधार्थियों एवं महिलाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। महिलाएं सन्तोटास्कर होती है। महिलाओं द्वारा समय पर आवाज उठाने पर अलग प्रभाव पड़ता है। अपने स्तर पर जल जमीन एवं जंगल के संरक्षण से हम अधिकतर पर्यावरणीय संकटों का नियंत्रण कर सकते हैं। डा. विज ने बताया कि 2024 की क्लाइमेट रिस्क लैंडस्केप रिपोर्ट के अनुसार 2023 इस शताब्दी का सबसे गर्म साल रहा है। डा. राजपाल त्यागी ने भारतीय अर्थव्यवस्था में वायु प्रदूषण के संकट से उत्पन्न चुनौतियां पर नियंत्रण करने वाली रणनीति के विषय में विस्तृत चर्चा की। एक दिवसीय सेमिनार में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा 60 से अधिक शिक्षकगण, शोधार्थियों द्वारा पेपर प्रेजेंटेशन किया गया। एक स्मारिका पत्रिका का विमोचन किया गया। सेमिनार के अंतिम सत्र में प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी द्वारा अतिथियों को सम्मान प्रतीक एवं प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट दिए गए। इस मौके पर प्रो. सुनीता सिंह, प्रो. कल्पना चौधरी, डा. गरिमा मलिक, डा. छाया तेवतिया, निर्लेप कौर, डा. ममता, डा. बबीता, संयोगिता, अनामिका, डा. शैलजा, डा. सुनीता सिंह, गरिमा कुमारी, हिना यादव, डा. नलिनी, डा. गीता, प्लांट कंजर्वेशन सोसायटी एवं वसुधा इको क्लब के सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

# जहरीली हवा से संकट में प्राण एक और कोविड की आहट

## आधी दिल्ली में लॉकडाउन जैसे हालात, मेरठ में भी स्कूल बंद

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। पर्यावरणविद पद्मभूषण एवं पद्मश्री डॉ. अनिल जोशी ने कहा कि प्रकृति के साथ छेड़छाड़ का असर दिखने लगा है। जहरीली हवा से लोगों के प्राण संकट में हैं, ऐसे में एक और कोविड की आहट दिख रही है।



डॉ. अनिल जोशी

ये बातें उन्होंने मंगलवार को आरजी पीजी कॉलेज में आयोजित सेमिनार में कहीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की स्थिति गंभीर है। मेरठ भी उसी रास्ते पर है। यदि समय से नहीं चेते तो एक और कोविड की दस्तक होगी। फिर लॉकडाउन जैसे हालात होंगे। सेमिनार का विषय पर्यावरण संकट एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाएं : चुनौतियां, रणनीतियां और समाधान रहा।

इससे पहले मुख्य अतिथि डॉ. अनिल जोशी, विशिष्ट अतिथि सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के पूर्व अतिरिक्त निदेशक डॉ. एसके त्यागी, जागरूक नागरिक संगठन के सचिव गिरीश शुक्ला और प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने शुभारंभ किया।



आरजी पीजी कॉलेज में आयोजित सेमिनार में शामिल शिक्षक, छात्राएं व अतिथि। संवाद

### इस शताब्दी का सबसे गर्म साल रहा वर्ष-2023

तकनीकी सत्र में प्रो. डिंपल विज प्राचार्य एकेपी कॉलेज खुर्जा ने जलवायु परिवर्तन और अर्थव्यवस्था प्रभाव रणनीतियां एवं समाधान विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि 2024 की क्लाइमेट रिस्क लैंडस्केप रिपोर्ट के अनुसार 2023 इस शताब्दी का सबसे गर्म साल रहा है। इसी क्रम में विषय विशेषज्ञ प्रो. मोनिका कौल वनस्पति विज्ञान विभाग हंसराज कॉलेज दिल्ली ने शहरी क्षेत्र में किस प्रकार अर्बन फॉरेस्ट विकसित किया जा सकता है और कार्बन किस तरह एयर क्वालिटी को बेहतर करने में किस प्रकार सहायक हो सकता है। दूसरे तकनीकी सत्र में मोदीनगर से डॉ. राजपाल त्यागी ने वायु प्रदूषण को लेकर पैदा होने वाली चुनौतियों पर चर्चा की। सेमिनार में 400 से अधिक प्रतिभागी, 60 से अधिक शिक्षक, शोधार्थी ने पेपर प्रस्तुत किए। इस दौरान प्रो. सुनीता, प्रो. कलपना, डॉ. गरिमा, डॉ. छाया तेवतिया, निर्लेप कौर, डॉ. ममता, डॉ. बबिता, संयोगिता, अनामिका, डॉ. शैलजा, डॉ. सुनीता सिंह, गरिमा कुमारी आदि मौजूद रहे।





आरजी पीजी कालेज के वाणिज्य विभाग और आशा संस्था के बीच डिपार्टमेंट ऑफ कामर्स में इंटर्नशिप के लिए शुक्रवार को एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। जिसके अंतर्गत वाणिज्य विभाग में आशा संस्था द्वारा असिस्टेंटशिप [illegible] पर इंटर्नशिप का आयोजन किया गया। आशा संस्था की डा. रेखा राणा ने छात्राओं को विषय की जानकारी दी। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने कहा कि इस हस्ताक्षर समझौते से छात्राओं को आगे बढ़ने में सहायता मिलेगी। प्रो. [illegible] चौधरी व डा. वत्सला ओबराय उपस्थित रहीं। सौ. कालेज प्रबंधन

HINDUSTAN-24.11.2024



## वार्ता श्रृंखला का आयोजन हुआ

मेरठ। आरजी पीजी गर्ल्स कालेज में समाजशास्त्र संघ के तत्वाधान में वार्ता श्रृंखला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. निवेदिता कुमारी ने की। वार्ताकार प्रो. सुनील कुमार, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, असिस्टेंट प्रो. जोगेंद्र गवर्नमेंट कॉलेज रायपुर रानी पंचकूला, प्रो. सुमन, प्राचार्य कानपुर कॉलेज ने लैंगिक संवेदनशीलता के विभिन्न आयामों पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. अनु रस्तोगी, प्रो. अंजुला राजवंशी, प्रो. रजनी श्रीवास्तव, प्रो. मंजुलता, अबुल जहां, खुशबू, सीपाक्षी, आंचल, रितु चौधरी, शिवानी आदि रहे।

DAINIK INEXT-24.11.2024 PAGE NO.4

## माता पिता पुत्र पुत्री में न करे भेदभाव

आरजी पीजी कालेज के समाजशास्त्र विभाग में समाजशास्त्र संघ द्वारा अतिथि वार्ता का आयोजन किया गया. जिसमें कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के प्रो. सुनील कुमार और गवर्नमेंट कालेज रायपुर रानी पंचकूला के असिस्टेंट प्रो. जोगेंद्र ने लैंगिक संवेदनशीलता के विभिन्न आयाम पर अपने विचार रखें. प्रो. सुनील कुमार ने लैंगिक असमानता की वृद्धि में इंटरनेट मीडिया के प्रभाव पर अपने विचार रखते हुए लैंगिक भेदभाव को दूर करने के लिए समाजीकरण पर जोर दिया. असिस्टेंट प्रो. जोगेंद्र ने शिक्षा लैंगिक भेदभाव को दूर करने में विशेष सहायता प्रदान करती है. प्रो. सुमन ने परंपरा और रूढ़ियों को लैंगिक विसमता का कारण बताया. प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमार, विभागाध्यक्ष प्रो. अनु रस्तोगी, प्रो. अंजुला राजवंशी भी उपस्थित रही.

DAINIK JAGRAN-24.11.2024 PAGE NO.11

## लैंगिक असमानता के लिए व्यक्तिगत दृष्टिकोण में परिवर्तन जरूरी

मेरठ : आरजी पीजी कालेज के समाजशास्त्र विभाग में समाजशास्त्र संघ द्वारा अतिथि वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रो. सुनील कुमार और गवर्नमेंट कालेज रायपुर रानी पंचकूला के अस्सिटेंट प्रो. जोगेंद्र ने लैंगिक संवेदनशीलता के विभिन्न आयाम पर अपने विचार रखें। प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि माता-पिता को प्रारंभ से ही पुत्र-पुत्री के पालन पोषण में विभेद नहीं करना चाहिए।



**छात्राओं ने वोटर बनने के लिए किया आवेदन** : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में इलेक्ट्रोरल लिट्रेसी क्लब द्वारा शनिवार को जिले की मतदाता सूची में नाम शामिल करवाने के लिए शिविर लगाया गया। शिविर में छात्राओं ने वोटर बनने के लिए फार्म छह भरकर आवेदन किया। प्राचार्य प्रो. अनिता राठी और नोडल अधिकारी डा. एकता चौधरी ने छात्राओं को मतदान संबंधी अधिकारों के लिए जागरूक किया। शिविर में 35 छात्राओं ने वोटर बनने के लिए आवेदन किया। अरुण कुमार, शिव चरण और निखत उमैरा भी उपस्थित रहीं।

AMAR UJALA-26.11.2024 PAGE NO.6

## सामाजिक कार्यों के लिए हुआ अनुबंध



आरजी कॉलेज में समझौता पत्र दिखातीं शिक्षिका। स्रोत : स्वयं

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग और शुभम रस्तोगी मेमोरियल सोसाइटी के बीच सामाजिक कार्यों के प्रशिक्षण के लिए अनुबंध समझौता किया गया है। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी और सोसाइटी अध्यक्ष डॉ. पल्लवी रस्तोगी के बीच अनुबंध की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान प्रो. अनु रस्तोगी, मेजर प्रो. अंजुला राजवंशी, प्रो. रजनी श्रीवास्तव, प्रो. मंजु लता, डॉ. गीतिका सिंघल सहित अन्य उपस्थित रहे। संवाद

AMAR UJALA-27.11.2024 PAGE NO.5

# वन्य जीवों का संरक्षण कर बनाएं कॅरिअर

## आरजी कॉलेज में वन विभाग की ओर से कराया गया नेचर फेस्टिवल का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। विश्व प्रकृति निधि के डॉ. अमान ने कहा कि वन्य जीवों का संरक्षण और उनके जीवन से जुड़कर भी युवा कॅरिअर बना सकते हैं। युवा डॉल्फिन, कछुओं, घड़ियाल और मगरमच्छ आदि के संरक्षण के लिए आगे आएं।

मंगलवार को आरजी पीजी कॉलेज में वन विभाग और जिला गंगा समिति की ओर से कराए गए नेचर फेस्टिवल में उन्होंने यह बात कही। डीएफओ राजेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को वन्य एवं वन्य जीव क्षेत्र, पर्यावरणीय क्षेत्र, वाइल्ड लाइफ क्षेत्र में कॅरिअर की संभावनाओं के बारे में बताया। इस क्षेत्र में छात्रों ने रुचि दिखाते हुए वन विभाग के अधिकारियों से कई सवाल पूछे और इनके जवाब पाए।

कार्यक्रम का संयोजन तुषार गुप्ता जिला परियोजना अधिकारी (नमामि गंगे ) ने किया। विभिन्न सत्रों के माध्यम से पक्षी विज्ञान, गंगा की जैव विविधता, वन्य जीवन तथा वन्य क्षेत्र में कार्य कर रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के जीवन के बारे में बताया गया।




आरजी कॉलेज में वन विभाग की ओर आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि। संवाद



आरजी कॉलेज में वन विभाग की ओर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व शिक्षक। संवाद

DAINIK JAGRAN-27.11.2024 PAGE NO.4

# खुला खजाना है जंगल... इसलिए संरक्षण जरूरी

## आरजी पीजी कालेज में हुई करियर काउंसिलिंग ड्राइव में वन्य जीवन पर विशेष वार्ता

जागरण संवाददाता, मेरठ : मंगलवार को आरजी पीजी कालेज के सभागार में मेरठ नेचर फेस्टिवल के अंतर्गत करियर काउंसिलिंग ड्राइव कार्यक्रम में वन्य जीवन पर विशेष वार्ता हुई। वसुधा इको क्लब, वनस्पति विज्ञान विभाग, एकेडमिक एंड करियर काउंसलिंग सैल एवं वन विभाग द्वारा वन्य जीवन एवं वन सेवाएं विषय पर हुई इस वार्ता में मुख्य वक्ता डीएफओ राजेश कुमार ने छात्रों से आह्वान किया कि करियर उसी क्षेत्र में बनाएं जिसमें आपका पैशन हो, बिना डरे मंजिल की ओर बढ़ते रहें और अपना लक्ष्य प्राप्त करें।

इसके बाद रिसोर्स की कमी को कभी भी अपनी कमी न बनने दें। जो युवा इन तीनों बातों का ध्यान रखते हुए आगे बढ़ते हैं। उन्हें एक दिन अपनी मंजिल अवश्य मिलती है। कहा कि प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनें, प्रकृति संरक्षण के लिए सरकार द्वारा कुछ सेवाएं भी बनाई गई है। जंगल खुला खजाना है इसलिए इसका संरक्षण भी उतना ही जरूरी है। वाइल्ड लाइफ में करियर बनाने के लिए पैशन जरूरी है, क्योंकि हर दिन एक नई चुनौती का सामना करना पड़ता है।

वरिष्ठ पक्षी विज्ञान विशेषज्ञ रजत भार्गव ने कहा कि जितना हो सके, प्रकृति के साथ रहें। आज विश्व में महिलाएं उच्च स्तर की वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर हैं।

वन्य जीवन के पाठ्यक्रम के विषय में छात्र-छात्राओं को बताया तथा शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को लाइब्रेरी में इससे संबंधित पुस्तकें लाने और पढ़ने का सुझाव दिया। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के डा. अमान एवं डा. हरि मोहन मीना ने छात्रों को गंगा जैव विविधता के बारे में बताया। डा. हरि मोहन मीना ने गंगा नदी में मगरमच्छ, घड़ियाल, डाल्फिन और कछुओं का संरक्षण कैसे किया जा सकता है इसकी जानकारी दी। डा. राकेश कुमार सिंह ने बताया कि भारतीय वन विभाग के क्षेत्र में जुनून होना जरूरी है। सरकार का एक ही लक्ष्य है वन हेल्थ। जिसका अर्थ है वातावरण स्वस्थ जानवर स्वस्थ और हम स्वस्थ। आरजी पीजी कालेज, राजकीय डिग्री कालेज खरखौदा, एनएएस पीजी कालेज, जेवी कालेज बड़ौत, दीवान कालेज, मेरठ कालेज और माछरा कालेज के छात्रों ने भाग लेकर वाइल्ड लाइफ में करियर की जानकारी प्राप्त की। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी, प्रो. कल्पना चौधरी, प्रो. सुनीता, निर्लेप कौर और डा. उपासना भी उपस्थित रहीं।




वाइल्ड लाइफ विषय पर अतिथि व्याख्यान को संबोधित करते डीएफओ राजेश कुमार • जागरण

**DAINIK INEXT-28.11.2024 PAGE NO.6**

पहल आरजीपीजी कालेज में करियर कार्यशाला का आयोजन

# यूजीसी नेट और सीयूईटी पीजी के बारे में बताया

PIC: JNN



MEERUT (27 Nov, JNN): आरजीपीजी कालेज के वनस्पति विज्ञान विभाग में बुधवार को एक दिवसीय कार्यशाला करियर एंड काम्पिटेटिव एक्जाम गाइडेंस का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलाजी विभाग के असिस्टेंट प्रो. लक्ष्मण नागर रहे. प्रो. नागर ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण गुरु मंत्र दिए. उन्होंने यूजीसी-सीएसआईआर नेट, जेआरएफ परीक्षा, सीयूईटी पीजी के सिलेबस एवं परीक्षाओं की तैयारी की जानकारी दी.

## कॉलेज का नाम रोशन किया

कार्यक्रम में एमएससी वनस्पति विज्ञान विभाग की पूर्व छात्रा कुमारी तरुणा चौधरी को अतिथि के रूप में बुलाया गया. उन्होंने वर्ष 2024 में नेट यूजीसी परीक्षा उत्तीर्ण करके कालेज का नाम रोशन किया है. तरुणा चौधरी ने छात्राओं को बताया कि उन्होंने नेट जेआरएफ परीक्षा के लिए किस तरह से तैयारी की. कुमारी तरुणा को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया.

## 60 छात्राओं ने भाग लिया

प्राचार्या ने छात्राओं को विभिन्न परीक्षाओं में अच्छे प्रयासों के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम में एमएससी वनस्पति विज्ञान विभाग व जंतु विज्ञान विभाग की 60 छात्राओं ने भाग लिया. संयोजक बाटनी पीजी कोआर्डिनेटर डा. गरिमा मलिक व आयोजन डा. मधु मलिक रही. कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. गीता सिंह व डा. अनुपमा सिंह का विशेष योगदान रहा. डा. निर्लेप कौर, संयोगिता, उपासना, अनामिका, एलिना व डा नीरु उपस्थित रही.

**AMAR UJALA-28.11.2024 PAGE NO.5**

## जेआरएफ की तैयारी करने का दिया प्रशिक्षण



आरजी कॉलेज में प्रशिक्षण के दौरान मौजूद छात्राएं व अतिथि। स्रोत: स्वयं

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग में प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने छात्राओं को नेट और जेआरएफ की तैयारी करने का प्रशिक्षण दिया। डॉ. लक्ष्मण नागर ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के गुरु मंत्र के साथ ही यूजीसी-सीएसआईआर नेट, जेआरएफ परीक्षा, सीयूईटी पीजी आदि के सिलेबस तथा परीक्षाओं की तैयारी की जानकारी छात्राओं को दी। एमएससी वनस्पति विज्ञान विभाग की पूर्व छात्रा कुमारी तरुणा चौधरी को अतिथि के रूप में बुलाया। तरुणा चौधरी ने वर्ष 2024 में नेट यूजीसी परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। संवाद

**DAINIK INEXT-28.11.2024**

## आरजी में शुरू किया प्रशिक्षण शिविर



इस्माइल नेशनल महिला पीजी कालेज में बुधवार को रेंजर्स समिति के द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. महाविद्यालय की प्रोफेसर अनीता राठी ने बताया कि शिविर के पहले दिन ध्वजारोहण, शपथ ग्रहण, प्रार्थना आदि की गई. इस मौके पर सोनू कुमार, प्रशिक्षक प्रोफेसर दीप्ति कौशिक, आइक्यूएसी कार्डिनेटर डा. ममता, डा. विनेता, डा. शुभा त्रिपाठी आदि मौजूद रहे. पहले दिन रेंजर्स को झंडा बांधना, ताली बजाना, शिविर के नियम परिचय आदि सबकुछ कराया गया. इस शिविर में पहले दिन 50 से अधिक रेंजर्स ने प्रतिभाग किया है.

**DAINIK INEXT-29.11.2024 PAGE NO.6**

## नारी तू सशक्त बन का संदेश दिया

आर.जी. पीजी कालेज में छात्र कल्याण परिषद द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत गुरुवार को नारी सुरक्षा विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन कालेज परिसर में किया गया. जिसमें छात्राओं द्वारा वर्तमान में घर, समाज और देश में व्याप्त महिलाओं की स्थिति एवं उनमें दिन प्रतिदिन उन पर होने वाली हिंसा को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया. नुक्कड़ नाटक में छात्राओं ने नारी सुरक्षा, नारी है क्या, मिशन शक्ति और नारी तू सशक्त बन जैसे विषयों को उजागर किया. जिसका उद्देश्य समाज में महिलाओं की स्थिति को समझने और सुधार करने के लिए प्रेरित करना रहा. जिससे समाज का सर्वांगीण विकास हो सके. संचालन डा. श्वेता त्यागी ने किया. प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी, प्रो. रेनू जैन, प्रो. अपर्णा वत्स, डा. शैलजा और डा. चिंकी उपाध्याय भी उपस्थित रही.

**DAINIK JAGRAN-29.11.2024 PAGE NO.9**



आरजी पीजी कालेज में नुक्कड़ नाटक का मंचन करती छात्राएं • सौ. कालेज प्रबंधन

## नुक्कड़ नाटक से दिया नारी तू सशक्त बन का संदेश

**जासं, मेरठ** : आरजी पीजी कालेज में छात्र कल्याण परिषद द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत गुरुवार को नारी सुरक्षा विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन कालेज परिसर में किया गया। जिसमें छात्राओं द्वारा वर्तमान में घर, समाज और देश में व्याप्त महिलाओं की स्थिति एवं उसमें दिन प्रतिदिन उन पर होने वाली हिंसा को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। नाटक में छात्राओं ने नारी सुरक्षा, नारी है क्या, मिशन शक्ति और नारी तू सशक्त बन जैसे विषयों को उजागर किया। जिसका उद्देश्य समाज में महिलाओं की स्थिति को समझने और सुधार करने के लिए प्रेरित करना रहा। संचालन डा. श्वेता त्यागी ने किया। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी, प्रो. रेनू जैन, प्रो. अपर्णा वत्स, डा. शैलजा और डा. चिंकी उपाध्याय उपस्थित रहीं।

**AMAR UJALA-30.11.2024 PAGE NO.6**

## साइबर सुरक्षा के लिए जागरूक किया

**मेरठ।** आरजी पीजी कॉलेज के वाणिज्य और कंप्यूटर साइंस विभाग की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यशाला में एनआईआईटी फाउंडेशन से कार्तिक भारद्वाज एवं नवज्योति फाउंडेशन से सोनी जैन ने बताया कि मौजूदा दौर में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में साइबर सुरक्षा बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि व्यक्तिगत जानकारी को पासवर्ड के स्थान पर पास फ्रेज बनाकर कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है। इसके साथ ही साइबर सिक्योरिटी के सिद्धांतों के बारे में बताया।

प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने भी छात्राओं को साइबर सुरक्षा के लिए जागरूक करें। कार्यक्रम में समन्वयक प्रो. नीना बत्रा, प्रो. सोनिका चौधरी, कन्वीनर दीक्षा, डॉ वत्सला ओबेरॉय व श्वेता मित्तल मौजूद रहीं। संवाद

**AMAR UJALA-29.11.2024 PAGE NO.3**

## नाटक से दिया नारी सुरक्षा का संदेश

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इसमें नारी सुरक्षा का संदेश दिया गया। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. निवेदिता ने किया। छात्राओं ने महिलाओं की स्थिति और उनके जीवन में हो रहे बदलावों को प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं जागरूक करते हैं। संचालन डॉ. श्वेता त्यागी ने किया। कार्यक्रम में प्रो. रेनू जैन, प्रो. अपर्णा, डॉ. शैलजा, डॉ. चिंकी, डॉ. स्वाति शर्मा, डॉ. ममता, डॉ. गरिमा, लक्ष्मी, हिमानी, विदुषी सहित अन्य मौजूद रहीं। संवाद

**HINDUSTAN-1.12.2024**

## आरजी कालेज-प्रधान इंस्टीट्यूट के बीच एमओयू



मेरठ। आरजी डिग्री कॉलेज और वरदान इंस्टीट्यूट आफ अल्टरनेटिव थैरेपीज एंड हीलिंग साइंसेज के बीच शनिवार को एमओयू साइन हुआ। इसके अंतर्गत दोनों ही संस्थाएं मिलकर छात्राओं की विभिन्न प्रकार की ट्रेनिंग प्रोग्राम, सर्टिफिकेट कोर्सेज का आयोजन करेंगी जिसमें छात्राओं में बढ़ती हुई मासिक धर्म से संबंधित समस्याओं का निवारण ट्रीटमेंट थेरेपी आदि से किया जाएगा। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी, डॉ. पल्लवी रस्तोगी, प्रो. सुनीता आदि रही।

**DAINIK JAGRAN-1.12.2024 PAGE NO.1**

## कैडेट्स ने दिया स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश

**मेरठ** : आरजी पीजी कालेज की एनसीसी की दोनों इकाइयों द्वारा शनिवार को शिविर लगाया गया। जिसमें दस दिवसीय शिविर की विभिन्न गतिविधियों को दस घंटे में संजोया गया। जिसमें गार्ड आफ आनर, राइफल ड्रिल, सेरेमोनियल ड्रिल, पायलेटिंग, रिपोटिंग व सैल्यूट की कक्षाएं चलीं। सीपीएल अशिका पुंडीर, कैडेट प्रज्ञा शर्मा, सीपीएल प्रियांशी राणा और सीपीएल प्राची ने वेपन ट्रेनिंग, फील्ड क्राफ्ट, बेटल क्राफ्ट, आपदा प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास और मैप रीडिंग की जानकार दी। ओपनिंग एड्रेस में प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने एक्स एसयूओ कीर्ति को कैंप कमांडेंट और एक्स एसयूओ सिमरन को डिप्टी कैंप कमांडेंट, सार्जेंट खुशी शर्मा को एडम आफिसर, एसयूओ मनु को सार्जेंट मेजर, यूओ ऋषिका को बटालियन हवलदार मेजर, यूओ अन्नू को क्वार्टर मास्टर, यूओ प्रीति वशिष्ठ को कैंप एजूटेंट व सार्जेंट खुशी सिंह को ट्रेनिंग आफिसर का पद दिया। -जासं

**AMAR UJALA-1.12.2024 PAGE NO.6**

## छात्राओं को प्रेरक फिल्म दिखाई

**मेरठ।** आरजी पीजी कॉलेज की प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी के संरक्षण में महाविद्यालय सभागार में विद्यार्थियों को नीरजा फिल्म दिखाई गई। यह सच्ची घटना पर आधारित प्रेरक फिल्म है। इस दौरान बताया गया कि फिल्म में नीरजा भनोट की कहानी है, जो एक साहसी और निडर एयर होस्टेस थी। उन्होंने 1986 में पैन एम फ्लाइट 73 के अपहरण के दौरान 359 यात्रियों की जान बचाने के लिए प्राणों की आहुति दी थी। संवाद

## DAINIK JAGRAN-3.12.2024 PAGE NO.IV



सिविल एवं रोबोटिक्स लैब के बारे में जानकारी लेती छात्राएं • सौ. कालेज प्रबंधन

### छात्राओं ने ली सिविल एवं रोबोटिक्स लैब की जानकारी

मेरठ : आरजी पीजी कालेज के वनस्पति विज्ञान विभाग की छात्राओं के लिए सोमवार को बाटनी एकेडमिक एंड कल्चरल सोसायटी द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। न्यू एजुकेशन पालिसी स्नातक वनस्पति विज्ञान पाठ्यक्रम के अंतर्गत शैक्षिक टूर आयोजित किया गया। जिसमें बीएससी की 50 छात्राओं ने भ्रमण कर दीवान वीएस इंस्टिट्यूट पहुंचकर मशीन लर्निंग, थ्रीडी प्रिंटिंग टेक्नोलाजी, रोबोटिक्स आर्म्स टेक्नोलाजी विषयों पर आयोजित व्याख्यान में भाग लिया और फ्लूइड मैकेनिक्स, सिविल एवं रोबोटिक्स लैब का भ्रमण किया। विभागाध्यक्ष निर्लेप कौर, डा. गरिमा मलिक और अनामिका भी उपस्थित रहीं। जासं

## AMAR UJALA-3.12.2024 PAGE NO.5

### पर्यावरण संरक्षण पर छात्राओं ने लिखे विचार



पर्यावरण संरक्षण पर विचार रखतीं वक्ता। संवाद

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में सोमवार को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर 'प्रदूषण के प्रति नवीन दृष्टिकोण' वैश्विक पर्यावरणीय मुद्दों का समाधान' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों से 50 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक व पीसीएम विभाग की समन्वयक प्रो. कल्पना चौधरी ने किया। आयोजन सचिव डॉ. पूजा गुप्ता ने सभी को धन्यवाद दिया। प्रतियोगिता का परिणाम बाद में घोषित किया जाएगा। संवाद

## AMAR UJALA-4.12.2024 PAGE NO.4

### पंचकर्म थेरेपी से मिलता है लाभ



शिविर में छात्राओं की जांच करतीं चिकित्सक। संवाद

मेरठ। आरजी कॉलेज में प्राचार्य निवेदिता कुमारी के निर्देशन में महाविद्यालय की छात्राओं के लिए एरोमेटिक रिलेक्सेशन थेरेपी शिविर का आयोजन किया गया। सत्र का उद्घाटन डॉ. पारुल सिंह ने किया। यह सत्र मेडिकल एंड कमिटी की इंचार्ज प्रो. अनुराधा के संरक्षण में आयोजित किया गया। डॉ. पल्लवी रस्तोगी ने महाविद्यालय की छात्राओं की स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का निवारण एरोमेटिक रिलेक्सेशन थेरेपी के द्वारा किया। एरोमेटिक थेरेपी में विभिन्न प्राकृतिक द्रव्य के द्वारा छात्राओं को उनकी समस्याओं के अनुसार फिजियोथेरेपी, पंचकर्म थेरेपी तथा अन्य रिलेक्सेशन थेरेपी दी जाती हैं। मेडिकल कमेटी के सदस्य प्रो. अपर्णा वत्स, प्रो. भावना मित्तल और पूजा सरोज मौजूद रहीं। संवाद

## DAINIK JANVANI-3.12.2024 PAGE NO.5

### प्रदूषण के प्रति नवीन दृष्टिकोण पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित



मेरठ : आरजी पीजी इनोवेशन काउंसिल के तहत पीसीएम विभाग, रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के अवसर पर प्रदूषण के प्रति नवीन दृष्टिकोण वैश्विक पर्यावरणीय मुद्दों का समाधान विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका उपासना देवी एवं अध्यक्ष प्रो. दीक्षा यजुर्वेदी रही। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों से 50 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रो. दीक्षा यजुवेदी, अध्यक्ष, इनोवेशन कॉउंसिल ने विज्ञान के विभिन्न क्षेत्र के विषय में बताया। अंत में आयोजन सचिव डा. पूजा गुप्ता द्वारा सभी को धन्यवाद दिया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का परिणाम बाद में घोषित किया जायेगा व छात्राओं को पुरस्कृत किया जायेगा।

## HINDUSTAN-4.12.2024 PAGE NO.7

### आरजी पीजी कॉलेज में हुई कार्यशाला

मेरठ। आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज में चल रही राष्ट्रीय ऑनलाइन कार्यशाला के चौथे दिन मंगलवार को तकनीकी सत्र का संचालन अश्वनी गौड़, निदेशक अलस्थम कानपुर ने किया। प्रेक्षी गर्ग रिसोर्स पर्सन रहीं। प्रश्न-उत्तर दौर का संचालन आयोजन सचिव डॉ. उपासना ने किया। अंतिम चरण में आरजी पीजी इनोवेशन काउंसिल की अध्यक्ष प्रो. दीक्षा यजुर्वेदी ने रसायन विज्ञान विभाग एवं इनोवेशन काउंसिल ने कार्यशाला के सभी बिंदुओं पर प्रकाश डाला।

DAINIK INEXT-6.12.2024 PAGE NO.6

DAINIK JAGRAN-4.12.2024




आरजी पीजी कालेज में लगे शिविर में छात्रा का उपचार करती चिकित्सक • जागरण

# लैवेंडर व गुलाब तेल के उपयोग से बढ़ती है स्मरण शक्ति

जासं, मेरठ : आरजी पीजी कालेज की मेडिकल एड समिति द्वारा वरदान इंस्टीट्यूट आफ आल्टरनेटिव मेडिसिन एंड हीलिंग साइंसेज के सहयोग से मंगलवार को एरोमेटिक रिलैक्सेशन थेरेपी शिविर का आयोजन किया गया।

डा. पल्लवी रस्तोगी ने एरोमैटिक रिलैक्सेशन थेरेपी द्वारा छात्राओं की स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का निवारण किया। उन्होंने बताया कि एरोमेटिक थेरेपी मे विभिन्न प्राकृतिक तेल, जड़ी बूटी, लैवेंडर, गुलाब, नारंगी, बरगामोट, नींबू, चंदन और अन्य आवश्यक तेल का प्रयोग कर तनाव और अवसाद को दूर करने की सदियों पुरानी परंपरा है। जब सांस ली जाती है, तो आवश्यक तेलों में मौजूद गंध के अणु तंत्रिकाओं से सीधे मस्तिष्क तक पहुंचाते हैं और खासतौर पर मस्तिष्क के भावनात्मक केंद्र को प्रभावित करते हैं। आवश्यक तेल त्वचा द्वारा अवशोषित होकर तनाव दूर करने में सहायक होते हैं। उन्होंने बताया कि विधि से मानसिक शांति, स्थिरता और संतुलन प्राप्त किया जा सकता है। लैवेंडर और गुलाब जैसे तेल का उपयोग करने से स्मरण शक्ति बढ़ती है। वहीं अंग्रेजी विभाग, संस्कृत विभाग, भारतीय ज्ञान परंपरा सेल एवं रविंद्र नाथ टैगोर कल्चरल क्लब द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता प्रो. चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय अंग्रेजी विभाग के प्रभारी प्रो. रविन्द्र कुमार ने भारतीय नाट्यशास्त्र विषय पर अपने विचार रखते हुए, रामायण, महाभारत, श्रीमद्भगवद् गीता का उदाहरण देते हुए भारतीय नाट्यशास्त्र के विभिन्न तत्वों एवं आयामों से छात्राओं को परिचित करवाया। साथ ही भारतीय एवं पाश्चात्य नाट्यशास्त्र की समानता एवं विभिन्नता को भी बताया।

प्रो. पारुल सिंह, प्रो. ममता उपाध्याय, प्रो. पूनम लखनपाल और प्रो. अर्चना शर्मा भी उपस्थित रहीं। इसके साथ ही राष्ट्रीय आनलाइन कार्यशाला में रसायन विज्ञान एवं इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से मालेक्युलर डॉकिंग बेसिक्स टू एप्लीकेशन इन ड्रग डिस्कवरी विषय पर चर्चा हुई।

HINDUSTAN-5.12.2024 PAGE NO.6



# प्राकृतिक संसाधनों का अधिक हो रहा दोहन

मेरठ। आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज मेरठ में बुधवार को संगोष्ठी हुई। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी के संरक्षण में सिटीजन वॉइस, भारतीय ज्ञान परंपरा व वसुधा इको क्लब की ओर से हुआ। मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत, संयोजिका प्रो. सुनीता चौधरी, संचालक डॉ. शुभम त्यागी रहीं। ऋचा ने बताया कि पर्यावरणीय दृष्टि से हम प्राकृतिक संसाधनों का दोहन ज्यादा कर रहे हैं। जीटीबी प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेंद्र सिंह, डॉ. ईश्वर चंद्र गंभीर, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी डॉ. प्रभात राय, वसुधा इको क्लब एवं भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रभारी प्रो. कल्पना चौधरी, पूनम लखनपाल, हर्षवर्धन राजवंशी बिट्टन आदि रहे।

**DAINIK JANVANI-5.12.2024**

# पर्यावरणीय स्थिरता में महिलाओं की भूमिका पर संगोष्ठी का आयोजन

● जनवाणी संवाददाता, मेरठ

बुधवार को रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी के संरक्षण में सिटीजन वाइस, संवाद इंडिया मीडिया ग्रुप एवं भारतीय ज्ञान परम्परा तथा वसुधा इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मनीषा अहलावत, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य रहीं। कार्यक्रम के सह आयोजक प्रशांत कौशिक, अध्यक्ष संवाद इंडिया, सिटीजन वाइस ने संपूर्ण कार्यक्रम का एक संक्षिप्त परिचय दिया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के रूप में मनीषा अहलावत सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने इको फेमिनिज्म पर बात केंद्रित की। इको फेमिनिज्म पर बात करते हुए कहा कि महिलाओं का उत्पीड़न और पर्यावरण का ह्रास आपस में जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ महिलाओं के प्रयास से ही नहीं बल्कि इस पुरुष प्रधान समाज में पुरुषों का समर्थन भी



पर्यावरणीय समस्याओं से मुक्ति दिला पाएगा। कल्पना शर्मा ने आर्ट ऑफ लिविंग के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि पर्यावरणीय दृष्टि से, हम प्राकृतिक संसाधनों का दोहन ज्यादा कर रहे हैं। डा. कर्मेंद्र सिंह प्रिंसिपल गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल ने कहा कि कैसे पारंपरिक रूप में हमारे घरों में पानी को एकत्रित करने के लिए मिट्टी के घड़ों का सेवन किया जाता था। पुष्पेंद्र शर्मा वरिष्ठ पत्रकार ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर अपनी बात रखते हुए कहा कि ज्ञान के इस मंदिर में मैं अपनी बात गार्गी, मैत्री और अपाला जैसी स्त्रियों से शुरू करते हुए उनके महत्वपूर्ण योगदान पर बात केंद्रित की। अपने प्रेरणात्मक कविताओं से डॉ. ईश्वर चंद्र गंभीर सिंह ने महिलाओं की अजीब उपलब्धियों पर कविताएं केंद्रित करते हुए अनेक ऐसी बातें पर्यावरण के परिप्रेक्ष्य में भी प्रस्तुत कीं। भूतपूर्व आईएएस अधिकारी डा. प्रभात राय ने हर क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को संदर्भित करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा को युवाओं का परम कर्तव्य बताया। कार्यक्रम में वसुधा इको क्लब एवं भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रभारी प्रो. कल्पना चौधरी एवं पूनम लखनपाल एवं अन्य सभी सदस्य भी उपस्थित रहे।

**AMAR UJALA-5.12.12024 PAGE NO.6**

# प्रकृति के संरक्षण में महिलाएं महत्वपूर्ण

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य कर्मेंद्र सिंह ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने में भी महिलाओं की अहम भूमिका है। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पूजन व हवन सामग्री में प्राकृतिक जड़ी-बूटियां का प्रयोग किया जाता था। यह सारे कार्य हमारे घर की स्त्रियों द्वारा किए जाते रहे हैं। स्त्री सृष्टि का सृजन करती हैं। वह प्रकृति के संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाती रही है।

आरजी पीजी कॉलेज में बुधवार को वसुधा इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी हुई। इसका विषय 'पर्यावरणीय स्थिरता में महिलाओं की भूमिका' रहा। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत ने कहा कि महिलाओं का उत्पीड़न और पर्यावरण का ह्रास आपस में जुड़े हुए हैं। पर्यावरणीय दृष्टि से हम प्राकृतिक संसाधनों का दोहन ज्यादा कर रहे हैं।

कवि डॉ. ईश्वर चंद्र गंभीर सिंह ने महिलाओं की उपलब्धियों पर कविताएं सुनाईं। भूतपूर्व आईएएस ऑफिसर डॉ. प्रभात राय ने हर क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को संदर्भित करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा को युवाओं का परम कर्तव्य बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने किया। कार्यक्रम में प्रो. कल्पना चौधरी, पूनम लखनपाल, हर्षवर्धन राजवंशी बिट्टन, पुष्पेंद्र शर्मा, ब्रज भूषण आदि मौजूद रहे।



आरजी पीजी कॉलेज में आयोजित संगोष्ठी में मौजूद लोग। संवाद

## आरजी पीजी कॉलेज में पर्यावरणीय स्थिरता में महिलाओं की भूमिका पर हुई संगोष्ठी



आरजी पीजी कॉलेज में आयोजित संगोष्ठी में विचार रखतीं वक्ता। संवाद

## DAINIK INEXT-6.12.2024 PAGE NO.6

# जगत के धारक तत्व ही नीती हैं: प्रो. उमा



**MEERUT** : आरजी पीजी कालेज के अंग्रेजी विभाग, संस्कृत विभाग, भारतीय ज्ञान परंपरा सेल तथा रविंद्र नाथ टैगोर कल्चरल क्लब द्वारा गुरुवार को अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया. मुख्य वक्ता एनएएस कालेज संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. उमा शर्मा भारतीय ज्ञान परंपरा से प्राप्त नैतिक मूल्यों की उपादेयता विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि जगत के धारक तत्व ही नीति है, और नीति ही धर्म है. वर्तमान समय में व्याप्त सर्वत्र हाहाकार की स्थिति को समाप्त करने के लिए नैतिक मूल्य ही परम आवश्यकता है. उन्होंने संस्कृत के विभिन्न ग्रंथ, वेद, रामायण, महाभारत, गीता, नीतिशतक, अभिज्ञानशाकुंतलम, मृच्छकटिकम के उदाहरण देकर वर्तमान परिपेक्ष्य में उनकी उपादेयता को बताया. प्रो. पारुल सिंह, प्रो. ममता और प्रो. पूनम लखनपाल भी उपस्थित रहीं.

## DAINIK JANVANI-6.12.2024 PAGE NO.6

# आरजी पीजी कॉलेज में अतिथि व्याख्यान का आयोजन

मेरठ: गुरुवार को रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में अंग्रेजी विभाग, संस्कृत विभाग, भारतीय ज्ञान परंपरा सेल तथा रवींद्र नाथ टैगोर कल्चरल क्लब (भारतीय दर्शन, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ) के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय अतिथि व्याख्यान शृंखला का आयोजन किया गया। चतुर्थ दिवस पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. उमा शर्मा, प्रभारी, संस्कृत विभाग एनएएस कॉलेज रहीं। जिन्होंने भारतीय ज्ञान परम्परा से प्राप्त नैतिक मूल्यों की उपादेयता पर व्याख्यान देते हुए बताया कि जगत के धारक तत्व ही नीति है और नीति ही धर्म है। संस्कृत के विभिन्न ग्रन्थों वेद, रामायण, महाभारत, गीता, नीतिशतक, अभिज्ञानशाकुन्तलम, मृच्छकटिकम इत्यादि अनेक उद्धरणों को प्रस्तुत करते हुए वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इनकी उपादेयता को बताया। पांच दिनों तक क्रमश: चलने वाले सम्पूर्ण कार्यक्रम की आयोजक प्रो. पूनम लखनपाल तथा [illegible] रहीं। कार्यक्रम प्रो. मंजुलता सिंह, डा. ममता, डा. [illegible] सिंह, डा. [illegible] शर्मा, डा. नाज़िमा, इरफान, हिना, डा. [illegible], डा. हिमानी, [illegible], [illegible], उपस्थित रहीं।

## DAINIK JAGRAN-10.12.2024 PAGE NO.5

# मोबाइल में समय नष्ट न करें, लक्ष्य पर ध्यान दें

जासं, मेरठ: आरजी पीजी कालेज में सोमवार को अनुशासन समिति का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने किया। इसमें कामर्स और आर्ट्स विभाग की छात्राओं को बैज प्रदान किए। साथ ही छात्राओं को जीवन में अनुशासन का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जब हम अनुशासित होंगे तभी किसी को अनुशासित कर सकते हैं। बिना अनुशासन के कोई भी विद्यालय या जीवन नहीं चल सकता। हम सभी को अनुशासन का पालन करना चाहिए और छात्र जीवन में मोबाइल में अपना कीमती समय नष्ट न करके अपने लक्ष्य की ओर ध्यान देना चाहिए। संचालन डा. अंजली गुप्ता, प्रो. भावना मित्तल, डा. मधु मलिक, डा. रेणु चौधरी और डा. शैलजा पांडे भी उपस्थित रहीं।

वहीं वनस्पति विज्ञान विभाग की छात्राओं के लिए बाटनी अकेडमिक एंड कल्चरल सोसायटी, आईकेएस सेल, आरडीसी द्वारा ट्रेडिशनल हर्बल फार्मूलेशन्स विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को न्यू एजुकेशन पालिसी स्नातक वनस्पति विज्ञान पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्लांट कलेक्शन टूर की जानकारी दी गई। इसमें शोध छात्राओं ने भी भाग लिया। प्रो. अमिता शर्मा, प्रो पूनम लखनपाल, प्रो. निलेष कौर भी उपस्थित रहीं। इसके साथ ही शिक्षा विभाग में चल रही अंग्रेजी भाषा कौशल कार्यशाला का समापन हुआ। जिसमें बीएड प्रथम वर्ष की छात्राओं ने भाग लिया। कार्यशाला में छात्राओं ने अंग्रेजी भाषा की व्याकरण, लेखन तथा उच्चारण के बारे में जाना। डा. सीमा अग्रवाल ने छात्राओं को इंग्लिश साउंड सिस्टम, वावेल और कान्सोनेंट साउंड तथा इंग्लिश एक्सेंट की बारीकियों के बारे में बताया। इसके साथ ही अमिर इकबाल ने छात्राओं को इंग्लिश राइटिंग में निबंध एवं कहानी लेखन, पत्र लेखन तथा रिज्यूम मेकिंग के बारे में बताया।



अनुशासन समिति का उद्घाटन करने के बाद प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक के साथ बैज प्राप्त करने वाली छात्राएं • सौ. कालेज प्रशासन

**DAINIK JANVANI-10.12.2024 PAGE NO.5**

## अंग्रेजी भाषा कौशल कार्यशाला का समापन

मेरठ: रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के शिक्षा विभाग में चल रही अंग्रेजी भाषा कौशल कार्यशाला का सोमवार को समापन हुआ। कालेज प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने छात्राओं को विषयवस्तु पर आधारित विभिन्न आयामों के बारे में बताया। बीएड प्रथम वर्ष की छात्राओं के ईपीसी पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली इस कार्यशाला के अंतर्गत छात्राओं ने अंग्रेजी भाषा की व्याकरण, लेखन तथा उच्चारण से संबंधित बारीकियों का ज्ञान प्राप्त किया। कार्यशाला के प्रथम दिन विभागाध्यक्ष डा. अनुपमा सिंह ने भावी शिक्षिकाओं के लिए आज के इस ग्लोबलाइजेशन के दौर में अंग्रेजी भाषा सीखने के महत्व को बताया तथा इसका नियमित अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। रिसोर्स पर्सन के रूप में डा. सीमा अग्रवाल ने छात्राओं को इंग्लिश साउंड सिस्टम, वावेल और कॉन्सोनेंट साउंड्स तथा इंग्लिश एक्सेंट की बारीकियों की महत्वपूर्ण जानकारी दी। दूसरे दिन छात्राओं ने स्वयं प्रतिभागिता करके एंटोनिम, सिनोनिम, वर्ड फॉरमेशन, प्रीफिक्स, सफिक्स आदि का अभ्यास किया। तीसरे दिन बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा स्वाभी सुंदरियाल ने छात्राओं को पार्ट्स ऑफ स्पीच तथा टैंसेस विषय पर रोचक तरीके से जानकारी दी और अभ्यास कराया। कार्यशाला के अंतिम दिन आरजीपीजी कॉलेज के एप्टेक सेंटर के वरिष्ठ प्रवक्ता मिस्टर आमिर इकबाल ने छात्राओं को इंग्लिश राइटिंग से संबंधित विभिन्न विषयों यथा निबंध एवं कहानी लेखन, पत्र लेखन तथा रिज्यूम मेकिंग आदि महत्वपूर्ण विषयों का ज्ञान कराया। कार्यशाला का आयोजन बीएड विभाग से डा. सीमा अग्रवाल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजन मे बीएड विभाग की सभी शिक्षिकाओं का सहयोग रहा। कार्यशाला मे मुस्कान, सादिका, निशा, महिमा, अमीषा, सलेहा, माहीन, आयशा, साक्षी, विदुषी, आलिया, नाफिया, शिवानी, खुशबू आदि छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

**AMAR UJALA-10.12.2024 PAGE NO.4**

## अनुशासन का पालन करना जरूरी : प्राचार्य

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में सोमवार को अनुशासन समिति का गठन किया गया। शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उसके बाद असिस्टेंट चीफ प्रॉक्टर प्रो. भावना मित्तल एवं प्रो. मंजू सिंह ने चीफ प्रॉक्टर का स्वागत किया। प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन का पालन करना बहुत जरूरी है, जब हम अनुशासित होंगे तभी किसी को अनुशासित कर सकते हैं। कार्यक्रम में डॉ. मधु मलिक, डॉ. रेनु चौधरी, डॉ. शीतल पांडे आदि मौजूद रहे। संवाद

## व्यक्तित्व विकास की प्रासंगिकता पर डाला प्रकाश

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी के संरक्षण में मनोविज्ञान विभाग के तत्वावधान में एक दिवसीय वार्ता हुई। जिसका विषय था महिलाओं के व्यक्तित्व विकास की प्रासंगिकता। मुख्य वक्ता प्रो. सीआर इटोलिया रहे। इटोलिया ने वार्ता में महिलाओं के व्यक्तित्व विकास की प्रासंगिकता की गंभीरता पर प्रकाश डाला और कहा कि चरित्र और व्यक्तित्व दोनों अलग हैं। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने कहा कि महिला ही परिवार के मूल्यों और संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने वाली पहली कड़ी होती है। मनोविज्ञान विभाग की प्रभारी प्रो. नीलम सिंह ने वार्ता की महत्ता पर प्रकाश डाला। संवाद

**DAINIK JANVANI-11.12.2024 PAGE NO.4**

## तनाव प्रबंधन पर संवादात्मक बातचीत का आयोजन



मेरठ: मंगलवार को आरजी पीजी कालेज के जतु विज्ञान विभाग मे जतु विज्ञान संगठन के उद्घाटन अवसर पर तनाव प्रबंधन विषय पर एक संवादात्मक बातचीत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. निशा मनीष जतु विज्ञान विभाग मेरठ कालेज रही। बातचीत का उद्देश्य छात्राओं को बढ़ते तनाव तथा उससे बचने के उपायों के विषय में जागरूक करना रहा। मुख्य वक्ता ने बताया कि किस प्रकार तनाव हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। तनाव का अर्थ बताते हुए उन्होंने समझाया कि जब भी हम बदलाव या चुनौतियों का अनुभव करते है तो हमारा शरीर शारीरिक और मानसिक प्रतिक्रिया करता है। उन्होंने तनाव के विभिन्न कारणों के विषय में चर्चा की। तनाव से उत्पन्न होने वाले हारमोंस के प्रभावों को समझाते हुए उन्होंने तनाव के प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया। छात्राओं ने प्रश्न पूछ कर अपनी समस्याओं का समाधान किया। कार्यक्रम में संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों को प्राचार्या द्वारा बैज दिए गए।

चंद्रा भारत विकास परिषद का संक्षिप्त परिचय दिया तथा महिला उत्थान के लिए परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों से भी अवगत कराया गया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. निवेदिता ने भी सभी छात्राओं का खूब उत्साहवर्धन किया तथा भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना कैसे किया जाए? इस पर भी अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम में पंकज अग्रवाल, अधीर मांगलिक, हृदय मोहन मित्तल, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी सुरेश, अम्ब्रीश, हेमंत गोयल, माला चंद्रा, जूही अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, डॉली गुप्ता, मोनिका अग्रवाल, संतोष बाला आदि की उपस्तिथि रही।

**HINDUSTAN-11.12.2024 PAGE NO.7**

# बेसिक स्टीचिंग कोर्स का छात्राओं को मिला प्रमाणपत्र



मंगलवार को आरजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करती वक्ता।

मेरठ, संवाददाता। आरजी पीजी कालेज में इनोवेटिव स्टिचरी सेंटर, गृहविज्ञान विभाग, आरजी पीजी इनोवेशन सेल और भारत विकास परिषद की तरफ से एडवांस और बेसिक स्टीचिंग कोर्स करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ हिमानी अग्रवाल सदस्या राज्य महिला आयोग, प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक व भारत विकास परिषद के सदस्यों ने किया। कार्यक्रम गृहविज्ञान विभाग की प्रभारी प्रो. सोनिका चौधरी के निर्देशन में हुआ और डॉ. ममता ने संचालित किया।

रितु, येशु पंवार, मानसी, ज्योति, आकृति, कविता, वर्तिका, निक्की सैनी, आस्था सैनी, गरिमा गौड़, डॉली, टीना, अंशिका वर्मा, नीलू मलिक, शिवानी का सराहनीय योगदान रहा।

**निबंध प्रतियोगिता में छात्राओं ने हुनर दिखाया:** आरजी पीजी कालेज में प्रोग्रेसिव वीमेन फोरम फॉर सोशल चेंज और समाजशास्त्र संघ के संयुक्त तत्वावधान में मानव अधिकार एवं महिला उत्पीड़न विषय पर निबंध प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम का संयोजन प्रोग्रेसिव वीमेन फोरम फॉर सोशल चेंज की इंचार्ज प्रो. रजनी श्रीवास्तव और समाजशास्त्र विभाग की अध्यक्षा प्रो. अनु रस्तोगी ने किया। इस प्रतियोगिता में आईआईएमटी, टीविवि, इस्माइल नेशनल पीजी कालेज, शहीद मंगल पांडे कॉलेज मेरठ, मेरठ कॉलेज समेत विभिन्न महाविद्यालयों छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी, प्रो. अंजुला राजवंशी, प्रो. मंजुलता, निर्लेप कौर, डॉ. स्वाति शर्मा, पूजा सरोज, डॉ. गरिमा कुमारी, डॉ. नलिनी द्विवेदी, डॉ. आरती शर्मा रहीं।

# नकारात्मक तनाव हमारे स्वास्थ्य के लिए घातक



आरजी पीजी कालेज के जंतु विज्ञान विभाग में तनाव प्रबंधन पर कार्यक्रम को संबोधित करती छात्रा • जागरण

**आरजी पीजी कालेज के जंतु विज्ञान विभाग में जंतु विज्ञान संगठन के उद्घाटन अवसर पर हुआ कार्यक्रम**

**जागरण संवाददाता, मेरठ:** आरजी पीजी कालेज के जंतु विज्ञान विभाग में जंतु विज्ञान संगठन के उद्घाटन के अवसर पर मंगलवार को तनाव प्रबंधन विषय पर संवादात्मक बातचीत का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता मेरठ कालेज जंतु विज्ञान विभाग की प्रो. निशा मनीष ने छात्राओं को बढ़ते तनाव व उससे बचने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में तनाव हमारे जीवन पर हावी हो गया है। जब भी हम बदलाव या चुनौतियों का अनुभव करते हैं, हमारा शरीर शारीरिक और मानसिक प्रतिक्रिया करता है।

धन, कार्य तथा कार्य स्थल का वातावरण, स्वास्थ्य एवं परिवार संबंधी चुनौतियां हमें तनाव देती हैं। लेकिन सकारात्मक तनाव हमें नई परिस्थितियों में ढलने में सहायक होता है। वहीं, नकारात्मक व लंबे समय तक रहने वाला तनाव हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए घातक सिद्ध होता है। तनाव से सर दर्द, हृदय संबंधी समस्याएं, उच्च रक्तचाप, अपच, थकान जैसी बीमारियां होती हैं। उन्होंने तनाव के प्रबंधन पर बल दिया। कहा कि मेडिटेशन, संतुलित भोजन, भरपूर नींद, स्वस्थ जीवनशैली के लिए जरूरी हैं। छात्राओं ने प्रश्न पूछकर अपनी समस्याओं का समाधान किया। जूलाजी संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों को प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने बैज प्रदान किए। वहीं भूगोल विभाग में दस दिवसीय सर्वेक्षण कैंप की शुरुआत हुई। जिसमें छात्राओं को मानचित्र किस प्रकार तैयार किया जाता है तथा भूगोल में उसका क्या महत्त्व है, इसकी जानकारी दी गई। इसके साथ ही कालेज में पांच दिवसीय कार्यशाला एवं फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का विषय हर्बल एन्त्रेप्रेंयुरिअल वैलनेस बिसिनेस्स, सस्टेनेबिलिटी एंड हर्बल मेडिसिन रहा। मुख्य वक्ता डा. मीनू गुप्ता ने रसोई उद्यान और औषधीय जड़ी-बूटियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अश्वगंधा का पौधा हार्मोन से जुड़ी बीमारियों के इलाज में उपयोगी है। यह मोटापे को भी नियंत्रित करता है। स्टीविया का पत्ता इतना मीठा होता है कि चाय में दो पत्ते उबालने पर चीनी की जरूरत नहीं पड़ती।

यह पौधा मधुमेह के रोगियों के लिए रामबाण है। टर्टमार का पत्ता रोज सुबह कुछ दिन खाने से गुर्दे की पथरी टूटकर निकल जाती है।



आरजी पीजी कालेज में मंगलवार को भारत विकास परिषद मेन-शाखा द्वारा संचालित इनोवेटिव सिलाई एवं कढ़ाई केंद्र से उत्तीर्ण 160 छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही दो छात्राओं को सिलाई मशीन भी भेंट की गई। मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य डा. हिमानी अग्रवाल ने छात्राओं का उत्साह बढ़ाया • जागरण

AMAR UJALA-11.12.2024 PAGE NO.5

## छात्राओं को प्रमाणपत्र बांटे



प्रमाणपत्र के साथ आरजी पीजी कॉलेज की छात्राएं। स्रोत : स्वयं

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज द्वारा संचालित इनोवेटिव सिलाई एवं कढ़ाई केंद्र से उत्तीर्ण लगभग 160 छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए, साथ ही निम्न आय वर्ग की दो छात्राओं को सिलाई मशीन भी दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. हिमानी अग्रवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रमोद गर्ग एवं शरत चंद्रा ने भारत विकास परिषद् का संक्षिप्त परिचय दिया और महिला उत्थान केलिए परिषद् द्वारा किए जा रहे कार्यों से भी सभी को अवगत करवाया। प्राचार्य डॉ. निवेदिता मलिक ने भी छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में पंकज अग्रवाल, अधीर मांगलिक, हृदयमोहन मित्तल, गोपाल कृष्ण अग्रवाल मौजूद रहे। संवाद

HINDUSTAN-11.12.2024 PAGE NO.7

## तनाव प्रबंधन पर संवादात्मक बातचीत हुई

मेरठ। आरजी पीजी कालेज में जंतु विज्ञान विभाग में तनाव प्रबंधन विषय पर एक संवादात्मक बातचीत का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रो. निशा मनीष मेरठ कॉलेज रही। संयोजिका प्रो. मंजु सिंह, सहसंयोजिका प्रियंका, प्रो. कल्पना चौधरी का सहयोग रहा। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी रही।

## आरजी में फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

मेरठ। आरजी पीजी कालेज में पांच दिवसीय कार्यशाला व फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्लांट कंजर्वेशन सोसाइटी, टीचर्स री-स्किलिंग सेल व इनोवेशन कॉउन्सिल के संयुक्त तत्वाधान में यह आयोजन हुआ। प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक ने दीप प्रज्वलित किया।

DAINIK INEXT-12.12.2024 PAGE NO.4

# स्टूडेंट्स को बोनसाई की विशेषताएं बताईं

PIC DAINIK JAGRAN INEXT



### आरजी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में पांच दिवसीय कार्यशाला और प्रोग्राम आयोजित हुआ

meerut@inext.co.in

**MEERUT (11 Dec):** आरजी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में प्लांट कंजर्वेशन सोसाइटी, टीचर्स री-स्किलिंग सेल और इनोवेशन काउंसिलिंग की ओर से पांच दिवसीय कार्यशाला आयोजित हो रही है. कार्यक्रम के दूसरे दिन का शुभारंभ कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. निवेदिता मलिक ने दीप प्रज्वलित करके किया. वर्कशॉप की संयोजिका एवं टीचर्स री-स्किलिंग सेल तथा प्लांट कंजर्वेशन सोसाइटी की इंचार्ज डॉ. गरिमा मलिक ने अतिथियों का स्वागत किया. साथ ही वर्कशॉप की उपयोगिता बताई. दूसरे दिन के प्रथम सत्र में डॉ. शांति स्वरूप मुख्य वक्ता रहे.

### भ्रांतियों को दूर किया

डॉ. स्वरूप ने बताया कि पौधों में प्रकृति अनुसार समय पर फल, फूल आते रहे, पौधा समय चक्र के अनुसार विकसित हो तभी वह सही बोनसाई बन सकता है. इसके साथ ही उन्होंने बोनसाई की भ्रांतियों और गलत धारणाओं को दूर किया. दूसरे सत्र के वक्ता कनिष्क अत्रे ने घर के अंदर और बाहर लगाए जाने वाले पौधों को आकर्षक तरीके से सजाने और लगाने के बारे में बताया. साथ ही कम जगह में लैंडस्केप गार्डन के बारे में बताया. उन्होंने लैंडस्केप गार्डन बनाने के लिए थ्रिलर, फिलर और स्पीलर कॉन्सेप्ट के बारे में भी बताया. प्रिंसिपल प्रो. निवेदिता मलिक ने कहाकि घर के अंदर लगे बोनसाई के पेड़ घर में बेमिसाल खूबसूरती का एहसास कराते है.

### बोनसाई के बारे में बताया

डॉ. शांति स्वरूप ने बोनसाई क्या है, किन पौधों से सफलतापूर्वक बोनसाई पौधा तैयार होता है. इसे घर पर एक सामान्य पौधे से कैसे बनाया जाए. उन्होंने बोनसाई की तकनीक तथा शैली जैसे राफ्ट स्टाइल, फारेस्ट स्टाइल, मल्टी ट्रंक स्टाइल को बताया. साथ ही प्रतिभागियों को बोनसाई को आकार देना, कटिंग करना और वायरिंग करना भी बताया गया.

**DAINIK JANVANI-15.12.2025 PAGE NO.04**

## इंटरनल एग्जाम कमेटी का ऑनलाइन कोर्स शुरू



मेरठ : रघुनाथ [illegible] डेवलपमेंट सेल व इंटरनल एग्जाम कमेटी के संयुक्त प्रयास से 60 घंटे का एडऑन सर्टीफिकेट कोर्स अनबॉक्सिंग आइडियाज रिसर्च एंड प्रोजेक्ट प्रिपरेशन फॉर यूजी और पीजी स्टूडेंट्स का प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर पूनम लखनपाल ने किया। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में छात्राओं को स्नातक अंतिम वर्ष व स्नातकोत्तर के दोनों वर्षों में रिसर्च प्रोजेक्ट करना है। मुख्य वक्ता प्रो. कुमकुम पारीक, मनोविज्ञान विभाग ने रिसर्च व प्रोजेक्ट की मूलभूत बातों, विषय चयन, ध्यान रखने योग्य बातें तथा शोध पद्धति व तकनीकी के विषय में बताया। कार्यक्रम की संचालक रिसर्च डेवलपमेंट सेल की कन्वीनर प्रो. लखनपाल ने कहा कि सभी को रिसर्च की गहराइयों को समझने में सहायता व मार्गदर्शन मिले यही उनका प्रयास है। इंटरनल एग्जामिनेशन कमेटी की इंचार्ज प्रो. नीना बत्रा ने कहा कि शोध को पूर्ण मन व समर्पण से करना चाहिए।

**HINDUSTAN-13.12.2024 PAGE NO.6**

## आरजी : छात्राओं ने किया गीता का पाठ

मेरठ। आरजी कॉलेज के संस्कृत विभाग एवं ज्ञानार्जन भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में गीता महोत्सव हुआ।

छात्राओं ने सामूहिक व एकल रूप से सस्वर गीता श्लोकों का पाठ किया। प्रो. पूनम लखनपाल ने छात्राओं को कर्मयोग के अनेक श्लोकों बताते हुए उन्हें जीवन में आत्मसात करने को प्रेरित किया। डॉ. उपासना सिंह ने छात्राओं को गीता के श्लोकों का वाचन कराया। डॉ. निशि, निधि, प्रिया, फरहीन, मुस्कान, रूबी, वंशिका, रुपाली, वर्षा, कुमकुम एवं अंजलि सैनी मौजूद रहीं।

**DAINIK JAGRAN-13.12.2024 PAGE NO.IV**

## मधुमक्खियों के होते हैं दो पेट, एक में खाना दूसरे में रखती हैं रस



आरजी डिग्री कालेज में गुरुवार को मधुमक्खी पालन पर व्याख्यान देने पहुंचे केशल सिंघल के साथ शिक्षिकाएं व छात्राएं • सौ. कालेज

जासं, मेरठ : रघुनाथ गर्ल्स डिग्री कालेज में प्लांट कंजर्वेशन सोसाइटी, टीचर्स री-स्किलिंग सेल और इनोवेशन काउंसिल की ओर से आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला व फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में गुरुवार को मधुमक्खी पालन पर कार्यशाला हुई। मुख्य वक्तता डाक्टर आयुर्वेदा के संस्थापक केशल सिंघल ने, आल अबाउट हनी एंड बी कीपिंग विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने मधुमखियों व उनके शहद बनाने की कला पर प्रकाश डाला। बताया कि मधुमक्खियों के एक छत्ते में तीन तरह की (रानी, नर और श्रमिक) मधुमक्खियां होती है। मधुमक्खी के छत्ते में सिर्फ एक रानी मधुमक्खी होती है, जो आकार में बाकि मधुमक्खियों से काफी बड़ी होती है। शहद बनाने का कार्य केवल श्रमिक मक्खियां की करती हैं। मधुमक्खी के दो पेट होते है, जिसमें से एक पेट खाना खाने और दूसरा फूलों का रस जमा करने के लिए होता है। मधुमक्खियों को एक किलो शहद तैयार करने के लिए तकरीबन 40 लाख फूलों का रस चूसना पड़ता है। इसके लिए मधुमक्खियां करीब 90 हजार मील की उड़ान करती है। शहद की गुणवत्ता, मधुमक्खी की प्रजाति और एकत्रित किए गए रस की प्रजाति पर निर्भर होती है। अलग-अलग प्रजाति और जलवायु के अनुसार शहद बनाने वाली मादा मधुमक्खी का जीवनकाल लगभग 21 से 60 दिन का होता है। इस तरह से तकरीबन 12 मधुमक्खियां मिलकर अपने पूरे जीवनकाल में एक चम्मच शहद तैयार करती हैं। मधुमक्खी से बनने वाले उत्पाद, बी-पालेन, बी-वेनाम, बी-वैक्स, रायल जेली और शहद के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मधुमक्खियां के रखरखाव और शहद की शुद्धता जांचने वाले टेस्ट जैसे थंब टेस्ट, पेपर टेस्ट, हनीकांब इफेक्ट इन वाटर टेस्ट और स्पून ड्राप इन ग्लास टेस्ट के बारे में भी जानकारी दी। प्राचार्या प्रोफेसर निवेदिता मालिक ने कहा कि मधुमक्खियां हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह शहद देने के साथ ही पूरी दुनिया को जीवित रखने का भी काम करती है।

**AMAR UJALA-13.12.2024 PAGE NO.4**

## छात्रों को दी रिसर्च और प्रोजेक्ट की जानकारी

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में बृहस्पतिवार को कॉलेज प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी के संरक्षण में 60 घंटे का एड ऑन सर्टिफिकेट कोर्स अनबॉक्सिंग आइडियाज रिसर्च एंड प्रोजेक्ट प्रिपरेशन फॉर यूजी और पीजी स्टूडेंट्स का प्रारंभ किया गया। जिसमें प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में छात्राओं को स्नातक अंतिम वर्ष व स्नातकोत्तर के दोनों वर्षों में रिसर्च प्रोजेक्ट करना है। प्रो. कल्पना चौधरी, प्रो. ममता उपाध्याय, प्रो. अनुराधा, प्रो. अर्चना, प्रो. मंजुलता, मेजर प्रो. अंजुला आदि मौजूद रहे। संवाद



आरजी पीजी कॉलेज में डेवलपमेंट सर्टिफिकेट कोर्स पर आयोजित सेमिनार में मौजूद छात्राएं। संवाद

**DAINIK JAGRAN-14.12.2024 PAGE NO.II**

## आरजी कालेज में सेमिनार

मेरठ : रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कालेज में 60 घंटे के एड-आन सर्टिफिकेट कोर्स 'अनबाक्सिंग आइडियाज : रिसर्च एंड प्रोजेक्ट प्रिपरेशन फार यूजी एंड पीजी स्टूडेंट्स' के दूसरे दिन समस्या का चयन और संबंधित क्षेत्र विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शोध विकास प्रकोष्ठ की निदेशक प्रो. पूनम लखन पाल ने कहा कि शोध को समझने में मदद और मार्गदर्शन के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रो. कल्पना चौधरी, प्रो ममता उपाध्याय, प्रो. अनुराधा, प्रो. अर्चना और प्रो. मंजुलता मौजद रहीं।



शुक्रवार को आरजीपीजी कालेज में आयोजित सेमिनार को संबोधित करती अतिथि • जागरण

**DAINIK JAGRAN-14.12.2024 PAGE NO.IV**



आरजी पीजी कालेज में शारीरिक शिक्षा विभाग और वरदान इंस्टीट्यूट आफ आलेटरनेटिव मेडिसीन एंड हीलिंग साइंसेस के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को समझौता ज्ञापन किया गया • सौ. संस्था

**DAINIK JAGRAN-15.12.2024 PAGE NO.IV**




रघुनाथ गर्ल्स पीजी कालेज की छात्रा खुशी धामा नार्थ जोन इंटर कराटे प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक ने खुशी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खेल प्रभारी प्रो. भावना मित्तल ने बताया कि प्रतियोगिता में मेडल जीतने पर उनका चयन फरवरी में होने वाली आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कराटे प्रतियोगिता के लिए हुआ • सौ. संस्था

**AMAR UJALA-15.12.2024 PAGE NO.5**

## कराटे में खुशी धामा ने जीते दो स्वर्ण पदक



आरजी कॉलेज में स्वर्ण पदक विजेता छात्रा को सम्मानित करतीं अतिथि। संवाद

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज की छात्रा खुशी धामा ने नॉर्थ जोन एवं इंटर नॉर्थ जोन कराटे प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है।

इस उपलब्धि पर प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने शुभकामनाएं दीं। कॉलेज की ओर से खुशी धामा को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। क्रीड़ा प्रभारी प्रो. भावना मित्तल ने बताया की खुशी का चयन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कराते प्रतियोगिता के लिए भी हो गया है। इसमें वह फरवरी में भाग लेने जाएगी। संवाद

**DAINIK JAGRAN-17.12.2024 PAGE IV**



आरजीपीजी कालेज की रसायन विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रो. [illegible] विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रो. शची वत्स द्वारा प्रकाशित पुस्तक ग्रीन केमिस्ट्री तथा सस्टेनेबल एनवायरमेंट का विमोचन प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने किया। पुस्तक का पब्लिकेशन [illegible] द्वारा किया गया। विमोचन के मौके पर नैक कोआर्डिनेटर प्रो. सोनिका चौधरी भी मौजूद रहीं। • जागरण

**DAINIK INEXT-20.12.2024 PAGE NO.4**

# छात्राओं को टाइम्स प्रो. ऐप की जानकारी दी

PIC : DAINIK JAGRAN INEXT



meerut@inext.co.in

**MEERUT (19 Dec):** आरजी गर्ल्स पीजी कॉलेज में प्रिंसिपल प्रो. निवेदिता कुमारी के सफल निर्देशन में करियर काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला हुई. इसका विषय टाइम्स प्रो. ऐप पर पंजीकरण तथा रोजगार के अवसर रहा. वर्कशॉप के मुख्य वक्ता टाइम्स के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. बीएस राठी एवं सूर्यांश थे, तथा सीसीएसयू मेरठ से रोजगार प्रकोष्ठ से कनिष्ठ सहायक के रूप में कुशाग्र सिंह रहे. उन्होंने सभी छात्राओं को टाइम्स प्रो. ऐप के विषय में विस्तार से जानकारी दी.

### महत्वपूर्ण जानकारियां दीं

टाइम्स प्रो ऐप क्या हैं तथा इस पर पंजीकरण करा के छात्राएं अपने विषय से संबंधित इंटर्नशिप ओर रोजगार खोजने तथा रोजगार प्राप्त करने का विस्तृत अवसर कैसे प्राप्त कर सकती है. इसके विषय में विस्तार से बताया, साथ ही उपस्थित छात्राओं का पंजीकरण भी कराया. क्यूआर कोड को स्कैन करके पासवर्ड बनाना, आई डी बनाना आदि को सामने ही बनवाया. इस ऐप पर बहुत सारे प्रोफेशनल कोर्सेज है, इस पर फ्री बायोडेटा, अभियोग्यता परीक्षण, फ्री करियर काउंसिलिंग, साथ ही फ्री और शुल्क के कोर्सेज, उद्यमिता संबंधी अभिक्षमता बढ़ाने वाले कोर्सेज है. अनेक नौकरी के अवसर है. छात्राएं इस ऐप के माध्यम से ऑनलाइन वेबीनार भी सुन सकती है.

DAINIK JAGRAN-20-12-24 (IV)

**एक नजर में**



आरजी पीजी कालेज में काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के द्वारा गुरुवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय टाइम्स प्रो एप पर पंजीकरण तथा रोजगार के अवसर रहा। मुख्य वक्ता टाइम्स प्रो ग्रुप के वरिष्ठ अधिकारी डा. बीएस राठी एवं सूर्यांश ने छात्राओं को टाइम्स प्रो एप की जानकारी दी। वहीं वाणिज्य विभाग एवं द प्रोफेशनल्स टैली घर के मध्य हस्ताक्षरित एमओयू के अंतर्गत जीएसटी विषय पर अतिथि संजीव कुमार ने जानकारी दी• जागरण

**HINDUSTAN-20.12.2024 PAGE NO.9**

## एंजियोस्पर्म सिस्टमैटिक्स विषय पर व्याख्यान दिया

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट पोस्ट कालेज में एमएससी प्रथम [illegible] की छात्राओं के लिए अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में वनस्पति प्रो. विजय मलिक, वनस्पति विज्ञान विभाग चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी ने एंजियोस्पर्म सिस्टमैटिक्स विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में एमएससी वनस्पति विज्ञान फर्स्ट सेमेस्टर की खुशी चौधरी, हफ्सा, नुजरा, प्रिया, नाजिया इत्यादि करीब 25 छात्राओं ने भाग लिया।

**DAINIK JANVANI-20.12.2024**

## टाइम्स प्रो ऐप पंजीकरण पर कार्यशाला का आयोजन



मेरठ (जनवाणी)। बुधवार को रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में कैरियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन डॉ. ममता कुमारी द्वारा किया गया। जिसका विषय टाइम्स प्रो ऐप पर पंजीकरण तथा रोजगार के अवसर रहा। कार्यशाला के मुख्य वक्ता टाइम्स प्रो ग्रुप के वरिष्ठ अधिकारी डा. बीएस राठी एवं सुयश रहे तथा चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में रोजगार प्रकोष्ठ से कनिष्ठ सहायक के रूप में कुशाग्र सिंह रहे। इस मौके पर उन्होंने सभी छात्राओं को टाइम्स प्रो ऐप के विषय में विस्तार से जानकारी दी। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने सभी छात्राओं को अपने अपने विषय से संबंधित रोजगार के लिए आवश्यक सूचनाएं प्राप्त करने को सफलता का पहला आवश्यक चरण बताया। कैरियर काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सेल की प्रभारी डा. बबीता माजी ने भी सभी छात्राओं को इस ऐप पर पंजीकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया।

**AMAR UJALA-20.12.2024 PAGE NO.5**

## छात्राओं को टाइम्स प्रो एप के माध्यम से कॅरिअर बनाने की दी जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में बृहस्पतिवार को कॅरिअर काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में 'टाइम्स प्रो एप पर पंजीकरण और रोजगार के अवसर' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई। मुख्य वक्ता टाइम्स प्रो ग्रुप के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. बीएस राठी ने छात्राओं को टाइम्स प्रो. एप के विषय में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं का एप पर पंजीकरण भी कराया गया। क्यूआर कोड को स्कैन कर पासवर्ड बनाना और आईडी बनाना भी सिखाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने सभी छात्राओं को अपने-अपने विषय से संबंधित रोजगार के लिए आवश्यक सूचनाएं प्राप्त करने को सफलता का पहला आवश्यक चरण बताया।

टाइम्स प्रो एप इस मायने में बहुत ही सहयोगी तकनीक होगी। जिसका फायदा सभी छात्राओं को होगा। कार्यशाला में संयोजिका डॉ. ममता कुमारी, डॉ. बबीता माजी, सुनीता, डॉ. पूनम लता सिंह आदि मौजूद रहीं।

**DAINIK INEXT-21.12.2024 PAGE NO.2**

## छात्राओं ने आर्ट एंड क्राफ्ट की बारीकियां सीखी



MEERUT : आरजी पीजी कॉलेज के शिक्षा विभाग में चल रही आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला का समापन शुक्रवार को हुआ. जिसमें छात्राओं ने आर्ट एंड क्राफ्ट की बारीकियां सीखी. विभागाध्यक्ष डॉ. अनुपमा सिंह ने कहा कि इसको रोजगार से भी हम जोड़ सकते हैं. छात्राओं ने फेब्रिक पेंटिंग, टेक्सटाइल डिजाइनिंग, पेपर क्राफ्ट, पेपर बैग, लिफाफे, पेपर कटिंग की जानकारी दी गई. डॉ. मीनाक्षी जैन, डॉ. सीमा गुप्ता, डॉ. सीमा अग्रवाल, डॉ. आरती शर्मा और डॉ. शुभम त्यागी भी उपस्थित रही.

**DAINIK JAGRAN-21.12.2024 PAGE NO.11**



आरजी पीजी कालेज के शिक्षा विभाग में चल रही आर्ट एड क्राफ्ट कार्यशाला का समापन शुक्रवार को हुआ। जिसमें छात्राओं ने आर्ट एंड क्राफ्ट की बारीकियां सीखीं। विभागाध्यक्ष डा. अनुपमा सिंह ने कहा कि इसको रोजगार से भी हम जोड़ सकते हैं। छात्राओं ने फेब्रिक पेंटिंग, टेक्सटाइल डिजाइनिंग, पेपर क्राफ्ट, पेपर बैग, लिफाफे, पेपर कटिंग की जानकारी दी गई। इसके साथ ही क्ले वर्क जिसम की रिंग कली के फूल बनाना भी सिखाया। डा. मीनाक्षी जैन, डा. सीमा गुप्ता, डा. सीमा अग्रवाल, डा. आरती शर्मा और डा. शुभम त्यागी भी उपस्थित रहीं • सौ. कालेज प्रबंधन

**HINDUSTAN-21.12.2024 PAGE NO.9**



## आरजी में आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप संपन्न

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के शिक्षा विभाग में जारी आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप शुक्रवार को संपन्न हो गई। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी के निर्देशन में हुई इस वर्कशॉप में बीएड प्रथम वर्ष की छात्राओं ने आर्ट एंड क्राफ्ट की बारीकियों को समझा। एचओडी डॉ. अनुपमा सिंह ने कहा कि भावी शिक्षिकाओं के लिए आर्ट एवं क्राफ्ट सीखना जरूरी है और इसे रोजगार से भी जोड़ा जा सकता है। डॉ. मीनाक्षी जैन रहीं।

**HINDUSTAN-22.12.2024NPAGE NO.5**



## हरियाणवी लोकगीत, पंजाबी गिद्दे पर समूह नृत्य

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी निर्देशन में आरजी इनोवेशन काउंसिल व स्टार्टअप सेल द्वारा मेरठ महोत्सव में स्टार्ट अप संवाद में छात्राओं ने प्रतिभागिता की। बी ब्लॉक के योग विभाग से हर हर शंभू संगीत पर योग की आकर्षक मुद्राओं का प्रदर्शन किया। प्रो मंजू सिंह, डॉ. उपासना देवी, डॉ. पूनम लता सिंह, रेंजर लीडर डॉ. सुनीता सिंह, प्रो. कल्पना चौधरी, प्रो. पूनम लखन पाल, प्रो. अनुराधा, डॉ. निर्लेप कौर, डॉ. मनीषा सिंघल, डॉ. किरन शर्मा, डॉ. स्वाति शर्मा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभागिता की।

AMAR UJALA-12.01.2025

## लाइब्रेरी का निरीक्षण किया

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में शनिवार को डॉ. केजी मित्थल पुस्तकालय स्थापना दिवस मनाया गया। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी के निर्देशानुसार पुस्तकालय समिति ने आईक्यूएसी, आईकेएस और महाविद्यालय की इनोवेशन सेल के साथ मिलकर लाइब्रेरी सुझाव पेटिका व छात्राओं द्वारा लाइब्रेरी के लिए सुझाई गई पुस्तकों की सूची का निरीक्षण किया।

पुस्तकालय समिति की इंचार्ज मेजर प्रो. अंजुला राजवंशी ने बताया कि पुस्तकालय में अति दुर्लभ साहित्य व पुस्तकें उपलब्ध हैं। इनका लाभ मिल रहा है। संवाद

HINDUSTAN-14.01.2025 PAGE NO.03

## आरजी पीजी कॉलेज में पुस्तक का विमोचन

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में सोमवार को सस्टेनेबल डेवलपमेंट थ्रू एप्लाइड साइंस नामक पुस्तक का विमोचन हुआ। इस पुस्तक को प्रो दीक्षा यजुर्वेदी, डॉ. सुबोध कुमार शर्मा, डॉ. श्रीजा मोई जे पी, असिस्टेंट प्रोफेसर, सेंट जोसफ कॉलेज फॉर विमेन, आलाप्पुझा केरल द्वारा संयुक्त रूप से संपादित किया गया है। प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक ने पुस्तक का विमोचन किया। नेक समन्वयक प्रो. सोनिका चौधरी, लेखकगण डॉ. उपासना देवी, डॉ. शीतल पांडे रहीं।

DAINIK JAGRAN-14.01.2025 PAGE NO.IV



आरजी पीजी कालेज मे सीसस्टेनेबल डेवलपमेंट थ्रू एप्लाइड साइंस नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। इस पुस्तक को आरजी कालेज की प्रो. दीक्षा यजुर्वेदी, एसएसवी कालेज हापुड़ के एसोसिएट प्रो. सुबोध कुमार शर्मा और सेंट जोसफ कालेज वुमन आलाप्पुड़ा केरल की असिस्टेंट प्रो. श्रीजा मोई द्वारा संयुक्त रूप से संपादित किया गया है। प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने पुस्तक का विमोचन किया • सौ. कालेज प्रबंधन

## आरजी की असिस्टेंट प्रो. प्रीति को ग्लोबल टीचर्स अवार्ड

मेरठ : आरजी पीजी कालेज की असिस्टेंट प्रो. प्रीति को गुरुग्राम के ताज सिटी सेंटर में एकेएस एजुकेशन अवार्ड द्वारा ग्लोबल टीचर्स अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। एकेएस संस्था के सीईओ दिनेश कामरा और डायरेक्टर सर्वेश जगदीश राज ने असिस्टेंट प्रो. प्रीति को ग्लोबल टीचर्स अवार्ड की ट्राफी, मेडल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। ये सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान के साथ सामाजिक गतिविधियों सहित बच्चों लिए लाइब्रेरी शुरू करवाने में योगदान देने के लिए प्रदान किया गया। इनके साथ स्पेन, श्रीलंका, तुर्की, साउथ अफ्रीका, ब्राजील, जार्जिया, पोलैंड और सर्बिया के शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।




असिस्टेंट प्रो. प्रीति • सौ. कालेज प्रबंधन

AMAR UJALA-17.01.2025

## छात्राओं को दी स्टार्टअप की जानकारी



आरजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं। स्रोत : स्वयं

मेरठ। आरजी कॉलेज में चित्रकला विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यशाला आयोजित की गई। जिसका शीर्षक एंपावरिंग इनोवेशन और स्टार्ट अप सक्सेस स्ट्रेटजीज रहा। डॉ. पल्लवी रस्तोगी, संस्थापक चोको डिजाइन एवं प्राची अग्रवाल रिसोर्स पर्सन रही। प्राचार्य डॉ. निवेदिता मलिक ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. पल्लवी ने बताया कि स्टार्टअप के लिए इनोवेटिव आइडिया महत्वपूर्ण है। दूसरे सत्र में मिस प्राची ने बताया कि कैसे समाज और पर्यावरण की जरूरतें भी स्टार्टअप आइडिया देती हैं। नैक कोऑर्डिनेटर प्रो. सोनिका चौधरी के साथ अन्नू मौजूद रहे। संवाद

**DAINIK JAGRAN-31.12.2024 PAGE NO.11**



आरजी पीजी कालेज की असिस्टेंट प्रोफेसर एवं कवयित्री डा. शुभम त्यागी को प्रयागराज में जन कवि कैलाश गौतम साहित्यिक संचेतना सम्मान 2024 प्राप्त हुआ। उन्हें यह सम्मान हिंदुस्तान अकादमी उत्तर प्रदेश प्रयागराज एवं कैलाश गौतम सृजन संस्थान प्रयागराज द्वारा प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें कैलाश गौतम सृजन संस्थान के अध्यक्ष डा. श्लेष गौतम एवं राहुल चतुर्वेदी द्वारा प्रदान किया गया। आरजी पीजी कालेज की प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने डा. शुभम को बधाई दी • सौ. कालेज प्रबंधन

**AMAR UJALA-31.12.2024 PAGE NO.8**

## प्रो. शुभम त्यागी को सम्मानित किया



सम्मान प्राप्त करतीं प्रो. शुभम त्यागी। स्रोत : स्वयं

मेरठ। कवयित्री एवं आरजी पीजी कॉलेज की असिस्टेंट प्रो. शुभम त्यागी को प्रयागराज में जन कवि कैलाश गौतम साहित्यिक संचेतना सम्मान से नवाजा गया है। उन्हें यह सम्मान हिंदुस्तान अकादमी उत्तर प्रदेश एवं कैलाश गौतम सृजन संस्थान प्रयागराज की ओर से दिया गया। डॉ. श्लेष गौतम अध्यक्ष कैलाश गौतम सृजन संस्थान एवं समारोह अध्यक्ष न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी और मुख्य अतिथि रहे न्यायमूर्ति समित गोपाल ने सम्मान प्रदान किया। कॉलेज की प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने प्रो. शुभम को शुभकामनाएं दीं। संवाद

**HIDUSTAN-31.12.2024 PAGE NO.7**



## डॉ. शुभम को साहित्यिक संचेतना सम्मान

मेरठ। शीलकुंज निवासी कवयित्री एवं आरजी डिग्री कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शुभम त्यागी को प्रयागराज में जन कवि कैलाश गौतम साहित्यिक संचेतना सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान हिंदुस्तान अकादमी उत्तर प्रदेश प्रयागराज एवं कैलाश गौतम सृजन संस्थान प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में प्रदान किया गया। इस सम्मान के लिए प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी और अन्य स्टॉफ ने शुभकामनाएं दी हैं।

**DAINIK INEXT-31.12.2024**

## सम्मान मिलने पर बधाई दी



आरजी पीजी कालेज की असिस्टेंट प्रोफेसर एवं कवयित्री डा. शुभम त्यागी को प्रयागराज में जन कवि कैलाश गौतम साहित्यिक संचेतना सम्मान 2024 प्राप्त हुआ. उन्हें ये सम्मान हिंदुस्तान अकादमी उत्तर प्रदेश प्रयागराज एवं कैलाश गौतम सृजन संस्थान प्रयागराज द्वारा प्रदान किया गया. यह सम्मान उन्हें कैलाश गौतम सृजन संस्थान के अध्यक्ष डा. श्लेष गौतम एवं राहुल चतुर्वेदी द्वारा प्रदान किया गया. आरजी पीजी कालेज की प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने डा. शुभम त्यागी को बधाई दी.

**DAINIK JAGRAN-10.01.2025 PAGE NO.IV**



कर्मचारी रामबीर की सेवानिवृत्ति पर उपहार देतीं प्राचार्य व अन्य • सौ. कालेज प्रबंधन

## कर्मचारी रामबीर को प्रशस्ति पत्र-उपहार देकर किया विदा

मेरठ : आरजी पीजी कालेज में गुरुवार को एनसीसी व संस्कृत विभाग के शिक्षणेतर कर्मचारी रामबीर की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने रामबीर को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया। संस्कृत विभाग की प्रो. पूनम लखनपाल व एनसीसी की मेजर प्रो. अंजुला राजवंशी व केयरटेकर आफिसर प्रियंका ने रामबीर के प्रति अपने अनुभव को साझा किया। डा. अंजु रस्तोगी, स्वाति मिश्रा, निधि और लायबा भी उपस्थित रहीं। -जासं

DAINIK INEXT-17.01.2025 PAGE NO.2

# वर्कशॉप में स्टार्टअप को बताया

PIC : DAINIK JAGRAN INEXT



### आरजी गर्ल्स पीजी कॉलेज में आयोजित की गई कार्यशाला

meerut@inext.co.in

**MEERUT (16 Jan):** आरजी गर्ल्स पीजी कॉलेज में प्रिंसिपल प्रो. निवेदिता के निर्देशन में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई. इस अवसर पर इनोवेशन काउंसिल व स्टार्टअप सेल एवं चित्रकला विभाग ने राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाया. इस एक दिवसीय कार्यशाला का शीर्षक एंपावरिंग इनोवेशन स्टार्ट अप सक्सेस स्ट्रेटजीज रहा. इस कार्यक्रम में डॉ. पल्लवी रस्तोगी, संस्थापक चोको डिवाइन एवं मिस प्राची अग्रवाल, संस्थापक अव्युष स्टूडियो को रिसोर्स पर्सन के रूप में आमंत्रित किया गया. उन्होंने बताया कि नवाचार और स्टार्ट - अप किसी भी देश की अर्थव्यवस्था, तकनीकी प्रगति और सामाजिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं. यह ना केवल नए विचारों और तकनीकों को जन्म देता है बल्कि आर्थिक और सामाजिक बदलावों में भी योगदान करते हैं. कार्यशाला के पहले सत्र में डॉ. पल्लवी ने बताया कि स्टार्ट- अप के लिए इनोवेटिव आइडिया महत्वपूर्ण है. अपना उदाहरण देते हुए बताया कि पेशे से वह फिजियोथैरेपिस्ट हैं.वर्धमान इंस्टीट्यूट की डायरेक्टर हैं लेकिन साथ ही उन्हें जब चॉकलेट से बनी खाद्य पदार्थों में जब मिलावट का पता चला तो उन्होंने अपना खुद का चोको डिवाइन नाम से बिजनेस शुरू किया.

**जॉब के अवसर मिलें**

कार्यक्रम के अंतिम चरण में नैक कोऑर्डिनेटर प्रो. सोनिका चौधरी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वह अपना कोई स्टार्ट अप शुरू कर सकते हैं ताकि रोज़गार के अवसर लोगो के लिए खुल सके, वो नौकरी ढूंढने की बजाय नौकरी देने के अवसर पैदा करें. कार्यशाला के अंत में कार्यक्रम की संचालिका डॉ. पूनमलता ने सभी मौजूद लोगों एवं सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया.

HINDUSTAN-17.01.2025 PAGE NO.7

# वर्कशॉप: स्टार्टअप के लिए इनोवेटिव आइडिया जरूरी

मेरठ, संवाददाता। आरजी पीजी कॉलेज मे स्टार्टटप दिवस पर वर्कशॉप हुई। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी, डॉ. पल्लवी रस्तोगी, प्राची अग्रवाल ने किया।

प्राचार्या ने कहा कि नवाचार और स्टार्टअप किसी भी देश की अर्थव्यवस्था, तकनीकी प्रगति और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। डॉ. पल्लवी ने कहा कि स्टार्टअप के लिए इनोवेटिव आइडिया महत्वपूर्ण है। कहा कि वह पेशे से खुद फिजियोथैरेपिस्ट हैं और वर्धमान इंस्टीट्यूट की डायरेक्टर हैं, लेकिन जब उन्हें चॉकलेट से बने खाद्य पदार्थों में मिलावट का पता चला तो उन्होंने अपना खुद का चोको डिवाइन नाम से बिजनेस शुरू किया। इसमें वह बिना मिलावट चॉकलेट युक्त खाद्य सामग्री बनाती हैं। प्राची ने कहा कि उन्होंने अवयुष स्टूडियो स्थापित करके इकोफ्रेंडली पैकेजिंग पेपर तैयार किए। प्रो. सोनिका, डॉ. पूनमलता, प्रो. अर्चना रानी, प्रो. दीक्षा यजुर्वेदी, उपासना रहीं।



आरजी कॉलेज में हुई वर्कशॉप में मौजूद शिक्षिकाएं और छात्राएं।

**DAINIK JAGRAN-17.01.2025 PAGE NO.II**

# समाज और पर्यावरण की जरूरत भी हमें स्टार्टअप का देती हैं आइडिया

जास, मेरठ : आरजी पीजी कालेज में गुरुवार को इनोवेशन काउंसिल व स्टार्टअप सेल एवं चित्रकला विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय एंपावरिंग इनोवेशन स्टार्टअप सक्सेस स्ट्रेटजीज रहा। जिसमें मुख्य वक्ता चोको डिजाइन की संस्थापक डा. पल्लवी रस्तोगी और अक्षुष स्टूडियो की संस्थापक प्राची अग्रवाल रहीं।



संबोधित करती शिक्षिका• जागरण

प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने कहा कि नवाचार और स्टार्टअप किसी भी देश की अर्थव्यवस्था, तकनीकी प्रगति और सामाजिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। डा. पल्लवी ने बताया कि स्टार्टअप के लिए इनोवेटिव आइडिया महत्वपूर्ण है। अपना उदाहरण देते हुए बताया कि पेशे से वह फिजियोथेरेपिस्ट हैं, वर्धमान इंस्टीट्यूट की डायरेक्टर हैं लेकिन साथ ही उन्हें जब उन्हें चाकलेट से बने खाद्य पदार्थों में मिलावट का पता चला तो उन्होंने अपना खुद का चोको डिजाइन नाम से बिजनेस शुरू किया। इसमें वे बिना मिलावट चाकलेट युक्त खाद्य सामग्री बनाती हैं।

दूसरे सत्र में प्राची ने बताया कि कैसे समाज और पर्यावरण की जरूरतें भी स्टार्टअप आइडिया देती हैं। माइक्रोप्लास्टिक से पर्यावरण को किस तरह से बचाया जा सकता, उन्होंने अक्षुष स्टूडियो को स्थापित किया ताकि पैकेजिंग पेपर जो अधिकतर प्लास्टिक के बने होते हैं, उनकी जगह इकोफ्रेंडली पेपर बेच सकें। इससे उन्हें प्रकृति से जुड़ने का अवसर मिला।

नैक कोऑर्डिनेटर प्रो. सोनिका चौधरी ने कहा कि छात्राएं भी अपना कोई स्टार्टअप शुरू कर सकती हैं। जिससे रोजगार नए अवसर मिलेंगे। युवा नौकरी ढूंढने की बजाय नौकरी देने के अवसर पैदा करें। डा. पूनमलता, चित्रकला विभाग की इंचार्ज प्रो. अर्चना रानी, इनोवेशन काउंसिल की अध्यक्ष दीक्षा चतुर्वेदी व उपासना देवी भी उपस्थित रहीं।

**DAINIK JANVANI-17.01.2025**

# नौकरी ढूंढने की बजाय, अवसर पैदा करें: सोनिका



मेरठ (जनवाणी) : गुरुवार को रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में आरजी इनोवेशन काउंसिल व स्टार्टअप सेल एवं चित्रकला विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शीर्षक एंपावरिंग इनोवेशन स्टार्ट अप सक्सेस स्ट्रेटजीज रहा। कार्यक्रम में डॉ. पल्लवी रस्तोगी, संस्थापक चोको डिजाइन एवं प्राची अग्रवाल, संस्थापक अक्षुष स्टूडियो को रिसोर्स पर्सन के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ प्राचार्या निवेदिता के स्वागत भाषण से हुआ। नैक कोऑर्डिनेटर प्रो. सोनिका चौधरी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वह अपना कोई स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं, ताकि रोजगार के अवसर लोगों के लिए खुल सके, वो नौकरी ढूंढने की बजाय नौकरी देने के अवसर पैदा करें। अंत में कार्यक्रम की संचालिका डॉ. पूनमलता ने सभी मौजूद लोगों एवं सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर चित्रकला विभाग की इंचार्ज प्रो. अर्चना रानी, इनोवेशन काउंसिल की प्रेसिडेंट दीक्षा चतुर्वेदी व कन्वीनर उपासना देवी एवं दोनों समितियों की समस्त सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## AMAR UJALA-18.01.2025 PAGE NO.5

### पोस्टर प्रतियोगिता में अदिति प्रथम



आरजी कॉलेज में स्लोगन के साथ प्रतिभागी। स्रोत संस्था

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से सड़क सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने किया। उसके बाद उन्होंने कहा कि भारत में हर साल सड़क दुर्घटनाओं के कारण लगभग 1.5 लाख लोग मरते हैं, यदि सड़क सुरक्षा उपायों को लागू किया जाए तो इस संख्या को कम किया जा सकता है। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को यातायात के नियमों की जानकारी देना था। संचालन प्रो. निरलेप कौर और प्रो. रजनी श्रीवास्तव ने किया। प्रतियोगिता में अदिति कौशिक प्रथम, अभय, द्वितीय और पायल तृतीय रहीं। संवाद

## DAINIK JANVANI-18.01.2025 PAGE NO.5

### आरजीपी की बीएससी फिफ्थ सेमेस्टर वनस्पिति विज्ञान का प्रैक्टिकल आज

मेरठ (जनवाणी)। चौधरी चरण सिंह विवि से संबद्ध रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कालेज आज को बीएससी पांचवें सेमेस्टर (एनईपी) वनस्पति विज्ञान की छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा कालेज के वनस्पति विज्ञान विभाग में सुबह नौ बजे से होगी। कालेज की ओर से कहा गया है कि सभी छात्राएं अपने प्रवेश पत्र, प्रयोगात्मक फाइल, चार्ट मॉडल के साथ पुस्तिकाएं में वनस्पति विज्ञान विभाग में उपस्थित हों। साथ ही उन्हें अपने बैच संबंधित सूची में वनस्पति विज्ञान के नोटिस बोर्ड पर अवश्य चेक करने के निर्देश भी दिये गये हैं।

## DAINIK JAGRAN-18.01.2025 PAGE NO.V

### आरजी पीजी कालेज में हुई स्लोगन-पोस्टर प्रतियोगिता

मेरठ : आरजी पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना ने सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों के बारे में लोगों को जागरूक करना रहा। इसमें साथ लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया। जिससे लोग नियमों को पालन कर सुरक्षित रह सकें। संचालन राष्ट्रीय सुरक्षा योजना प्रथम इकाई की प्रोग्राम अधिकारी प्रो. निरलेप कौर, रजनी श्रीवास्तव, डा. पूजा सरोज और अदिति कौशिक भी उपस्थित रहीं।

## HINDUSTAN-18.01.2025 PAGE NO.8



### सड़क सुरक्षा सप्ताह पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई

मेरठ। आरजी पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना(एनएसएस) ने सड़क सुरक्षा सप्ताह पर स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी के संरक्षण में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। संचालन राष्ट्रीय सुरक्षा योजना प्रथम इकाई की प्रोग्राम अधिकारी प्रो. निरलेप कौर व एनएसएस द्वितीय इकाई की प्रोग्राम अधिकारी प्रोफेसर रजनी श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## DAINIK JAGRAN-18.01.2025 PAGE NO.II

### वनस्पति विज्ञान विषय की प्रयो[illegible]क परीक्षा आज

जासं, [illegible] : आरजी पीजी कालेज में बीएससी [illegible] सेमेस्टर वनस्पति विज्ञान की प्र[illegible]क परीक्षा शनिवार सुबह 9 बजे से [illegible]गी। इसके बाद बीएससी प्रथम सेमेस्टर वनस्पति विज्ञान विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 20 और 21 जनवरी को सुबह 9 बजे से होगी। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने बताया कि छात्राएं प्रवेश पत्र, प्रयोगात्मक फाइल, चार्ट और माडल साथ लेकर आएं।

**DAINIK INEXT-19.01.2025 PAGE NO.04**

# 24 व 25 जनवरी को प्रयोगात्मक परीक्षा

MEERUT (18 Jan, JNN): आरजी पीजी कालेज में बीएससी तृतीय सेमेस्टर वनस्पति विज्ञान विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 24 और 25 जनवरी को वनस्पति विज्ञान विभाग में होगी. प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने बताया कि परीक्षा का समय सुबह 9 बजे का रहेगा. सभी छात्राएं प्रवेश पत्र और प्रयोगात्मक फाइल, चार्ट और मॉडल लेकर उपस्थित रहें.

**AMAR UJALA-19.01.2025 PAGE NO.8**

## ताज उत्सव में डा. शुभम त्यागी सम्मानित



ताज उत्सव में मेरठ की कवयित्री शुभम त्यागी को सम्मानित करते अतिथि।

मेरठ। जीडी गोयनका समूह की ओर से ताज साहित्यिक उत्सव आगरा में किया गया। इस दौरान हुए दो दिवसीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में शील कुंज निवासी आरजी डिग्री कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर कवयित्री डॉ. शुभम त्यागी को सम्मानित किया गया। कॉलेज की प्राचार्य निवेदिता कुमारी, संजीव अग्रवाल, पुनीत वशिष्ठ, पंकज शर्मा, गजेंद्र सिंह आदि ने शुभकामनाएं दीं। ब्यूरो

**DAINIK INEXT-19.01.2025 PAGE NO.04**

## साहित्यिक क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मान



आरजी पीजी कालेज की असिस्टेंट प्रो. शुभम त्यागी को ताज साहित्यिक उत्सव आगरा में सम्मान किया गया. जिसका आयोजन जीडी गोयनका समूह द्वारा किया गया. डॉ. शुभम त्यागी ने ताज साहित्यिक उत्सव में होने वाले दो दिवसीय कवि सम्मेलन में भाग लिया और उन्हें साहित्यिक क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया.

**DAINIK JAGRAN-21.01.2025 PAGE NO.II**

## 22 और 23 को होगी जन्तु विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा

मेरठ: आरजी पीजी में बीएससी प्रथम सेमेस्टर जन्तु विज्ञान विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 22 और 23 जनवरी को सुबह 8.30 बजे विभाग में ही होगी। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमार ने समय पर परीक्षार्थियों को पहुंचने को कहा है।

**DAINIK JAGRAN-24.01.2025 PAGE NO.IV**



आरजी डिग्री कालेज की पुरातन छात्रा व सहारनपुर के मां शाकुंभरी देवी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वाई विमला का गुरुवार को कालेज प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी की अगुवाई में भव्य स्वागत किया गया। प्रो. विमला ने कालेज के दिनों के अनुभवों को साझा करते हुए शिक्षकों से मिली सीख साझा की। स्वागत समारोह में सीसीएसयू की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला भी पहुंचीं • जागरण

AMAR UJALA-24.01.2025 PAGE NO.05

## जीवन में कोई भी कार्य असंभव नहीं



आरजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। स्रोत : संस्थान

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में बृहस्पतिवार को अभिनंदन समारोह हुआ। इसमें सीसीएसयू की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने कहा कि जीवन में कोई भी कार्य असंभव नहीं है। बस जज्बे की जरूरत है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने अतिथियों का स्वागत किया। मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वाई विमला ने कहा कि उनका महाविद्यालय से आत्मीय संबंध रहा है। यह गर्व की बात रही कि महाविद्यालय प्रांगण से निकले बीज वट वृक्ष के समान अन्य शिक्षण संस्थानों में शिक्षा की शीतल छाया प्रदान कर रहे हैं। संवाद

DAINIK JANVANI-24.01.2025 PAGE NO.07

## हमेशा एक डायरी और पेन रखें: प्रो. संगीता शुक्ला



● जनवाणी संवाददाता, मेरठ

रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में गुरुवार को अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला एवं मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय की कुलपति एवं रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज की पूर्व छात्रा प्रो. विमला वाई आदि मौजूद रहे।। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी द्वारा अतिथियों को प्लांटर, स्मृति चिन्ह भेंट किया गया एवं पटका पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय कि कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने अपने जीवन के कुछ प्रेरणादाई संस्मरणों को छात्राओं के संग साझा किया, छात्राओं को सफलता रूपी मूल-मंत्र देते हुए कहा कि अपने पास हमेशा एक डायरी और पेन रखें, जिसमें आपके तय किए गए भविष्य के कुछ लक्ष्य हो जिन्हें आपको पूरा करना है। प्रोग्राम की दूसरी महत्वपूर्ण अतिथि प्रो. वाई. विमला ने कहा कि उनका महाविद्यालय से आत्मीय संबंध रहा है, उनके घर की दीवार महाविद्यालय दीवार से जुड़ी हुई है और उनका हृदय इस महाविद्यालय के प्रांगण से जुड़ा है। इस मौके पर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग अध्यक्ष प्रो. दिनेश तथा मोटिवेशनल स्पीकर फिजिक्स के विषय विशेषज्ञ प्रो. राजीव भी उपस्थित रहे। [illegible] अभिनंदन समारोह की संचालक डॉ [illegible] वेलफेयर प्रो. रीनू जैन रही।

HINDUSTAN-24.01.2025 PAGE NO.08



## आरजी कॉलेज में नेता[illegible]जी को याद [illegible]

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज [illegible] शिक्षा विभाग द्वारा गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी का जन्म जयंती समारोह मनाया गया। साक्षी अहलावत, स्वाति [illegible] ंदरियाल, अव[illegible] [illegible]शा खान, सादिया एवं [illegible]रीन आदि ने भाग लिया। प्र[illegible] [illegible]न ने सु[illegible] [illegible] बोस के विचारों को ग्रह[illegible] करने की प्रेरणा दी [illegible] शुभम त्यागी [illegible] का [illegible]या। कार्य[illegible] में [illegible] विभाग से डॉ. सीमा [illegible], डॉ. अनुजा अग्रवाल [illegible] शिवानी त्यागी [illegible] रहे।

HINDUSTAN-25.01.2025 PAGE NO.08

## सेव दी गर्ल चाइल्ड विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज की प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी के संरक्षण में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर 'सेव दी गर्ल चाइल्ड' विषय पर पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने किया। कार्यक्रम का संयोजन प्रोग्रेसिव वीमेन फोरम फॉर सोशल चेंज की इंचार्ज प्रो. रजनी श्रीवास्तव और एक्टिविटी क्लब की इंचार्ज प्रो. मंजूलता ने किया। निर्णायक मंडल में प्रो. अनु रस्तोगी और डॉ. गरिमा कुमारी शामिल रहीं। निर्लेप कौर, डॉ. स्वाति शर्मा, पूजा सरोज आदि रहीं।

DAINIK INEXT-28.01.2025 PAGE NO.7

# मधुमक्खी पालन की जानकारी ली

PIC. JNN



MEERUT (27 Jan, JNN): आरजी पीजी कालेज के रसायन विज्ञान विभाग और वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा प्लांट कंजर्वेशन सोसाइटी एवं कैमिस्ट्री एसोसिएशन की ओर से सोमवार को ट्रेनिंग प्रोग्राम करवाया गया. जिसके तहत छात्राओं ने बीआइएमटी कालेज का भ्रमण किया. जहां केशव सिंघल ने मधुमक्खी पालन तथा वर्मीकम्पोस्ट के बारे में बताया. केशव सिंघल ने बताया की मधुमक्खी पालन करने के लिए शांत और प्रदूषण रहित स्थान का चुनाव किया जाता है. लकड़ी के बने हुए बक्सों में मधुमक्खी को पालने के लिए उसमें कुछ मधु मक्खियों को डाला जाता है, और मधुमक्खिया अंडे देकर अपनी संख्या बढ़ाती है. मधुमक्खियां आसपास के वातावरण में घूमकर फूलों से पराग एकत्र कर वापस बी बाक्स में आती हैं. करीब तीन महीने बाद छत्ते से शहद निकालने की प्रक्रिया शुरू की जाती है. वहीं दूसरी ओर प्लांट कंजर्वेशन सोसायटी द्वारा आउटरीच एक्टिविटी आयोजित की गई. जिसके तहत छात्राओं ने बीडीएस कालेज का भ्रमण किया. जहां डॉ. गरिमा मलिक ने प्लांट कंजर्वेशन सोसायटी की स्थापना और कार्य प्रणाली के बारे में बताया. डॉ. रेनू चौधरी ने खाद्य पदार्थों में मिलावट की जानकारी दी. डॉ. अनुपम सिंह औषधीय पौधे और उनके प्रयोग की जानकारी दी. इसके साथ ही परिवहन सुरक्षा समिति द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.

DAINIK JAGRAN-28.01.2025 PAGE NO.11

# छात्राओं ने ली मधुमक्खी पालन की जानकारी




बीआइएमटी कालेज पहुंचीं आरजी पीजी कालेज के रसायन विज्ञान विभाग और वनस्पति विज्ञान विभाग की छात्राएं ● सौ. कालेज

मेरठः आरजी पीजी कालेज के रसायन विज्ञान विभाग और वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा प्लांट कंजर्वेशन सोसाइटी एवं केमिस्ट्री एसोसिएशन की ओर से सोमवार को ट्रेनिंग प्रोग्राम करवाया गया। जिसके तहत छात्राओं ने बीआइएमटी कालेज का भ्रमण किया। जहां केशव सिंघल ने मधुमक्खी पालन तथा वर्मी कम्पोस्ट के बारे में बताया। केशव सिंघल ने बताया की मधुमक्खी पालन करने के लिए शांत और प्रदूषण रहित स्थान का चुनाव किया जाता है। लकड़ी के बने हुए बक्सों में मधुमक्खी को पालने के लिए उसमें कुछ मक्खियों को डाला जाता है। मधुमक्खियां अंडे देकर अपनी संख्या बढ़ाती हैं। मधुमक्खियां आसपास के वातावरण में घूमकर फूलों से पराग एकत्र कर वापस बी बाक्स में आती हैं। करीब तीन महीने बाद छत्ते से शहद निकालने की प्रक्रिया शुरू की जाती है। वहीं दूसरी ओर प्लांट कंजर्वेशन सोसायटी द्वारा आउटरीच एक्टिविटी आयोजित की गई। जिसके तहत छात्राओं ने बीडीएस कालेज का भ्रमण किया। जहां डा. गरिमा मलिक ने प्लांट कंजर्वेशन सोसायटी की स्थापना और कार्यप्रणाली के बारे में बताया। डा. रेनू चौधरी ने खाद्य पदार्थों में मिलावट व डा. अनुपम सिंह औषधीय पौधे और उनके प्रयोग की जानकारी दी।

DAINIK JAGRAN-28.01.2025

## भूगोल विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 29 को होगी

मेरठ: आरजी पीजी कालेज एवं तिरुपति बालाजी कन्या महाविद्यालय की ओर प्रथम सेमेस्टर भूगोल विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 29 जनवरी को सुबह 9.30 बजे भूगोल विभाग में होगी। वहीं ओर तृतीय सेमेस्टर भूगोल विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा भूगोल विभाग में 3 फरवरी को सुबह 9.30 बजे विभाग में होगी। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने कहा कि सभी छात्राएं प्रवेश पत्र, प्रयोगात्मक फाइल सहित यूनिफार्म में समय से कालेज में उपस्थित रहें।

## राजनीतिक विज्ञान विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 31 जनवरी को

मेरठ: आरजी पीजी कालेज एवं तिरुपति बालाजी कन्या महाविद्यालय की ओर प्रथम सेमेस्टर एवं स्पेशल बैक राजनीतिक विज्ञान विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 31 जनवरी को सुबह 9.30 बजे राजनीति विज्ञान विभाग में होगी। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने कहा कि सभी छात्राएं प्रवेश पत्र, प्रयोगात्मक फाइल और यूनिफार्म में समय से कालेज में उपस्थित रहें।

HINDUSTAN-29.01.2025 PAGE NO.8

## उद्यमिता के उपयोग पर कार्यशाला

मेरठ। आरजी पीजी गर्ल्स कालेज में कंप्यूटर विज्ञान विभाग, साइबर सेल और इनोवेशन काउंसिल मेरठ को विश्व डेटा प्राइवेसी दिवस पर डिजाइन थिंकिंग और उद्यमिता का उपयोग पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। आयोजन का उद्देश्य प्रतिभागियों को डिजाइन सोच और जागरुकता को बढ़ावा देना रहा। प्रतियोगिता में दीवान इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के सार्थक वत्स ने प्रथम पुरस्कार, बीआईटी से दिशा गुप्ता ने प्रथम पुरस्कार जीता जीता। अंतरविभागीय श्रेणी में आरजी पीजी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग से अवनीत कौर सरना ने प्रथम पुरस्कार व समाजशास्त्र विभाग से प्रगति रस्तोगी ने द्वितीय पुरस्कार जीता।

## अतिथि व्याख्यान का आयोजन

मेरठ। आरजी पीजी कालेज में संस्कृत साहित्य परिषद ,संस्कृत विभाग, ज्ञानार्जन भारतीय ज्ञान परम्परा एवं रिसर्च डेवलपमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका विषय भारतीय ज्ञान परम्परा में संस्कृत काव्यशास्त्रियों का अवदान विषय रहा।

AMAR UJALA-28.01.2025 PAGE NO.5

## औषधीय पौधों के संरक्षण पर प्रकाश डाला

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज की प्लांट कंजर्वेशन सोसायटी द्वारा सोमवार को एक एक्सटेंशन और आउटरीच एक्टिविटी आयोजित की गई। एक्टिविटी के दौरान डॉ. गरिमा मलिक, डॉ मधु मालिक, डॉ. अनुपम सिंह, डॉ रेनू चौधरी और डॉ. शीतल पांडे के साथ छात्राओं ने बीडीएस कालेज का भ्रमण किया। डॉ. गरिमा मलिक ने प्लांट कंजर्वेशन सोसायटी की स्थापना और कार्य प्रणाली के बारे में बताया। उन्होंने पर्यावरण के संरक्षण में पौधों की भूमिका के बारे में बताते हुए प्लास्टिक के दुष्प्रभाव पर प्रकाश डाला। डॉ. रेनू चौधरी ने खाद्य पदार्थों में मिलावट विषय पर व्याख्यान दिया। संवाद

DAINIK JAGRAN-29.01.2025 PAGE NO.II

## भारतीय ज्ञान परंपरा में संस्कृत काव्य शास्त्रियों का अवदान विषय पर अतिथि व्याख्यान

जासं, मेरठ: आरजी पीजी कालेज में संस्कृत साहित्य परिषद ,संस्कृत विभाग, ज्ञानार्जन भारतीय ज्ञान परंपरा एवं रिसर्च डेवलपमेंट सेल द्वारा मंगलवार को अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका विषय भारतीय ज्ञान परंपरा में संस्कृत काव्यशास्त्रियों का अवदान रहा। मुख्य वक्ता एमएमएच कालेज गाजियाबाद संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. मधु श्रीवास्तव ने संस्कृत काव्यशास्त्र के विभिन्न आचार्यों का संक्षिप्त परिचय देते हुए काव्य के स्वरूप के लिए प्रयोजन, गुणधर्म अलंकार शब्दशक्तियां, व दोष के बारे में छात्राओं को बताया। ... अभिधा, लक्षणा, व्यंजना के भिन्न भिन्न स्वरूप तथा उनकों दृष्टान्त के माध्यम से समझाया। काव्य में व्याकरण एवं व्यवहार की ... की भिन्नता को स्पष्ट किया। प्रो पूनम लखनपाल, डा. अंजू रस्तोगी, डा. ... सिंह एवं डा. निशि भी उपस्थित रही। वहीं कंप्यूटर विज्ञान विभाग, साइबर सेल और इनोवेशन काउंसिल द्वारा विश्व डेटा प्राइवेसी दिवस पर साइबर सुरक्षा समाधानों का नवाचार डेटा गोपनीयता चुनौतियां हल करने को डिजाइन थिंकिंग और उद्यमिता का उपयोग करना विषय पर आनलाइन कार्यक्रम हुआ। जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों को डिजाइन सोच और उद्यमशीलता दृष्टिकोण का लाभ उठाना रहा। प्रो. सोनिका चौधरी, प्रो. दीक्षा यजुर्वेदी, चित्रांशी शर्मा व श्वेता मित्तल मौजूद रहीं।



कार्यक्रम में संबोधित करतीं वक्ता • सौ. कालेज

**DAINIK JAGRAN-30.01.2025 PAGE NO.IV**

## आरजी डिग्री कालेज में प्रयोगात्मक परीक्षा एक से

मेरठ : आरजी महिला पीजी कालेज में बीएससी एनईपी पीसीएम विभाग की सेमेस्टर प्रयोगात्मक परीक्षाएं एक फरवरी से शुरू हो रही है। भौतिक विज्ञान विषय सेमेस्टर पांच की प्रयोगात्मक परीक्षा एक फरवरी और सेमेस्टर तीन की प्रयोगात्मक परीक्षा तीन फरवरी को सुबह 9:30 बजे होगी।

**HINDUSTAN-31.01.2025 PAGE NO.07**

## छात्राओं ने समझा स्वच्छता का महत्व

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में प्राचार्या प्रो.निवेदिता कुमारी के निर्देशन में एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। प्रो.निलेप कौर और प्रो.रजनी श्रीवास्तव के अनुसार शिविर में छात्राओं ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के महत्व को समझा। डॉ. गीतिका सिंघल ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति है और इसे बनाए रखने को स्वच्छता जरूरी है।

**DAINIK INEXT-31.01.2025 PAGE NO.07**

# 'अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी संपत्ति है'

**MEERUT (30 Jan, JNN):** आरजी पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को भावपूर्ण श्रद्धांजलिदी गई. महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखा. इसके बाद वरदान इंस्टीट्यूट आफ आल्टरनेटिव मेडिसीन एंड हीलिंग साइंसेज की सचिव डा. गीतिका सिंघल ने स्वास्थ्य और स्वच्छता विषय पर व्याख्यान दिया. उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य और स्वच्छता का हमारे जीवन में बहुत महत्व है. अच्छा स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति है, और इसे बनाए रखने के लिए स्वच्छता जरूरी है.

PIC : JNN



### जीवन शैली को सुधारें

नियमित रूप से स्नान करना, साफ कपड़े पहनना, स्वच्छ और संतुलित आहार लेना, शुद्ध पानी पीना और व्यायाम करना स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है. स्वास्थ्य और स्वच्छता हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं. एक छोटी सी लापरवाही बड़ी बीमारी का कारण बन सकती है. एक साफ और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर हम स्वयं को और समाज को बेहतर बना सकते हैं. स्वच्छता अपनाए स्वास्थ्य बनाए. इसके साथ ही एक्युप्रेशर प्वाइंट्स द्वारा इमर्जेंसी हैंडलिंग से भी छात्राओं को अवगत करवाया गया. छात्राओं ने पुराने कपड़ों से बहुत ही उपयोगी कैरी बैग और मास्क बनाए. छात्राओं ने लाला रामानुज दयाल वैश्य अनाथ आश्रम के पास मलिन बस्ती में महिलाओं और बालिकाओं को सेनेटरी पैड वितरित किए और इसके उपयोग का महत्व बताया.

AMAR UJALA-01.02.2025 PAGE NO.6

## कौशल प्रशिक्षण के लिए हुआ समझौता



आरजी कॉलेज में एमओयू पर साइन करते अतिथि। स्रोत : संस्था

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के स्किल डेवलपमेंट सेल की ओर से कौशल विकास और प्रशिक्षण के लिए एईएसपीएल एजुऑन के साथ महत्वपूर्ण एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को कौशल विकास के लिए प्रेरित करना है। सेल की कन्वीनर प्रो. नीना बत्रा ने बताया कि एमओयू के तहत छात्राओं को कौशल विकास प्रशिक्षण के तहत विभिन्न कोर्सेज कराए जाएंगे। इससे उनके लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर कर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में एजुऑन के डायरेक्टर नीरज अरोड़ा और कोऑर्डिनेटर हिमांशु शर्मा उपस्थित रहे। सोनिका चौधरी, प्रो. ममता उपाध्याय, प्रो. भावना मित्तल सहित अन्य मौजूद रहीं। संवाद

DAINIK JAGRAN-03.02.2025 PAGE NO.6

## आर्द्रभूमि का संरक्षण पृथ्वी पर जीवन का संरक्षण है

मेरठ: आरजी पीजी कालेज की प्लांट कंजर्वेशन सोसायटी द्वारा विश्व आर्द्र भूमि दिवस पर रविवार को आनलाइन अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता हंसराज कालेज दिल्ली बाटनी विभाग की प्रो. मोनिका कौल रहीं। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने कहा कि प्रकृति की खूबसूरती को उभारने वाले वेटलैंड का इंसानी सभ्यता एवं संस्कृति को समृद्ध करने में बड़ा योगदान रहा है। वहीं प्रो. मोनिका कौल ने कहा कि पूरे विश्व में पिछले दो दशकों में आर्द्रभूमि में निरंतर कमी आ रही है, जिससे पृथ्वी की जैव विविधता पर अत्यंत प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। विश्व भर में वेटलैंड को बचाए रखने के लिए मिलजुल कर प्रयास करने होंगे। उन्होंने बताया कि आर्द्रभूमि जल विज्ञान चक्र, बाढ़ नियंत्रण और जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आर्द्रभूमि का संरक्षण पृथ्वी पर जीवन का संरक्षण है। डा. गरिमा मलिक, डा. मधु मलिक और डा. अनुपमा सिंह भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, बिहार, जम्मू कश्मीर तथा महाराष्ट्र से प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

DAINIK JAGRAN-02.02.2025 PAGE NO.IV

## रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा चार और पांच को होगी

मेरठ: आरजी पीजी कालेज में बीएससी प्रथम सेमेस्टर रसायन विज्ञान विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा चार और पांच फरवरी को सुबह 9:30 बजे रसायन विज्ञान विभाग में होगी। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने कहा कि छात्राएं प्रवेश पत्र, प्रयोगात्मक फाइल लेकर आएं।

DAINIK INEXT-04.02.2025 PAGE NO.4

## जंतु विज्ञान की परीक्षा 4 को होगी

**MEERUT (3 Feb, JNN):** आरजी पीजी कालेज में एमएससी प्रथम सेमेस्टर तथा एमएससी तृतीय सेमेस्टर जंतु विज्ञान विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 4 फरवरी को होगी. प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने बताया कि एमएससी प्रथम सेमेस्टर और तृतीय सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा सुबह 10 बजे होगी. सभी छात्राएं प्रवेश पत्र, फाइल, चार्ट लेकर यूनिफार्म भी समय से विभाग में उपस्थित रहे.

DAINIK INEXT-04.02.2025 PAGE NO.2

## गृहविज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा 4 को होगी

आरजी पीजी कालेज में बीए प्रथम वर्ष गृहविज्ञान विषय की प्रयोगात्मक लिखित परीक्षा 4 फरवरी को दोपहर एक बजे और कुकिंग एवं बायवा 5 फरवरी को सुबह 9.30 बजे होगा. वहीं द्वितीय वर्ष तृतीय सेमेस्टर बाहय प्रयोगात्मक परीक्षा 12 फरवरी को सुबह 9.30 बजे होगी. प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने बताया कि तृतीय वर्ष पंचम सेमेस्टर की बाहय प्रयोगात्मक परीक्षा 19 फरवरी को सुबह 9.30 बजे होगी.

**HINDUSTAN-04.02.2025 PAGE NO.7**

# अटल इरादे वाले वो थे, अटल ही उनका नाम था...

**कार्यक्रम**

- आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कवि कुंभ का हुआ आयोजन

मेरठ, वरिष्ठ संवाददाता। आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज में सोमवार को बीएड विभाग एवं रविंद्र नाथ टैगोर साहित्यिक क्लब की ओर से भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कवि कुंभ आयोजित किया गया। शहर के जाने माने कवियों की उपस्थिति रही और अपनी कविताओं से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

डॉ पॉपुलर मेरठी, डॉ ईश्वर चंद गंभीर, सतपाल सत्यम, डॉ अनुज त्यागी, जगबीर शर्मा जलज, साजन बालियान, निमेष पांडे, ज्योति उपाध्याय आदि रहे। कवि कुंभ की आयोजक प्रो. सुनीता सिंह व सह आयोजक प्रो. अर्चना रानी और संयोजक डॉ शुभम त्यागी रही। मां शारदे की वंदना बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा शालिनी ने की। बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा साक्षी अहलावत व स्वाति सुंदरियाल गौतम ने अटल जी की कविताओं का वाचन किया।

काव्य पाठ के अवसर पर सतपाल सत्यम ने कहा कि सरस्वती के वरद पुत्र थे, अटल बिहारी वाजपेयी, राजनीति के सुचरित्र थे अटल बिहारी वाजपेयी सुनाकर भाव विभोर कर दिया। डॉ. ईश्वर चंद गंभीर ने शिक्षा दो संस्कार दो सद आचरण तो दो। अपनी परंपरा का इन्हें व्याकरण तो दो... सुनाया।

डॉ पॉपुलर मेरठी ने कहा कि फनकार हम हैं जहां की ऊंची उड़ान है, दुनिया यह जानती है हमारी जो शान है। डॉ चंद्रशेखर मयूर ने कहा कि आकर्षित व्यक्तित्व की कोई नकल नहीं हो सकता है, हर दिल में अंकित होने में सफल नहीं हो सकता है, यूं तो राजनीति में आकर नेता कितने मिल जाएंगे, पर हीरे जैसा खरा चमकता अटल नहीं हो सकता है... को सुनाया।

डॉ अनुज त्यागी ने तन है राम का मन है राम का, सब के राम हैं सब है राम का, धरा पुकारे नाम राम का, नभ में है जयकारा राम का सुनाकर भाव विभोर कर दिया।

निमिष कुमार पांडे ने कहा नीम की छांव जैसा तो कोई नहीं, एक वक्त ठौर जैसा तो कोई नहीं को प्रस्तुत किया। मंच संचालिका डॉ शुभम त्यागी ने कहा कि अटल इरादे वाले वो थे, अटल ही उनका नाम था, दुनिया को जो शिक्षित कर दे ऐसा उनका काम था। अंत में प्राचार्य प्रो निवेदिता कुमारी के उद्बोधन के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।



सोमवार को आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज में कवि कुंभ का आयोजन हुआ। • हिन्दुस्तान

**DAINIK JAGRAN-04.02.2025 PAGE NO.6**

# अटल इरादे वाले थे वो अटल ही उनका नाम था ...



आरजी पीजी कालेज में कवि कुंभ कार्यक्रम में कविता सुनाते कवि साजन • जागरण



कवि कुंभ कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व छात्राएं • जागरण

जागरण संवाददाता, मेरठ : फनकार हम हैं जहां की ऊंची उड़ान है दुनिया यह जानती है हमारी जो शान है, बेगम कहोगी हमको कहां तक बुरा भला बस चुप रहो हमारे मुंह में जुबान है। ये पंक्तियां कवि डा. पापुलर मेरठी ने कहीं। उन्होंने आरजी पीजी कालेज में हिंदी और बीएड विभाग एवं रविंद्र नाथ टैगोर साहित्यिक क्लब द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी वर्ष पर सोमवार को आयोजित कवि कुंभ कार्यक्रम में रचनाएं सुनाईं।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने दीप जलाकर की। डा. पापुलर मेरठी, डा. ईश्वर चंद गंभीर, सतपाल सत्यम, डा. अनुज त्यागी, जगबीर शर्मा जलज, साजन बालियन, निमेष पांडे और ज्योति उपाध्याय शामिल रहे। मां शारदे की वंदना बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा शालिनी द्वारा की गई। इसके बाद बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा साक्षी अहलावत एवं स्वाति सुंदरियाल गौतम ने अटल बिहारी वाजपेयी की कविताओं का वाचन किया। कवि सत्यपाल सत्यम ने सरस्वती के वरद पुत्र थे अटल बिहारी वाजपेयी राजनीति के सुचरित्र थे अटल बिहारी वाजपेयी कविता सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। वहीं डा. ईश्वर चंद गंभीर ने शिक्षा दो संस्कार दो सद्-आचरण तो दो, अपनी परंपरा का इन्हें व्याकरण तो दो कविता सुनाई।

डा. चंद्रशेखर मयूर ने आकर्षित व्यक्तित्व की कोई नकल नहीं हो सकता है, हर दिल में अंकित होने में सफल नहीं हो सकता है, यूं तो राजनीति में आकर नेता कितने मिल जाएंगे, पर हीरे जैसा खरा चमकता अटल नहीं हो सकता है। कवि डा. अनुज त्यागी ने तन है राम का मन है राम का सब के राम हैं सब है राम का धरा पुकारे नाम राम का नभ में है जयकारा राम का कविता सुनाई। कवि निमिष कुमार पांडे ने नीम की छांव जैसा तो कोई नहीं, मंदिरों में जाना सही है मगर पिता के पांव जैसा तो कोई नहीं कविता सुनाकर खूब तालियां बटोरीं। कवयित्री एवं मंच संचालिका डा. शुभम त्यागी ने अटल इरादे वाले थे वो अटल ही उनका नाम था, दुनिया को जो शिक्षित कर दे ऐसा उनका काम था, सुनाई। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने कहा कि कवि समाज का दर्पण है एवं समाज सुधारक भी है। मीडिया प्रभारी प्रो. सुनीता सिंह और डा. पूनम लता सिंह भी उपस्थित रहीं।

AMAR UJALA-04.02.2025 PAGE NO.5



# दुनिया यह जानती है, हमारी जो शान है...पर बजीं तलियां

## आरजी कॉलेज में अटल बिहारी वाजपेयी के जनशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कराया गया कवि सम्मेलन

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सरस्वती के वरद पुत्र और राजनीति के सुचरित्र ... अटल बिहारी वाजपेयी...इन पक्तियों के साथ सोमवार को आरजी पीजी कॉलेज के बीएड विभाग की ओर से अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. पॉपुलर मेरठी, डॉ. ईश्वर चंद गंभीर, सतपाल सत्यम, डॉ अनुज त्यागी, जगबीर शर्मा जलज, साजन बालियन, निमेष पांडे और ज्योति उपाध्याय सहित अन्य ने रचनाएं पढ़ीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्य डॉ. निवेदिता मलिक ने किया। इसके बाद साक्षी अहलावत एवं स्वाति सुंदरियाल ने अटल की कविताओं का वाचन किया। डॉ. ईश्वर चंद गंभीर ने सुनाया- शिक्षा दो संस्कार दो, सद आचरण तो दो, अपनी परंपरा का इन्हें व्याकरण तो दो। डॉ. पॉपुलर मेरठी ने कहा- फनकार हम हैं जहां की ऊंची उड़ान है, दुनिया यह जानती है, हमारी जो शान है। डॉ. चंद्रशेखर मयूर ने कहा- आकर्षित व्यक्तित्व की कोई नकल नहीं हो सकता है...हर दिल में अंकित होने में सफल नहीं हो सकता है, यूं तो राजनीति में आकर नेता कितने मिल जाएंगे, पर हीरे जैसा खरा चमकता अटल नहीं हो सकता है। डॉ. अनुज त्यागी ने कहा तन है राम का मन है राम का...सुनाकर तालियां बंटोरीं।





आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित कवि सम्मेलन में मौजूद शिक्षिकाएं व छात्राएं और काव्य पाठ करते डॉ. अनुज त्यागी। संवाद

DAINIK JANVANI-4.02.2025 PAGE NO.4

# आरजी पीजी कॉलेज में कवि कुंभ से बही काव्य की गंगा



● जनवाणी संवाददाता, मेरठ

रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के हिंदी विभाग बीएड विभाग एवं रवींद्र नाथ टैगोर साहित्यिक क्लब द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सोमवार को प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी के दिशा निर्देशन में एक कवि कुंभ का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर के प्रसिद्ध कवियों ने अपनी रचनाएं पेश की। कवियित्री एवं मंच संचालिका डॉ. शुभम त्यागी ने कहा कि अटल इरादे वाले वो थे, अटल ही उनका नाम था दुनिया को जो शिक्षित कर दे ऐसा उनका काम था। प्रो. निवेदिता कुमारी ने कहा कि कवि समाज का दर्पण है एवं समाज सुधारक भी है, जो हमें

## भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर हुआ काव्य पाठ

एक दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में हिंदी विभाग बीएड विभाग एवं रवींद्रनाथ टैगोर साहित्यिक क्लब की सभी शिक्षिकाओं का सहयोग रहा। कवि कुंभ की आयोजक प्रो. सुनीता सिंह सह आयोजक प्रो. अर्चना रानी एवं संयोजक डॉ. शुभम त्यागी रही। वहीं, सत्यपाल सत्यम ने कहा कि सरस्वती के वरद पुत्र थे, अटल बिहारी वाजपेई, राजनीति के सुचरित्र थे, अटल बिहारी वाजपेई आदि। डॉ. ईश्वर [illegible] गंभीर ने कहा कि शिक्षा दो

## ये कवि रहे मौजूद

डॉ. पॉपुलर मेरठी, डॉ. ईश्वर चंद गंभीर, सतपाल सत्यम, डॉ. अनुज त्यागी, जगबीर शर्मा जलज, साजन बालियान, [illegible] ज्योति, सुंदरियाल गौतम द्वारा अटल की कविताओं का वाचन किया गया।

संस्कार दो सद आचरण तो दो। अपनी परंपरा का इन्हें व्याकरण तो दो। डॉ. पॉपुलर मेरठी ने कहा कि फनकार हम हैं जहां की ऊंची उड़ान है। दुनिया यह जानती है हमारी जो शान है। बेगम कहांसी हमको कहां तक बुरा भला। बस चुप रहो हमारे मुंह में जबान है। वहीं, डॉ. चंद्रशेखर मयूर ने कहा कि आकर्षित व्यक्तित्व की कोई नकल नहीं हो सकता है।

DAINIK JAGRAN-05.02.2025 PAGE NO.IV

## यौगिक साइंस की बाहय प्रयोगात्मक परीक्षा कल होगी

मेरठ : आरजी पीजी कालेज के बीवाक यौगिक साइंस के तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर यौगिक साइंस विषय की बाहय प्रयोगात्मक परीक्षा 6 फरवरी को सुबह 10.30 बजे होगी। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने कहा कि सभी छात्राएं प्रवेश पत्र प्रयोगात्मक परीक्षा सामग्री सहित यूनिफार्म में विभाग में उपस्थित रहें।

DAINIK JANVANI-06.02.2025 PAGE NO.4

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान पर पौधरोपण आयोजित



● जनवाणी संवाददाता, मेरठ

बुधवार को रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में वसुधा इको क्लब एवं प्रोग्रेसिव वीमेन फोरम फॉर सोशल चेंज समिति के संयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार द्वारा संचालित बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पौधरोपण अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. निवेदिता ने बेटियों और पौधों को साक्षात प्रकृति का स्वरूप बताते हुए दोनों की देखभाल एवं उनके उचित विकास पर बल दिया। पौधारोपण कर सभी छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को इनके सतत विकास एवं संरक्षण का संकल्प कराया। कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. कल्पना चौधरी तथा प्रो. रजनी श्रीवास्तव एवं आयोजन सचिव निर्लेप कौर रहीं। जंतु विज्ञान की प्रो. कल्पना चौधरी ने एमएससी जंतु विज्ञान की आठ बेटियों के नाम पर आम और जामुन के पेड़ लगाए। इस मौके पर आयशा खातून, दिव्या, प्रिया मीना, संध्या, भूमि, तेजस्विनी, अन्विता, अंशु, तन्वी, सुमैया, नीतू, कनुप्रिया, पूजा, श्वेता, अंजलि, आंचल आदि मौजूद रहे।

AMAR UJALA-06.02.2025 PAGE NO.6



आरजी पीजी कॉलेज में पौधरोपण करतीं छात्राएं। स्रोत : संस्थान

# आरजी कॉलेज में किया पौधरोपण

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के वसुधा इको क्लब के तत्वावधान में संचालित बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के दस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलेज प्राचार्या [illegible] निवेदिता कुमारी ने बेटियों और पौधों को साक्षात प्रकृति का स्वरूप बताया। कार्यक्रम संयोजिका प्रो. कल्पना चौधरी और प्रो. रजनी रहीं। जंतु विज्ञान की प्रो. कल्पना चौधरी ने एमएससी जंतु विज्ञान की आठ बेटियों के नाम पर आम और जामुन के पेड़ लगाए। छात्राओं व शिक्षिकाओं ने [illegible]टल प्रांगण में श्रमदान कर पौधरोपण में सहभागिता की। संवाद

**HINDUSTAN-06.02.2025 PAGE NO.6**



## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत पौधरोपण

मेरठ। आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज में वसुधा इको क्लब व प्रोग्रेसिव वुमेन फोरम फॉर सोशल चेंज समिति की ओर से संचालित बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। संयोजिका प्रो. कल्पना चौधरी व प्रो. रजनी श्रीवास्तव व आयोजन सचिव निर्लेप कौर रहीं। प्राचार्य प्रो. निवेदिता, जंतु विज्ञान की प्रो. कल्पना चौधरी, आयशा खातून, दिव्या, प्रिया मीना, संध्या, भूमि, तेजस्विनी, अन्विता, अंशु आदि रहीं।

**DAINIK JAGRAN-06.02.2025 PAGE NO.II**



आरजी पीजी कालेज में वसुधा इको क्लब और प्रोग्रेसिव वूमेन फोरम के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के दस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं और शिक्षिकाओं ने पौधारोपण किया। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने बेटियों और पौधों को प्रकृति का स्वरूप बताते हुए उनकी देखभाल और विकास पर बल दिया। प्रो. कल्पना चौधरी, प्रो. रजनी श्रीवास्तव और निर्लेप कौर मौजूद रहीं • जागरण

**AMAR UJALA-08.02.2025 PAGE NO.5**

## आरजी में छात्राओं ने किया श्रम दान



आरजी कॉलेज में श्रमदान करतीं छात्राएं। स्रोत : संस्था

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत छात्राओं ने श्रम दान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी, प्रो. निर्लेप कौर और प्रो. रजनी श्रीवास्तव ने किया। इसके बाद 35 छात्राओं ने पर्यावरण के अनुकूल रंगों से मिट्टी के गमलों की रंगाई के साथ मंदिर के निकट की सीढ़ियों की सफाई की। इस दौरान ईंधन रहित खाना पकाने की प्रतियोगिता कराई गई। इसमें छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ प्रतिभाग किया और विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अदिति कौशिक, द्वितीय स्थान रितु चौधरी और तृतीय स्थान अन्विता मिश्रा ने प्राप्त किया। वहीं छात्राओं ने खो-खो खेल भी खेला। कार्यक्रम में पूजा सरोज, शिवानी, सिमरन, अर्पिता, अर्पण सिया और पायल सहित अन्य का योगदान रहा। संवाद

**DAINIK JAGRAN-08.02.2025 PAGE NO.II**

## आरजी कालेज में प्रयोगात्मक परीक्षा 10 फरवरी से

मेरठः आरजी पीजी कालेज ने प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथि जारी कर दी है। प्रो. सुनीता ने बताया कि बीए तृतीय सेमेस्टर मनोविज्ञान विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 10 और 11 फरवरी को होगी। परीक्षार्थी संबंधित विभाग में परीक्षा संबंधी अन्य जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## आरजी पीजी में रासेयो शिविर का आयोजन

आरजी पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान 35 छात्राओं ने मिट्टी के गमलों की रंगाई और सीढ़ियों की सफाई कर श्रमदान दिया। तत्पश्चात ईंधन रहित खाना पकाने की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें अदिति कौशिक प्रथम, रितु चौधरी द्वितीय और अंविता मिश्रा तृतीय स्थान पर रहीं। प्राचार्य निवेदिता कुमारी, एसोसिएट प्रो. निर्लेप कौर, प्रो. रजनी श्रीवास्तव मौजूद रहीं।

HINDUSTAN-09.02.2025 PAGE NO.7

## आरजी में मंडला एवं लिप्पन कार्यशाला संपन्न

मेरठ, संवाददाता। आरजी डिग्री कालेज में चार दिवसीय कार्यशाला ए क्रिएटिव वर्कशॉप एक्सप्लोरिंग मंडला आर्ट एवं लिप्पन आर्ट का शनिवार का समापन हो गया।

मंडला आर्ट में गोलाकार धरातल में बनाए जाने वाले असंख्य बिन्दुओं का डिजाइन ब्रह्मांड को दर्शाता है। वहीं गुजरात के कच्छ क्षेत्र और सिंध में प्रचलित लिप्पन कला अपनी सुंदरता, प्रतीकात्मकता और कालातीत आकर्षण के लिए जानी जाती है। कार्यक्रम में बीए, एमए की छात्राओं में सुमैया, निशिता, आकांक्षा, शताक्षी, नेहा, राखी, आकांक्षा, दीपाली, चंचल, सृष्टि, दृष्टि, पिंकी, शाहीन, वंशिका, डोली, अंशिका, उर्वशी, गुनगुन अंजलि, स्वाति सागर आदि रहीं।

DAINIK INEXT-09.02.2025 PAGE NO.IV

## प्रतियोगिता में अदिति कौशिक विजेता



आरजी पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के चौथे दिन शिविर में प्रतिभा खोज टैलेंट हंट का आयोजन हुआ. पहले सत्र की शुरुआत योग से हुई. मगुन और अंशुल ने छात्राओं को मोमबत्ती बनाना सिखाया. छात्राओं ने मोम, वैक्स और कपास की बत्ती का प्रयोग कर मोमबत्ती का निर्माण किया. साथ ही छात्राओं ने रंगों, फूलों और आम के पत्तों के माध्यम से रंगोली बनाई. दूसरे सत्र में बेस्ट आउट आफ वेस्ट प्रतियोगिता हुई.करीब 100 छात्राओं ने प्रतिभाग किया. जिसमें छात्राओं ने अपशिष्ट पदार्थों का प्रयोग कर डोरमेट, मास्क, जूट के सामान, नेकलेस, आदि सामग्री का निर्माण किया. प्रतियोगिता में अदिति कौशिक ने पहला, रितु चौधरी ने दूसरा और लिपाक्षी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया. प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी, प्रो. मंजूलता, एसो. प्रो. निर्लेप कौर और प्रो. रजनी श्रीवास्तव मौजूद रहीं.

DAINIK JAGRAN-09.02.2025 PAGE NO.IV

## राजनीति विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा 14 को

मेरठ : आरजी पीजी कालेज एवं तिरुपति बालाजी कन्या महाविद्यालय की बीए तृतीय सेमेस्टर एवं पंचम सेमेस्टर राजनीति विज्ञान विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 14 और 17 फरवरी को सुबह 9.30 बजे होगी। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने कहा, सभी छात्राएं प्रवेश पत्र, प्रयोगात्मक फाइल के साथ यूनिफार्म में समय से विभाग में उपस्थित रहें।

DAINIK JANVANI-15.2.25

## रिवाइविंग हेरिटेज इनोवेशन का समापन



मेरठ (जनवाणी): शुक्रवार को रघुनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज के चित्रकला विभाग में चार दिवसीय कार्यशाला रिवाइविंग हेरिटेज इनोवेशन फ्यूजन टेक्निक्स इन ट्रेडीशनल इंडियन आर्ट का समापन समारोह का आयोजन हुआ। यह कार्यशाला इस्माईल नेशनल गर्ल्स पीजी कॉलेज एवं रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के चित्रकला विभाग के द्वारा किए गए समझौता ज्ञापन एमओयू के अंतर्गत आरजी पीजी इनोवेशन काउंसिल- स्टार्टअप सेल एवं रविंद्रनाथ टैगोर सास्कृतिक क्लब के संयुक्त तत्वावधान में की गई। जिसमें दोनों महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रतिभागिता कीया और उन्होंने पारंपरिक भारतीय रूपांकनों, पैटर्न और थीम के साथ नवीन और आधुनिक कलात्मक दृष्टिकोणों को मिश्रित कर नवीन रूप में लघु चित्रण किया। कार्यक्रम का संचालन आयोजन सचिव आरजी पीजी इनोवेशन काउंसिल- स्टार्टअप सेल की कोऑर्डिनेटर डॉ. पूनम लता सिंह ने किया। कार्यशाला के समापन दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सूर्य प्रकाश, असिस्टेंट प्रो. एमएमएच कॉलेज गाजियाबाद उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को अपने भारतीय पारंपरिक लघु चित्रण के संस्कृति,धर्म और परंपराओं को संरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यशाला के सफल आयोजन में विभाग की शिक्षिकाओं में डॉ. नाजिमा इरफान, डॉ. गरिमा, हिना यादव, कन्वीनर प्रो. अर्चना रानी एवं डॉ. उपासना तथा प्रेसिडेंट प्रो. दीक्षा यजुर्वेदी का कार्यक्रम में सहयोग रहा।

DAINIK JAGRAN-16.02.2025



## पैरा एथलीट रिया सम्मानित

मेरठ : आरजी पीजी कालेज में पैरा एथलीट रिया को दुबई में हुई अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने पर सम्मानित किया गया। रिया आरजी इंटर कालेज में कक्षा 12 की छात्रा है। कालेज की ट्रस्टी शबनम नाथ ने उन्हें 20 हजार रुपये की राशि प्रदान की। रिया राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप, खेलो इंडिया पैरा एथलेटिक्स गेम्स और सब जूनियर पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं।

DAINIK JANVANI-19.02.2025 PAGE NO.4

## अंतर विश्वविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन





मेरठ (जनवाणी): मंगलवार को रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में वाद-विवाद समिति के तत्वावधान में अन्तर्विश्विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रचार्या निवेदिता एवं अतिथियों ने सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया। प्रतियोगिता का शीर्षक 21वीं सदी में सोशल मीडिया वरदान या अभिशाप पर हुआ। कार्यक्रम का संयोजन संयोगिता द्वारा किया गया तथा मंच का संचालन डॉ. शशिबाला ने किया। समिति की समन्वयक प्रो. अनु रस्तोगी ने विषय पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. रविन्द्र प्रताप राणा, प्रो. संजय एवं डॉ. बीनम यादव ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया। प्रतियोगिता में चार विश्वविद्यालयों सहित 14 महाविद्यालयों के प्रतियोगियों ने प्रतिभागिता की। डॉ. विमलापुरी चल वैजयंती विजयोपहार रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज की टीम मे स्वाति गौतम व सोनाली कटारिया ने संयुक्त रूप से लिया। इस मौके पर प्रो॰ अनुराधा, प्रो. अमीता शर्मा, अनामिका, डॉ. आरती शर्मा, अंशु डागर, सपना, रमशा, अदिबा, रमशा, प्राची जैन, अजकिया आदि का योगदान रहा।

DAINIK JAGRAN-18.02.2025 PAGE NO.IV

## छात्राओं ने दिए प्लेसमेंट संबंधी सुझाव

मेरठ : आरजी पीजी कालेज में सोमवार को प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक और वाणिज्य समन्वयक प्रो. सोनिका चौधरी ने वाणिज्य विभाग की छात्राओं के साथ परिचर्चा की। छात्राओं ने कोर्स संबंधी सुझाव दिए और प्लेसमेंट व इंटर्नशिप से संबंधित चर्चा भी की। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने छात्राओं से समस्याओं की जानकारी ली। साथ ही निराकरण करने का आश्वासन भी दिया।

HINDUSTAN-18.02.2025 PAGE NO.2

## छात्राओं के साथ परिचर्चा

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज की प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक, समन्वयक प्रोफेसर सोनिका चौधरी व वाणिज्य विभाग की छात्राओं के साथ परिचर्चा का आयोजन किया गया। छात्राओं ने कोर्स से संबंधित सुझाव भी दिए। प्लेसमेंट व इंटर्नशिप से संबंधित चर्चा हुई।

DAINIK INEXT-18.02.2025 PAGE NO.4

## छात्राओं ने दिए प्लेसमेंट संबंधी सुझाव

आरजी पीजी कालेज में सोमवार को प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक और वाणिज्य समन्वयक प्रो. सोनिका चौधरी ने वाणिज्य विभाग की छात्राओं के साथ परिचर्चा की. जिसमें समय सारणी, विभाग, शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक संबंधी वार्तालाप किया गया. छात्राओं ने कोर्स से संबंधी सुझाव दिए और प्लेसमेंट व इंटर्नशिप से संबंधित चर्चा भी की. प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने छात्राओं से संबंधित समस्या की जानकारी लेकर उसका निराकरण करने का आश्वासन भी दिया.

**DAINIK JAGRAN-19.02.2025 PAGE NO.5**



**सोनाली और स्वाति ने जीती चल वैजयंती :** आरजी पीजी कालेज में मंगलवार को अंतर विश्वविद्यालय वाद विवाद प्रतियोगिता हुई। इसका विषय '21वीं सदी में इंटरनेट मीडिया वरदान या अभिशाप' रहा। प्रतियोगिता में चार विश्वविद्यालयों सहित 14 महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। डा. विमलापुरी चल वैजयंती आरजी कालेज की स्वाति गौतम व सोनाली कटारिया ने जीती। आइआइएमटी की विशाखा आर्या पहले, डीएन कालेज के अंशु यादव दूसरे और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की गौरी मेहता तीसरे स्थान पर रहीं। मेरठ कालेज के सौरभ कुमार एमएम कालेज मोदीनगर के तुषार सिरोही ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। संयोजन संयोगिता कुमारी और संचालन डा. शशिबाला ने किया। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी और समिति की समन्वयक प्रो. अनु रस्तोगी भी उपस्थित रहीं। निर्णायक मंडल में डा. रविन्द्र प्रताप राणा, प्रो. संजय और डा. बीनम यादव शामिल रहीं• जागरण

**AMAR UJALA-19.02.2025 PAGE NO.2**

## रोजाना 12 गिलास पानी पीएं



आरजी पीजी कॉलेज में आयोजित वर्कशॉप में मौजूद छात्राएं। संवाद



डॉ. यति बंसल

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में बॉटनी विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इसमें मुख्य वक्ता डॉ. यति बंसल ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए रोजना कम से कम 12 गिलास पानी जरूर पीएं। देर रात तक मोबाइल का प्रयोग न करें। कई घंटों तक मोबाइल देखने के कारण नींद न आने, चिड़चिड़ा होने, बेचैनी बढ़ने और तनाव होने जैसे लक्षण सामने आते हैं। इसलिए अपनी सेहत का ध्यान रखते हुए ही जीवनशैली को बेहतर करें। इस दौरान कॉलेज का स्टाफ व छात्राएं मौजूद रहीं। संवाद

**HINDUSTAN-19.02.2025 PAGE NO.07**

# चल वैजयंती आरजी पीजी कॉलेज की टीम के नाम रही

मेरठ, वरिष्ठ संवाददाता। आरजी पीजी कालेज में वाद विवाद समिति के तत्वावधान में अंतरविश्वविद्यालय वाद विवाद प्रतियोगिता हुई।

शीर्षक 21वीं सदी में सोशल मीडियाः वरदान या अभिशाप पर समिति की समन्वयक प्रो. अनु रस्तोगी ने विषय पर प्रकाश डाला। मीडिया जगत से डॉ. रविंद्र प्रताप राणा, प्रो संजय, डॉ. बीनम यादव, ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया। डॉ. विमलापुरी चल वैजयंती विजयोपहार रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज की टीम स्वाति गौतम व सोनाली कटारिया को संयुक्त रूप से मिली। प्रथम पुरस्कार आईआईएमटी से विशाखा आर्या, द्वितीय पुरस्कार डीएन डिग्री कालेज से अंशु यादव एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से गौरी मेहता, तृतीय पुरस्कार मेरठ कालेज से सौरभ कुमार व सांत्वना पुरस्कार एमएम कालेज मोदीनगर से तुषार सिरोही ने प्राप्त किया।

DAINIK JAGRAN-19.02.2025 PAGE NO.5

## पौधों के आसपास रहने से मिलती है सकारात्मक ऊर्जा

मेरठ : आरजी पीजी में प्लांट कंजर्वेशन सोसायटी तथा चिकित्सा सहायता समिति की ओर से कार्यशाला हुई। इसका विषय 'ग्रीन थेरेपी कल्टीवेशन सेरेनिटी एवं मेंटल वैल बीइंग' रहा। डा. गरिमा मलिक ने प्लांट कंजर्वेशन सोसाइटी तथा औषधीय पौधों का महत्व बताया। अदिति चौधरी ने माइंडफुलनेस एंड रोल आफ प्लांट्स इन मेंटल वेलबीग विषय पर विचार रखे कहा कि पौधों के आसपास रहने से हमारे मन में एक सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। डा. गीतिका सिंघल ने एन्हांसिंग मेंटल हेल्थ थ्रू एक्युप्रेशर थेरेपी एक प्राचीन उपचार तकनीक है, जो पारंपरिक चीनी चिकित्सा सिद्धांतों पर आधारित है। इसमें शरीर के विशिष्ट बिंदुओं पर दबाव डालकर संतुलन किया जाता है। एक्युप्रेशर को दर्द निवारण के लिए जाना जाता है, लेकिन यह तनाव, चिंता और भावनात्मक असंतुलन को कम करके मानसिक स्वास्थ्य प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

AMAR UJALA-19.02.2025 PAGE NO.2

## आरजी के नाम रहा डा. विमलापुरी चल वैजयंती

मेरठ। आरजी कॉलेज में अंतर विश्वविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई।

शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर किया। प्रतियोगिता का शीर्षक 21वीं सदी में सोशल मीडिया :वरदान या अभिशाप रहा। समिति की समन्वयक प्रो. अनु रस्तोगी ने प्रतियोगिता के नियमों से अवगत कराया। डॉ. विमलापुरी चल वैजयंती आरजी कॉलेज की टीम में स्वाति गौतम व सोनाली कटारिया के नाम रही।

प्रथम पुरस्कार आईआईएमटी से विशाखा आर्या, द्वितीय पुरस्कार डीएन कॉलेज से अंशु यादव एवं सीसीएसयू से गौरी मेहता, तृतीय पुरस्कार मेरठ कॉलेज से सौरभ कुमार ने प्राप्त किया। संयोजक संयोगिता कुमारी रही। मंच का संचालन शशिबाला ने किया। संवाद

HINDUSTAN-20.02.2025 PAGE NO.7

# कला पर आधारित पुस्तक का विमोचन

**आरजी कॉलेज**



नोएडा में पुस्तक का विमोचन करते मूर्तिकार डॉ.रामवी सुतार। -

मेरठ, वरिष्ठ संवाददाता। आरजी पीजी कालेज की प्राचार्या प्रोफेसर निवेदिता कुमारी व प्रोफेसर अर्चना रानी द्वारा सम्पादित पुस्तक कला की विभिन्न तकनीक एवं माध्यम का विश्व प्रसिद्ध मूर्तिकार डॉ. राम वी. सुतार ने विमोचन किया। विमोचन समारोह डॉ. राम सुतार के नोएडा स्थित कार्यालय में संपन्न हुआ।

चित्रकला, मूर्तिकला, ग्राफिक आर्ट, डिजिटल आर्ट, फोटोग्राफी, म्यूरल आर्ट और पारंपरिक कला रूपों के तकनीकी व सांस्कृतिक पहलुओं को शामिल किया गया है। यह पुस्तक शोधार्थियों, कलाकारों और कला प्रेमियों के लिए अत्यंत उपयोगी है। डॉ. राम सुतार ने दोनों संपादकों को विशेष बधाई दी। यह एक पीयर-रिव्यूड पुस्तक है, जिसमें देशभर के लगभग 65 लेखकों के शोध पत्र प्रकाशित हुए हैं। जल्द ही यह पुस्तक उपलब्ध होगी।

AMAR UJALA-20.02.2025 PAGE NO.2

## पुस्तक का किया विमोचन



नोएडा में हुआ आरजी कॉलेज प्राचार्य की पुस्तक का विमोचन

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज की प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी एवं प्रो. अर्चना रानी द्वारा संपादित पुस्तक कला के विभिन्न तकनीक एवं माध्यम का बुधवार को विमोचन किया गया है। पुस्तक में कला की विविध शैलियों, तकनीक और अभिव्यक्ति के माध्यमों पर गहन चर्चा की गई। यह पुस्तक शोधार्थियों, कलाकारों और कला प्रेमियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। पुस्तक का विमोचन समारोह उनके नोएडा स्थित कार्यालय में संपन्न हुआ। पद्म विभूषण से विभूषित डॉ. राम सुतार ने दोनों संपादकों को बधाई दी। पुस्तक में देशभर के 65 लेखकों के शोधपत्र प्रकाशित हुए हैं। भारतीय कला जगत के लिए अमूल्य है और उनका यह शताब्दी वर्ष कला प्रेमियों के लिए प्रेरणादायक बना रहेगा। संवाद

DAINIK INEXT-20.02.2025 PAGE NO.4

## पुस्तक का विमोचन किया



आरजी पीजी कालेज प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमार और चित्रकला विभागाध्यक्ष प्रो. अर्चना रानी की कला के विभिन्न तकनीक एवं माध्यम नामक पुस्तक का विमोचन स्टेचू आफ यूनिटी के निर्माता एवं प्रसिद्ध मूर्तिकार डा. राम वी सुतार द्वारा उनके नोएडा कार्यालय पर किया गया. कला के विभिन्न तकनीक एवं माध्यम नामक पुस्तक मे कला की विविध शैलियां तकनीक और अभिव्यक्ति के माध्यमों पर विस्तार से लिखा गया है. प्रसिद्ध मूर्तिकार डा. राम वी सुतार ने अपने जीवन के 100 वर्ष कला को समर्पित किए है. यह एक पीयर रिव्यूड पुस्तक है, जिसमे देशभर के 65 लेखकों के शोध पत्र प्रकाशित हुए हैं.

दैनिक जागरण Meerut, 23 February 2025 5

## 'क्रिटिकल और क्रिएटिव थिंकिंग विकसित करें'

**MEERUT (22 Feb, JNN):** आरजी पीजी कालेज की इनोवेशन काउंसिल द्वारा शनिवार को आईईसी कैलेंडर एक्टिविटी के अंतर्गत वर्कशाप का आयोजन किया गया. मुख्य वक्ता गलगोटिया विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा के इनोवेशन काउंसिल हेड डॉ. गौरव कुमार ने क्रिटिकल थिंकिंग, डिजाइन थिंकिंग और इनोवेशन डिजाइन पर चर्चा करते हुए छात्राओं को क्रिटिकल और क्रिएटिव थिंकिंग विकसित करने के लिए प्रेरित किया. डॉ. गौरव कुमार ने क्रिटिकल थिंकिंग, क्रिएटिविटी और इनोवेशन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की. प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी, इनोवेशन काउंसिल की अध्यक्ष प्रो. दीक्षा यजुर्वेदी, समन्वयक डॉ. उपासना देवी राजवंशी भी उपस्थित रहीं.

|| दैनिक जागरण मेरठ, 23 फरवरी, 2025

## छात्राओं को क्रिएटिव थिंकिंग विकसित करने को किया प्रेरित

**मेरठ :** आरजी पीजी कालेज की इनोवेशन काउंसिल द्वारा शनिवार को आईईसी कैलेंडर एक्टिविटी के अंतर्गत वर्कशाप का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता गलगोटिया विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा के इनोवेशन काउंसिल हेड डा. गौरव कुमार ने क्रिटिकल थिंकिंग, डिजाइन थिंकिंग और इनोवेशन डिजाइन पर चर्चा करते हुए छात्राओं को क्रिटिकल और क्रिएटिव थिंकिंग विकसित करने के लिए प्रेरित किया। डा. गौरव कुमार ने क्रिटिकल थिंकिंग, क्रिएटिविटी और इनोवेशन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कौन सी गतिविधियों के माध्यम से मस्तिष्क को नवाचार के लिए प्रेरित किया जा सकता है।

मंगलवार • 25.02.2025
अमर उजाला 06

रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में परिवहन सुरक्षा समिति के तत्वावधान में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया

जागरूकता कार्यक्रम

# दुर्घटनाओं से बचने की दी जानकारी, पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में परिवहन सुरक्षा समिति के तत्वावधान में नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने की।

छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह समझाया कि एक छोटी सी लापरवाही किसी व्यक्ति की पूरी जिंदगी तथा उसके परिवार को प्रभावित करती है।

हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग, ईयरफोन का प्रयोग न करना, जेबरा क्रॉसिंग का प्रयोग करना, ट्रैफिक सिग्नलों पर ध्यान देना आदि बातों को छात्राओं ने सबके समक्ष प्रस्तुत किया। संचालन अनामिका ने किया। समिति की मास्टर ट्रेनर प्रो. मंजुलता, नोडल अधिकारी डॉ. मनीषा सिंघल, कुमारी सिंकी आदि मौजूद रहे।

वहीं, शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य जीत का गायन किया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना स्वयंसेविकाओं को रवाना किया। प्राचार्य अंजू सिंह ने कहा कि जब हम महाविद्यालय से बाहर समाज में व्यवहार करते हैं तो हम अपने साथ अपने परिवार व महाविद्यालय को भी साथ लेकर चलते हैं। इस दौरान एक नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया गया। नुक्कड़ नाटक का सार सड़क सुरक्षा जागरुकता रहा।



आरजी पीजी कॉलेज में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करतीं छात्राएं। स्रोत: स्वयं



शिविर के दौरान छात्राओं ने दी सड़क सुरक्षा की जानकारी। स्रोत : स्वयं

मेरठ, 25 फरवरी, 2025 दैनिक जागरण

## ...दो तरह का होता है पक्षियों का चहचहाना

जासं, मेरठ : आरजी पीजी कालेज के जंतु विज्ञान विभाग में लोकल इकोलॉजी एक्सप्लोरिंग एवियन बिहेवियर सो सांउड विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता सरदार भगवान सिंह यूनिवर्सिटी देहरादून डा. गरिमा सिंह ने पक्षियों के मधुर संगीत के बारे में कहा कि पक्षियों का चहचहाना दो तरह का हो सकता है... एक काल्स एवं दूसरा सांग। जैसे कुछ काल्स अलार्म काल्स होंगी जो सुबह के समय गाई जाती है। बेग्गींग काल्स चूजे द्वारा नर एवं मादा पक्षियों से भोजन मांगने के लिए गाई जाती है। इसी प्रकार प्रजनन काल में नर पक्षी मादा को मोहित करने के लिए सांग गाता है। वहीं पुस्तकालय समिति एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा पुस्तकालय दिवस पर पुस्तकालय में पुस्तक दानदाताओं के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने सभी को पुस्तकें दान करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही परिवहन सुरक्षा समिति द्वारा नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया। छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से समझाया कि एक छोटी सी लापरवाही किसी व्यक्ति की पूरी जिंदगी तथा परिवार को प्रभावित करती है।

दैनिक जागरण मेरठ, 26 फरवरी, 2025



आरजी पीजी कालेज में करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल और इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस मोहननगर द्वारा आयोजित युवा टैलेंट हंट क्विज प्रतियोगिता में भारत राजनीति, इतिहास, मनोरंजन और विज्ञान विषय से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए। जिसमें प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मोहननगर में दूसरे चरण के लिए चयन किया गया। इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस मोहननगर संस्थान से शिवम मिश्र, आकाश कुमार और आस्था कुलश्रेष्ठ ने प्रतियोगिता को प्रारंभ किया • सौ. कालेज।

मेरठ | बुधवार • 26.02.2025

अमर उजाला 07

## टैलेंट हंट क्विज में दूसरे चरण के लिए विद्यार्थियों का चयन

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के कैरिअर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में युवा टैलेंट हंट क्विज प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. निवेदिता कुमारी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर किया।

प्रतियोगिता में भारत राजनीति, इतिहास, मनोरंजन और विज्ञान विषय से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए। जिसमें प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मोहननगर में आयोजित होने वाली दूसरे चरण के लिए चयन किया गया। इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस मोहननगर संस्थान से शिवम मिश्रा, आकाश कुमार और आस्था कुलश्रेष्ठ मौजूद रहीं।

संचालन कैरिअर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल की प्रभारी डॉ. बबीता माजी ने किया। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. सुनीता सिंह ने सभी छात्राओं को प्रमाणपत्र दिया। संवाद

दैनिक जागरण मेरठ, 2 मार्च, 2025



आरजी पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा शनिवार को ग्राम कुटी शेरगढ़ी में सात दिवसीय शिविर की शुरुआत हुई। प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं द्वारा अग्रसेन पार्क शेरगढ़ी में पौधारोपण किया, और एलोवेरा, कालाबांस, जेड एवं पत्थरचट्टा के कम पानी की आवश्यकता वाले उपयोगी पौधे लगाए। नागरिकों एवं बच्चों को पर्यावरण व पौधों की सुरक्षा के लिए संकल्प कराया • सौ. कालेज

हिन्दुस्तान मेरठ, सोमवार, 3 मार्च 2025 07

## छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक की शानदार प्रस्तुति दी

मेरठ। आरजी कॉलेज में सात दिवसीय कैंप के दूसरे दिन रविवार को कार्यक्रम की शुरुआत लक्ष्य गीत से हुई।

इसके बाद लड़कियों की शिक्षा, समाज में सार्थक बदलाव की बयार विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। अमरीश कुमार गोयल क्षेत्रीय अनुपालन अधिकारी-यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रजनी श्रीवास्तव ने स्वागत किया।

मेरठ | मंगलवार • 04.03.2025

अमर उजाला 05

## सम्मोहन थैरेपी के बारे में बताया

मेरठ। आरजी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग में सोमवार को एक दिवसीय वार्ता हुई। वार्ता का विषय सम्मोहन का प्रत्यय और इसके उपयोग रहा। मुख्य वक्ता गुरुकुल कांगड़ी हरिद्वार से प्रो. राकेश कुमार जैन रहे। उन्होंने बताया कि सम्मोहन थैरेपी के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. संध्या मोहंती ने अपने अनुभव साझा किए। संयोजक डॉ. प्रियंका यादव रहीं और आयोजन सचिव डॉ. सुनीता सिंह रहीं। संवाद



कार्यशाला को संबोधित करते वक्ता। स्रोत: स्वयं

दैनिक जागरण मेरठ, 4 मार्च, 2025




बच्चों को कंप्यूटर का प्रयोग करने की दी जानकारी • सौ. कालेज

## स्कूल की साफ-सफाई कर स्वयंसेविकाओं ने लगाए पौधे

जासं, मेरठ : आरजी पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन सोमवार को स्वयंसेविकाओं ने लक्ष्य गीत एवं सरस्वती माता की मूर्ति के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रथम सत्र में विश्व वन्य जीव दिवस के अवसर पर स्वयंसेविकाओं द्वारा वन्यजीवों का पोस्टर बनाकर वन्य जीवों की सुरक्षा एवं देखरेख के लिए जागरूक किया। शेरगढ़ी के प्राइमरी स्कूल में चल रहे शिविर में लिपाक्षी और शिवानी चौधरी ने बच्चों को यातायात नियमों के बारे में बताया। साथ ही स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया। इस दौरान रूइलिया, पत्थरचटा और अलस्टोनिया के पौधे लगाए। अन्विता ने बच्चों को कंप्यूटर का प्रयोग एवं उपयोगिता के बारे में बताया। बच्चों ने भी बड़े उत्साह के साथ रितु चौधरी, काजल, अलीना, मुबाशिरा के साथ कविता एवं कहानियों को साझा किया।

हिन्दुस्तान मेरठ मंगलवार 4 मार्च 2025 04

## सम्मोहन थैरेपी से मानसिक रोगों का उपचार बताया

मेरठ। आरजी कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग के तत्वावधान में वार्ता का आयोजन किया गया। इसका विषय सम्मोहन का प्रत्य और इसके उपयोग रहा। प्रो. राकेश जैन, मनोविज्ञान विभाग, गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार उत्तराखंड और डॉ. संध्या मोहंती, रिसर्च ऑफिसर, इंस्टिट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ हॉस्पिटल, आगरा शामिल रहीं। प्रो. राकेश कुमार जैन ने सम्मोहन की थैरेपी के बारे बताया।

दैनिक जागरण मेरठ, 5 मार्च, 2025



आरजी पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा चलाए जा रहे सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन मंगलवार को प्रथम सत्र मे मद्यपान निषेध विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। साथ ही सावित्री बाई फुले समूह द्वारा कुटी ग्राम में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेविकाओं ने मद्यपान से होने वाले नुकसान को प्रदर्शित किया। इसके बाद छात्राओं द्वारा नशामुक्त और दहेज मुक्त समाज के लिए शपथ दिलवाई गई • सौ. कालेज

hindustan मेरठ, बुधवार, 5 मार्च 2025 09

## नशा मुक्त भारत पर नुक्कड़ नाटक



मेरठ। आरजी पीजी कालेज में शिविर के चौथे दिन नशा मुक्त भारत पर नुक्कड़ नाटक किया गया। प्रथम सत्र में मद्यपान निषेध पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई। सावित्रीबाई फुले समूह द्वारा कुटी के पास नुक्कड़ नाटक किया गया, जिसमें वंशिका, सिमरन, छाया, गायत्री, काजल, शिखा का विशेष योगदान रहा।

8 दैनिक जागरण मेरठ, 5 मार्च, 2025

# आपके किचन में रखे मसाले असली हैं या नकली... ऐसे करें शुद्धता की पहचान

### लाल मिर्च में मिलाया जा रहा ईंट का चूरा, काली मिर्च में खपाए जा रहे पपीते के बीज

**जागरण संवाददाता, मेरठ** : रोजमर्रा की कुकिंग में इस्तेमाल होने वाले मसालों में भी मिलावट की खबरें आने लगी हैं। जिन मशहूर ब्रांड्स पर लोगों ने वर्षों भरोसा किया, उन्हें लेकर अब सवाल खड़े होने लगे हैं। ऐसे में स्वाद के साथ-साथ इनकी शुद्धता का ख्याल रखना भी आपके लिए जरूरी हो जाता है। त्योहारों पर मिलावटखोर अधिक सक्रिय हो जाते हैं। एक अप्रैल 2024 से 28 फरवरी 2025 तक खाद्य एवं सुरक्षा औषधि प्रशासन ने अलग-अलग मसालों के 25 नमूने लिए। जिसमें 13 नमूने फेल पाए गए। आरजी डिग्री कालेज में 1997 में बनाई गई फूड साइंस एंड क्वालिटी कंट्रोल लैब की समन्वय डा. दीक्षा यजुर्वेदी बता रही है कि आप अलग-अलग मसालों में की जाने वाली मिलावट की कैसे जांच कर सकते हैं।



आरजी डिग्री कालेज की **फूड साइस एंड क्वालिटी** कंट्रोल लैब में असली-नकली खाद्य पदार्थ की जांच करतीं छात्राएं • **सौ. कालेज**

**खड़े मसालों का करें प्रयोग:** मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी रवि शर्मा का कहना है कि बाजारों में विभिन्न कंपनियों के मसाले आ रहे हैं, जिनमें मिलावट की जा रही है। यह मिलावट पीसे हुए मसालों में की जाती है।

**25** नमूने एक अप्रैल 2024 से 28 फरवरी 2025 तक लिए गए, 13 फेल हो गए

**4** नमूने लाल मिर्च के लिए गए जिनमें से दो फेल हो गए

**3** नमूने जीरे के लिए गए, तीनों ही फेल हो गए

**5** नमूने काली मिर्च के लिए थे इनमें तीन फेल आए

**इन नंबरों पर करें शिकायत**

- 1800112100 पर संपर्क करें।
- 9868686868 पर एसएमएस भेजें
- 9412142834 पर काल करें।
- 9140465360 पर भी काल करें

हिन्दुस्तान

मेरठ
गुरुवार
6 मार्च 2025 03

## साहित्य समीक्षा, परिकल्पना निर्माण पर व्याख्यान



मेरठ। आरजी पीजी कालेज में परीक्षा समिति और शोध प्रकोष्ठ ने यूजी और पीजी छात्रों के लिए साहित्य समीक्षा और परिकल्पना निर्माण पर व्याख्यान आयोजित किया। प्रियंका सहायक प्रोफेसर, जूलॉजी विभाग ने विज्ञान स्ट्रीम के छात्रों के लिए वैज्ञानिक साहित्य समीक्षा और परिकल्पना डिजाइनिंग पर व्याख्यान दिया।

IV दैनिक जागरण मेरठ, 7 मार्च, 2025



आरजी पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा चलाए जा रहे शिविर के छठे दिन चिंकी उपाध्याय ने मानसिक स्वास्थ्य तनाव प्रबंधन पर व्याख्यान दिया। साथ ही छात्राओं को स्वयं पोर्टल, ई पाठशाला के बारे में भी बताया। डा. निर्लेप कौर ने माई भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने और विकसित भारत अभियान की गतिविधियों के बारे में बताया। दूसरे सत्र में प्रो. रजनी श्रीवास्तव एवं एसोसिएट प्रो. निर्लेप कौर ने मद्यपान निषेध के विषय में छात्राओं को जागरूक किया • सौ. कालेज

5 दैनिक जनवाणी मेरठ, शुक्रवार, 7 मार्च 2025

## आरजी पीजी कॉलेज में शिविर में साझा की जानकारी

मेरठ (जनवाणी): रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के चल रहे सात दिवसीय शिविर के छठे दिन का शुभारंभ लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठे एवं सरस्वती मां के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में अतिथि वक्ता चिंकी उपाध्याय ने मानसिक स्वास्थ्य तनाव प्रबंधन पर अपना व्याख्यान दिया। इसके साथ ही उन्होंने छात्राओं को स्वयं पोर्टल, ई पाठशाला के विषय में भी जानकारी प्रदान किया। निरलेप कौर, प्रभारी, वनस्पति विज्ञान विभाग ने व्याख्यान में एनएसएस के लक्ष्यों पर रोशनी डाली।

हिन्दुस्तान

मेरठ, शनिवार, 8 मार्च 2025 09

## आरजी में प्रतिज्ञा ग्रहण कराई छात्राओं को प्रेरित किया

मेरठ। आरजी पीजी कालेज में प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी के निर्देशन में पढ़े विश्वविद्यालय-बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय-बढ़े महाविद्यालय के तहत छात्राओं को पुस्तक पाठन एवं अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शैक्षिक गतिविधि का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने प्रतिज्ञा ग्रहण करवाई। कार्यक्रम के आयोजन में छात्र कल्याण परिषद् की प्रभारी प्रो. रेनू जैन व समिति की सदस्याएं प्रो. अपर्णा वत्स, डॉ. उपासना सिंह, डॉ. गरिमा कुमारी, लक्ष्मी का सहयोग रहा।

मेरठ | रविवार • 09.03.2025
अमर उजाला 07

# हर क्षेत्र में महिलाओं का योगदान अमूल्य

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। महिला दिवस पर आरजी पीजी कॉलेज में वुमेन इन डिफेंस फोर्सेज विषय पर एक वार्ता का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य महिलाओं का सैन्य सेवाओं में योगदान को उजागर करना और उनके संघर्ष, समर्पण एवं शक्ति को समाज के सामने लाना था। यह भी संदेश देना था कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। उनका योगदान अतुलनीय है। यह आयोजन महिलाओं की ताकत और उनकी उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए था, ताकि समाज में महिलाओं की भूमिका को सही रूप में पहचाना जा सके। वार्ता में एनसीसी कैडेट्स ने अपनी बातें रखीं।

कैडेट वर्तिका ने देश की तीसरी महिला लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. माधुरी कानिटकर, कैडेट वेदिका ने मेजर प्रिया झिंगन, कैडेट प्रीति ने लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी, कैडेट हर्षिका चौहान ने युद्ध में हिस्सा लेने वाली प्रथम भारतीय वायुसेना महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट गुंजन सक्सेना और कैडेट बुशरा ने आईपीएस अधिकारी किरण बेदी के योगदान पर विचार व्यक्त किए।



आरजी डिग्री कॉलेज में हुए कार्यक्रम में बोलतीं प्रधानाचार्य एवं अतिथि। संवाद

## महिलाओं को दी कानून की जानकारी

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इसमें महिलाओं को कानूनी अधिकारों के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने किया। प्रोग्रेसिव वूमेन फोरम की इंचार्ज प्रो. रजनी श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं को कर्तव्यों के साथ अधिकारों की भी जानकारी होनी चाहिए। अतिथि वक्ता एडवोकेट मीनाक्षी यादव ने बताया कि समाज में सुरक्षा, समानता और सशक्तिकरण के लिए महिलाओं के लिए कई कानून हैं। संविधान में महिलाओं को समानता का अधिकार दिया गया है। अनुच्छेद 15 के अनुसार लिंग के आधार पर भेदभाव निषिद्ध है। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, छेड़छाड़ और एसिड अटैक जैसे अपराधों के खिलाफ कड़े प्रावधान किए गए हैं। अन्य वक्ताओं ने भी विचार रखे। संवाद

## आरजी कॉलेज में हुआ व्याख्यान

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में एक संवादात्मक सत्र का आयोजन कराया गया। इसका शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने किया। कहा कि परीक्षाओं के परिणाम बेहतर हों, इसके लिए सभी शिक्षिकाएं अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी के साथ करें। व्याख्यान के दौरान अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी माध्यम से पढ़ने वाली छात्राओं को ध्यान में रखकर पढ़ाया जाए। छात्राओं से व्याख्यान के उपरांत उनकी प्रतिक्रिया भी मांगी जाए। सभी छात्राओं को नियमित रूप से कक्षा में उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया। छात्राओं को कम एक दिन पुस्तकालय में बैठकर अध्ययन करने को प्रेरित किया गया। संवाद

I NEXT

# ईमानदारी से करें कर्तव्यों का निर्वहन

PIC: JNN



**MEERUT (8 March, JNN):** आरजी पीजी कालेज में शनिवार को संवादात्मक सत्र का आयोजन कराया गया. जिसमें प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने बीएससी और एमएससी की छात्राओं और शिक्षिकाओं के साथ संवाद किया. प्रो. निवेदिता कुमारी ने कहा कि परीक्षाओं के परिणाम बेहतर हो इसके लिए सभी शिक्षिकाएं अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी के साथ करें. अंग्रेजी के साथ हिंदी माध्यम से पढ़ने वाली छात्राओं को ध्यान में रखकर पढ़ाया जाए. छात्राओं से व्याख्यान के उपरांत उनकी प्रतिक्रिया भी मांगी जाए, साथ ही छात्राओं को नियमित रूप से कक्षा में उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया. सभी छात्राओं को सप्ताह में कम से कम एक घंटा आवश्यक रूप से पुस्तकालय में बैठकर अध्ययन करने के लिए कहा गया. शिक्षिकाएं पढ़ाते समय अक्सर कुछ शब्दों या वाक्यांशों पर जोर देते हैं अथवा ध्यान आकर्षित करते हैं तो इन शब्दों को अपने नोटपैड पर रेखांकित एवं हाइलाइट करें. व्हाट्सएप या फेसबुक पर ध्यान भटकने वाले संदेशों से बचने का प्रयास करें. जो समझ में नहीं आता है उसे शिक्षिकाओं से खाली समय में दोबारा पूछें. सहपाठियों के साथ पढ़ाए गए विषयों पर सामूहिक चर्चा अवश्य करें. इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर वुमन इन डिफेंस फोर्सेज विषय पर वार्ता का आयोजन किया गया. जिसका उद्देश्य महिलाओं के सैन्य सेवाओं में योगदान को उजागर करना रहा. साथ ही यह संदेश देना भी था कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और उनके द्वारा दिया गया योगदान अतुलनीय है. संचालन एनसीसी कैडेट हंशिका चौहान ने किया. मेजर प्रो. अंजुला राजवंशी, प्रियंका, स्वाती मिश्रा और कुणाल भी उपस्थित रहे.

---



## शिक्षकाए अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी से करें

मेरठ : आरजी पीजी कालेज में शनिवार को संवादात्मक सत्र का आयोजन कराया गया। जिसमें प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने बीएससी और एमएससी की छात्राओं और शिक्षिकाओं के साथ संवाद किया। प्रो. निवेदिता कुमारी ने कहा कि परीक्षाओं के परिणाम बेहतर हो इसके लिए सभी शिक्षिकाएं अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी के साथ करें। उधर, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर वुमन इन डिफेंस फोर्सेज विषय पर वार्ता का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य महिलाओं के सैन्य सेवाओं में योगदान को बताया रहा। संचालन एनसीसी कैडेट हंशिका चौहान ने किया। मेजर प्रो. अंजुला राजवंशी, प्रियंका, स्वाती मिश्रा और कुणाल भी उपस्थित रहे।

6 | दैनिक जनवाणी मेरठ, रविवार, 9 मार्च 2025

## तरक्की हूं में दुनिया की: डॉ. शुभम



मेरठ (जनवाणी): रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में प्रोग्रेसिव वीमेन फोरम फॉर सोशल चेंज द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के कानूनी अधिकार विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो. निवेदिता ने सभी को दिन विशेष पर अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहने को कहा। अतिथि वक्ता मीनाक्षी यादव (एडवोकेट) ने कहा कि महिलाओं के कानूनी अधिकार समाज में उनकी सुरक्षा, समानता और सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए हैं। कॉलेज की असिस्टेंट प्रो. डॉ. शुभम त्यागी ने कविता तरक्की हूं मैं दुनिया की हमें बेकार मत समझो। हमें अपने गले में चांदनी का हार मत समझो का पाठ किया। इस कार्यक्रम में कुल 67 छात्राएं मौजूद रहीं। इस मौके पर निरलेप कौर, डॉ. स्वाति शर्मा, पूजा सरोज, हिना यादव, डॉ. नलिनी द्विवेदी, डॉ. गीता सिंह, डॉ. सीमा गुप्ता, डॉ. अनुजा अग्रवाल, डॉ. मीनाक्षी जैन, डॉ. भावना शर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

IV दैनिक जागरण मेरठ 12 मार्च, 2025



आरजी पीजी कालेज की इनोवेशन सेल व आइक्यूएसी द्वारा मंगलवार को एनसीसी कैडेट्स ने जानी के नेक गांव के कंपोजिट विद्यालय के छात्रों को टूथ ब्रश व टूथ पेस्ट देकर प्रतिदिन स्नान करने और साफ कपड़े पहनने के साथ ही बाल व नाखून काटने के अलावा सड़क व नाली साफ रखने के लिए भी प्रेरित किया। कैडेट्स ने नुक्कड़ नाटक, नृत्य, गीत और शायरी से बच्चों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, देशभक्ति की भावना को हर क्षण अपने मन व व्यवहार में रखने का संदेश दिया। संचालन बुशरा ने किया। लायबा, कुणाल, ऋषिका, मनू, खुशी शर्मा, सलोनी, निधि, फायजा अली, वशिका, वर्तिका का सहयोग रहा • सौ. कालेज

दैनिक जागरण मेरठ, 12 मार्च, 2025

# मिठाई को दबाएं... दबा हिस्सा सही हो जाए तो यह असली है

## मिठाइयों में होती है सबसे ज्यादा मिलावट, घर पर भी कर सकते जांच

जागरण संवाददाता, मेरठ: कोई भी त्योहार हो... मिठाइयां जमकर खरीदी जाती हैं। रिश्तेदारों, दोस्तों के घरों पर मिठाई देने का चलन है। यदि मिठाई मिलावटी हो तो त्योहार का मजा तो खराब होता ही है... सेहत भी बिगड़ती है। खाद्य औषधि एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारी मिलावटखोरों पर लगातार छापेमारी कर रहे हैं। नमूने भी भर रहे हैं, लेकिन खरीदने वाले को भी पता होना चाहिए कि असली और नकली मिठाई की पहचान कैसे करनी है। आरजी कालेज की फूड साइंस एंड क्वालिटी लैब की समन्वय डा. दीक्षा यजुर्वेदी और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी रवि शर्मा ने बताया कि घर पर ही असली और नकली मिठाई की पहचान की जा सकती है। वहीं मेडिकल कालेज के फिजिशियन डा. संदीप जैन ने बताया कि मिलावटी मिठाइयां गुर्दे, दिल और बीपी के मरीज, लीवर, आंत आदि को नुकसान पहुंचाती है। इसलिए मिठाइयों को जांच परखकर ही खरीदें।



आरजी कालेज की लैब में खाद्य पदार्थों की जांच करती छात्राएं • सौ. स्कूल

### दूध और मावे से बनी मिठाइयों की ऐसे करें पहचान

- मिठाई के पीस को हाथ मे ले और उसे दबाएं। यदि दबी हुई मिठाई वापस अपने स्थान पर आ रही है तो वह असली है, वरना नकली है।
- मिठाई के एक पीस को घर ले जाएं। उसे हल्का तवे पर गर्म करें और उसकी खुशबू को देखे। खुशबू से ही असली-नकली का पता चल जाएगा।
- असली मिठाई का रंग नेचुरल होता है। यदि रंग हाथ पर लगने के बाद छूट नहीं रहा है तो मिठाई में मिलावट है। छूट रहा है तो असली है।
- मिठाई खाने से यदि कड़-कड़ की आवाज आ रही है तो उसमें कुछ मिला है। ऐसी मिठाई ना खरीदे।
- मिठाई पर लगी चांदी के वर्क को रगड़े। यदि वर्क शुद्ध है तो वह गायब हो जाएगा। वरना मिठाई नकली है।

## खाद्य विभाग ने 68 हजार का मावा कराया नष्ट

**12** नमूने लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शहर और देहात क्षेत्र से

**5** टीमें लगातार मेरठ, मवाना और सरधना तहसील में कर रही छापेमारी

टीम ने 150 किलोग्राम छैना भी कराया नष्ट

जासं, मेरठ: होली के त्योहार को लेकर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम शहर और देहात क्षेत्र में लगातार खाद्य पदार्थ की दुकानों पर छापेमारी कर रही है। मंगलवार को भी पांच टीमों ने 12 नमूने खाद्य पदार्थों के लिए। कई कुंतल मावा भी नष्ट कराया है, जिसकी कीमत 68 हजार 800 रुपये है।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी रवि शर्मा ने बताया कि उनकी टीमें सरधना, मेरठ और मवाना तीनों तहसीलों में छापेमारी कर नमूने ले रही हैं। संदिग्ध खाद्य पदार्थों को नष्ट कराया जा रहा है। मंगलवार को भी टीमों ने क्लिक कामर्स प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली रोड से मावा, काजू, मैदा, मुनाखा के चार नमूने लिए। इसके अलावा सरदार मलाई चाप बागपत रोड से पनीर, मेरठ स्वीट्स मेहताबपुरी से बर्फी, दूध, वेस्टर्न कचहरी रोड स्थित रीच द केक हाउस से क्रीम, राम डेरी एंड स्वीट्स से पनीर, शाहनवाज सानिया कंपनी एंटरप्राइजेज मवाना से कचरी और मैदा के नमूने लिए गए। इसके अलावा 180 किलोग्राम मावा और 150 किग्रा छैना नष्ट कराया गया।

हिन्दुस्तान
मेरठ, मंगलवार, 18 मार्च 2025 07

# आरजी में क्रीड़ा महोत्सव का आगाज

मेरठ, वरिष्ठ संवाददाता। आरजी पीजी कालेज मेरठ में सोमवार को दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव-अग्निपथ 2025 का आगाज हुआ। मुख्य अतिथि प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक व कला संकाय की डीन प्रो. अर्चना रानी ने उद्घाटन किया।

क्रीड़ा समिति की संयोजिका प्रो. भावना मित्तल ने वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव के बारे में बताया। इसके बाद बैडमिंटन प्रतियोगिता की शुरुआत हुई, जिसमें केमिस्ट्री, बॉटनी, पीसीएम, इंग्लिश, हिंदी, शारीरिक शिक्षा, राजनीति शास्त्र, हिन्दी, एजुकेशन, मनोविज्ञान, कामर्स और हास्टल की छात्राओं ने भाग लिया। इसमें हास्टल से काजल, इंग्लिश से विशाखा, योग से धारावी, भूगोल से अलिशा सेमीफाइनल में पहुंचे।



सोमवार को आरजी पीजी कॉलेज में क्रीड़ा महोत्सव का शुभारंभ हुआ।

मेरठ | मंगलवार • 18.03.2025
अमर उजाला 05

# बैडमिंटन व शतरंज प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा



आरजी में शतरंज खेलतीं छात्राएं। स्रोत : स्वयं

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में सोमवार को वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव अग्निपथ का उद्घाटन किया गया। कॉलेज प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक एवं कला संकाय डीन प्रो. अर्चना रानी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। क्रीड़ा समिति संयोजिका प्रो. भावना मित्तल ने दोनों का पुष्प एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।

प्राचार्य डॉ. निवेदिता मलिक ने कहा कि हमें सेहत का हमेशा ख्याल रखना चाहिए और खेलकूद में भाग लेना चाहिए। उसके बाद बैडमिंटन की प्रतियोगिता शुरू की गई। जिसमें केमिस्ट्री, बॉटनी, पीसीएम, इंग्लिश, हिंदी, शारीरिक शिक्षा, राजनीति शास्त्र, हिंदी, एजुकेशन, हॉस्टल, मनोविज्ञान और कॉमर्स की छात्राओं ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में काजल, विशाखा, धारावी और आलिशा सेमीफाइनल में पहुंचे। शतरंज प्रतियोगिता में अमान और खुशी आगे रही और 4 राउंड में पहुंच गए। प्रो. भावना ने बताया कि 17 एवं 18 को प्रतियोगिता कराई गई। संवाद

4 | दैनिक जनवाणी मेरठ, मंगलवार, 18 मार्च 2025

# आरजी पीजी में खेल महोत्सव अग्निपथ का आगाज

● जनवाणी संवाददाता मेरठ



रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में सोमवार को वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव अग्निपथ का विधिवत शुभारंभ किया गया। उद्घाटनकर्ता कॉलेज प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक और आर्ट डिपार्टमेंट की डीन प्रो. अर्चना रानी ने सभी खिलाड़ी छात्राओं को बेहतर खेल के लिये प्रोत्साहित किया। पहले दिन हुए बैडमिंटन के मुकाबलों में कोर्ट पर छात्रा खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर अंक जुटाने के लिये संघर्ष किया। आयोजन की मुख्य अतिथि प्रो. निवेदिता मलिक ने छात्राओं से फिजिकल फिटनेस के लिये नियमित तौर अपने पसंदीदा खेल खेलने को कहा। कहा कि यह मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का मूल मंत्र है। खेल समिति की संयोजिका प्रो. भावना मित्तल ने पुष्प एवं शॉल भेंट करके अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में क्रीड़ा समिति से डॉ. भावना [illegible] शर्मा, संगीता चौधरी, डॉ. गरिमा, डॉ. पायल, डॉ. लक्ष्मी आदि शामिल रहे।

II दैनिक जागरण मेरठ, 18 मार्च, 2025

## फिशरीज साइंस का है स्कोप

मेरठ : आरजी पीजी कालेज के जन्तु विज्ञान विभाग में सोमवार को सजावटी मछली पालन पर आधारित 30 घंटे के एडआन कोर्स की शुरुआत हुई। जिसमें डा. अमन और डा. शशिकला ने एक्वेरियम के बहुआयामी तथ्यों के बारे में बताया और और तकनीकी सहायक राजन ने एक्वेरियम से संबंधित तकनीकी सलाह दी। डा. अमन ने छात्राओं को फिशरीज एक्वेटिक बायो डाइवर्सिटी एंड वेअर हैबिटेट कंजर्वेशन पर जानकारी देते हुए कहा कि फिशरीज साइंस का काफी स्कोप है। फिश के कंजर्वेशन, टर्टल कंजर्वेशन, डॉल्फिन कंजर्वेशन, घड़ियाल के बचाव के बारे में छात्राओं को जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि फिश फार्मिंग का अपना स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं।

हिन्दुस्तान

मेरठ, बुधवार, 19 मार्च 2025 10

## आरजी कॉलेज में क्रीड़ा महोत्सव का समापन



मेरठ। आरजी कॉलेज में चल रहे वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव - अग्निपथ 2025 का समापन हुआ। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किए। प्रो. भावना मित्तल ने बैडमिंटन, योग, शतरंज, रिले रेस कराए गए। बैडमिंटन सिंगल में विशाखा, शतरंज में आमना, रिले रेस में शारीरिक शिक्षा विभाग प्रथम, सूर्य नमस्कार में निकिता, बैलेंसिंग योगासन कैटेगरी में मनीषा प्रथम रहीं।

2 दैनिक जागरण, Meerut, 19 March 2025

i NEXT CITY

# विजेताओं को प्रदान किए पुरस्कार और मेडल

### कालेज की 16 विभागों की 70 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

**MEERUT (18 March, JNN):** आरजी पीजी कालेज में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव अग्निपथ-2025 का मंगलवार को समापन हो गया. दूसरे दिन कालेज के छात्रावास परिसर में सभी प्रतियोगिताओं के सेमीफाइनल व फाइनल कराए गए, इनमें बैडमिंटन, योग, शतरंज व रिले रेस शामिल हैं. प्रतियोगिताओं में कालेज की 16 विभागों की 70 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया. मैच के बाद प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने विजेता सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार व मेडल प्रदान किये. मंगलवार को पहले छात्रावास परिसर में विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई. फाइनल मैच के उपरांत पुरस्कार व मेडल प्रदान किए

PIC: JNN



गए. क्रीड़ा समिति की संयोजिका प्रो. भावना मित्तल ने प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी का स्वागत किया. उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया.

### विजेताओं को किया सम्मानित

बैडमिंटन एकल प्रतियोगिता में प्रथम विशाखा (अंग्रेजी विभाग), द्वितीय आलिशा (भूगोल) व तृतीय काजल (हास्टल) रही. शतरंज एकल प्रतियोगिता में प्रथम आमना फूड साइंस, द्वितीय खुशी पंवार हास्टल व तृतीय कनुप्रिया बाटनी रहीं. रिले रेस में प्रथम शारीरिक शिक्षा विभाग, द्वितीय कामर्स एवं तृतीय संस्कृत विभाग रहा. योग प्रतियोगिता सूर्य नमस्कार में प्रथम निकिता योग विभाग, द्वितीय योशना हास्टल व तृतीय निधि शारीरिक शिक्षा विभाग रहीं. योगासन संतुलन प्रतियोगिता में प्रथम मनीषा योग विभाग, द्वितीय श्रेया हास्टल एवं तृतीय उमंग बाटनी विभाग रहीं. मंगलवार को हुई सभी प्रतियोगिताओं में हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, मनोविज्ञान, केमिस्ट्री, भूगोल, योग, शारीरिक शिक्षा, होम साइंस, म्यूजिक, कला, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, संस्कृत, बाटनी, पीसीएम, फूड साइंस, एनटीटी विभागों की खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया. मीडिया प्रभारी प्रो. सुनीता सिंह ने बताया कि सभी विजेताओं को कालेज के उत्कृष्ट अवार्ड कार्यक्रम में भी सम्मानित किया जाएगा. कार्यक्रम में क्रीड़ा समिति से डॉ. भावना शर्मा, संगीता चौधरी, डॉ. गरिमा, डॉ. पायल, डॉ. लक्ष्मी रहीं.

6 | दैनिक जनवाणी मेरठ, बुधवार, 19 मार्च 2025

# आरजी पीजी कॉलेज में क्रीड़ा महोत्सव अग्निपथ का समापन



मेरठ (जनवाणी): मंगलवार को रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव अग्निपथ का समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक द्वारा छात्राओं को पुरस्कार एवं मेडल दिए गए। इस मौके पर सभी इवेंट्स के सेमीफाइनल एवं फाइनल करवाये गए। जिनमें बैडमिंटन, योग, चेस, रिले रेस करवाये गए। सभी इवेंट्स में 16 विभागों के 70 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिनमें बैडमिंटन सोलो प्रतियोगिता में प्रथम विशाखा (इंग्लिश विभाग), द्वितीय आलिशा (भूगोल) व तृतीय काजल (हॉस्टल) रही। शतरंज सोलो प्रतियोगिता में प्रथम आमना (फूड साइंस), द्वितीय खुशी पंवार (हॉस्टल) व तृतीय कनुप्रिया (बॉटनी) रही। रिले रेस में प्रथम शारीरिक शिक्षा विभाग, द्वितीय कॉमर्स विभाग व तृतीय संस्कृत विभाग रहा। साथ ही योग इवेंट्स सूर्य नमस्कार चैलेंज में प्रथम निकिता (योग विभाग) द्वारा द्वितीय योशाना (हॉस्टल) व तृतीय निधि (शारीरिक शिक्षा विभाग) रही।

## खो-खो प्रतियोगिता पुरुष वर्ग का टीम ट्रायल 20 से

मेरठ (जनवाणी): 25 से 27 मार्च तक मुरादाबाद में आमंत्रण खो-खो पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता के लिए जनपद की टीम का चयन 20 मार्च शाम को 4:00 राम सहाय इंटर कॉलेज के खेल प्रांगण में किया जाएगा। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा ने बताया कि टीम का चयन अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक अशोक त्रिपाठी द्वारा किया जाएगा।

सहारनपुर की टीम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 184 रन बनाए। उनकी ओर से सलामी बल्लेबाज अनिवेश चौधरी ने 59 रन और शोएब ने 73 रनों की पारी खेली। मुरादाबाद टीम की ओर से स्पिनर शिवा सिंह ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुरादाबाद जिला क्रिकेट एसोसिएशन की टीम ने 17 ओवर में ही चार विकेट खोकर 185 रन बनाकर छह विकेट से जीत दर्ज की। उनकी ओर से सलामी बल्लेबाज ओवैस चौधरी ने 83 रनों की शानदार पारी खेली। वहीं, चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए आर्यन चौधरी ने भी 47 रनों की पारी खेलकर टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सहारनपुर की टीम की ओर से आर्यन देओल ने दो विकेट लिए।

मेरठ, गुरुवार, 20 मार्च
हिन्दुस्तान

# आरजी में मेधा का सम्मान बढ़ाया हर विभाग का मान

**सेरेमनी**



मेरठ, वरिष्ठ संवाददाता। आरजी पीजी कालेज में बुधवार को एक्सीलेंस अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. राहुल मित्तल, डॉ. संगीता कुमार व प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में छह छात्रवृत्ति व विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। सर्वश्रेष्ठ उपस्थिति के लिए बीकॉम की छात्रा पूनम मीना को डॉ. मनमोहन नाथ सेठ मेमोरियल ट्रॉफी दी गई। गोपाल सिंह मेमोरियल अवॉर्ड खुशी धामा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कराटे में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया गया। बीए में सर्वाधिक अंक पाने वाली आयुषी चौहान और बीएससी में सर्वाधिक अंक पाने वाली अदिति कौशिक को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। खेलों में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न पुरस्कार प्राप्त करने वाली 19 छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय के कार्यक्रमों में एंकरिंग करने वाली सर्वश्रेष्ठ छात्रा एमएससी वनस्पति विज्ञान प्रथम की सोनाली कटारिया को भी पुरस्कार प्रदान किया गया। संयोजिका प्रो. सुनीता रहीं। कार्यक्रम में प्रो. कुमकुम पारीक, प्रोफेसर अर्चना रानी, प्रोफेसर कल्पना चौधरी, प्रो. नीलम सिंह, डॉ. पूनम लता सिंह, डॉ. स्वाती शर्मा, हेमंत शुक्ला, मरगूब आदि रहे।

मेरठ | बुधवार • 19.03.2025
अमर उजाला 05




आरजी पीजी कॉलेज में खेल स्पर्धाओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते अतिथि। संवाद

## बैडमिंटन प्रतियोगिता में विशाखा प्रथम

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में मंगलवार को वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव अग्निपथ का समापन किया गया।

प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने छात्राओं को पुरस्कार एवं मेडल दिए। संयोजिका प्रो. भावना मित्तल ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। क्रीड़ा समिति से डॉ. भावना शर्मा, संगीता चौधरी, डॉ. गरिमा, डॉ. पायल, डॉ. लक्ष्मी आदि शामिल रहे। बैडमिंटन प्रतियोगिता में विशाखा प्रथम, आलिशा द्वितीय और काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शतरंज सोलो प्रतियोगिता में अनम प्रथम, खुशी पंवार द्वितीय स्थान पर रही। संवाद

दैनिक जागरण मेरठ, 19 मार्च, 2025

# बैडमिंटन में विशाखा और शतरंज में आमना प्रथ

### आरजीपीजी कालेज के वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव में कालेज की 16 विभागों की 70 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

जास, मेरठ : आरजी पीजी कालेज में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव अग्निपथ-2025 का मंगलवार को समापन हो गया। दूसरे दिन कालेज के छात्रावास में सभी प्रतियोगिताओं के सेमीफाइनल व फाइनल कराए गए। इनमें बैडमिंटन, योग, शतरंज व रिले रेस शामिल हैं। प्रतियोगिताओं में कालेज की 16 विभागों की 70 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। मैच के बाद प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने विजेता सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार व मेडल प्रदान किए।

बैडमिंटन एकल प्रतियोगिता में प्रथम विशाखा (अंग्रेजी विभाग), द्वितीय आलिशा (भूगोल) व तृतीय काजल (हास्टल) रहीं। शतरंज एकल प्रतियोगिता में प्रथम आमना फूड साइंस, द्वितीय खुशी पंवार हास्टल व तृतीय कनुप्रिया बाटनी रहीं। रिले रेस में प्रथम शारीरिक शिक्षा विभाग, द्वितीय कामर्स एवं तृतीय संस्कृत विभाग रहा। योग प्रतियोगिता सूर्य नमस्कार में प्रथम निकिता योग विभाग, द्वितीय योजना हास्टल व तृतीय निधि शारीरिक शिक्षा विभाग रही। योगासन संतुलन प्रतियोगिता में प्रथम मनीषा योग विभाग, द्वितीय श्रेया हास्टल एवं तृतीय उमंग बाटनी विभाग रहीं। प्रतियोगिताओं में हिंदी, अंग्रेजी, भूगोल, इतिहास, मनोविज्ञान, केमिस्ट्री, योग, शारीरिक शिक्षा, होम साइंस, म्यूजिक, अर्थशास्त्र, कला, समाजशास्त्र, बाटनी, राजनीति शास्त्र, संस्कृत, पीसीएम, फूड साइंस, एनटीटी की खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। मीडिया प्रभारी प्रो. सुनीता सिंह ने बताया कि विजेताओं को उत्कृष्ट अवार्ड कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।



आरजी पीजी कालेज के वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव में शतरंज खेलती छात्राएं • जागरण



आरजी पीजी कालेज के वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव में दौड़ में भाग लेती छात्राएं • जागरण

दैनिक जागरण मेरठ, 20 मार्च, 2025

# छात्राओं की मेधा और सर्वाधिक उपस्थिति का किया सम्मान

जागरण संवाददाता, मेरठ: आरजी पीजी कालेज में बुधवार को एक्सीलेंस अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्राओं की उपस्थिति को बढ़ावा देने के साथ ही उनकी मेधा का सम्मान करना है। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कालेज प्रबंध समिति के संयुक्त सचिव डा. राहुल मित्तल, डा. संगीता कुमार, प्रो. पारुल सिंह और प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने दीप जलाकर किया। प्रो. निवेदिता कुमारी ने कहा कि एक्सीलेंस अवार्ड में शहर के विशिष्ट व्यक्तियों द्वारा छह छात्रवृत्ति तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। डा. राहुल मित्थल ने छात्राओं को नित नवीन निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कालेज के यूट्यूब चैनल पर भी किया गया।

**सर्वाधिक उपस्थिति के लिए पूनम मीना सम्मानित :** बीकाम की छात्रा पूनम मीना को 99 प्रतिशत उपस्थिति के लिए डा. मनमोहन नाथ सेठ मेमोरियल ट्राफी प्रदान की गई। पूनम के साथ ही पूरे सत्र में सर्वाधिक उपस्थिति के लिए संकायवार अधिकतम उपस्थिति वाली आठ छात्राओं को सम्मानित किया गया। श्री भोपाल सिंह मेमोरियल अवार्ड प्रो. पारुल सिंह अंग्रेजी विभाग पूर्व प्रभारी द्वारा अपने पिताजी की स्मृति में शुरू किया गया है। जिसे बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा खुशी धामा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कराटे में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया गया। प्रमिला मित्तल पुरस्कार डा. संगीता कुमार द्वारा दस परास्नातक की छात्राओं को सर्वाधिक अंक के लिए दिया गया। इसके अलावा 54 मेधावी छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इनमें बीएड में 81 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली अंजलि भारद्वाज, बीकाम में 79 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली रमशा को भी छात्रवृत्ति दी गई।

**खुशी धामा को मिला कराटे में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए श्री भोपाल सिंह मेमोरियल अवार्ड**

बीए में सर्वाधिक अंक 75.12 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के लिए आयुषी चौहान, बीएससी में 88.12 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के लिए अदिति कौशिक को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न पुरस्कार प्राप्त करने वाली 19 छात्राओं का भी सम्मान किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता अग्निपथ 2025 में बैडमिंटन, रिले रेस, शतरंज और योग प्रतियोगिताओं में विजयी छात्राओं को मेडल दिया गया। इसके बाद स्पोर्ट्स विभाग प्रभारी प्रो. भावना मित्तल ने वार्षिक खेलकूद रिपोर्ट प्रस्तुत की।

मेरठ | बृहस्पतिवार • 20.03.2025
अमर उजाला 05

## मेधावियों को प्रदान की गई छात्रवृत्ति

मेरठ। आरजी कॉलेज में छात्राओं की उपस्थिति को बढ़ावा देने और उनकी मेधा का सम्मान करने के लिए बुधवार को एक्सीलेंस अवार्ड सेरेमनी आयोजित की गई। शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. राहुल मित्तल, डॉ. संगीता और प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने किया। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने अतिथियों का पौधा देकर स्वागत किया। प्रो. पारुल सिंह ने पिता की स्मृति में शुरू किया गया भोपाल सिंह मेमोरियल अवॉर्ड खुशी धामा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कराटे में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए दिया। प्रमिला मित्तल पुरस्कार डॉ. संगीता द्वारा परास्नातक की दस छात्राओं को सर्वाधिक अंक लाने के लिए दिया गया। बीए में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए आयुषी चौहान तथा बीएससी में अदिति कौशिक को छात्रवृत्ति दी गई। संवाद

मेरठ | शनिवार • 01.03.2025

# अमर उजाला

[illegible]



आरजी कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में मौजूद छात्राएं। [illegible]

मेरठ। आरजी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग में [illegible] की तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। [illegible]

मेरठ, 11 मार्च 2025 [illegible]



[illegible]

6 | दैनिक जनवाणी मेरठ, शनिवार, 22 मार्च 2025

## पत्रकारिता रोजगार के अवसर कोर्स शुरू



मेरठ (जनवाणी)। शुक्रवार को रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा 32 घंटे का पत्रकारिता रोजगार के अवसर पर केंद्रित एड ऑन कोर्स का आयोजन किया गया। कोर्स का उद्घाटन हिंदी विभाग प्रभारी प्रो. सुनीता व मुख्य अतिथि डॉ. सिद्धि गुप्ता ने भारतीय पारंपरिक पद्धति के अनुसार दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। तत्पश्चात कनोहरलाल पीजी कॉलेज के हिंदी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर मुख्य अतिथि वक्ता डॉ. सिद्धि गुप्ता का स्वागत प्रो. सुनीता ने पौधा देकर किया। इस अवसर पर प्रभारी प्रो. निवेदिता ने कहा कि हम एक बहुत ही महत्वपूर्ण और रोमांचक एड-ऑन कोर्स, पत्रकारिता रोजगार के अवसर की शुरुआत कर रहे हैं। मुख्य अतिथि वक्ता सिद्धि गुप्ता ने दो घंटे के व्याख्यान के दौरान बताया कि पत्रकारिता न केवल समाज की सच्चाइयों को उजागर करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, बल्कि यह सामाजिक सरोकारों को सही तरीके से पेश करने और लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का भी कार्य करती है।

मेरठ, शनिवार, 22 मार्च 2025 | 10

# हिन्दुस्तान

## आरजी कॉलेज में शुरू हुआ एड ऑन कोर्स

मेरठ। आरजी कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा 32 घंटे का 'पत्रकारिता : रोजगार के अवसर' विषय पर केंद्रित एड-ऑन कोर्स का आरंभ किया गया। कोर्स का उद्घाटन हिंदी विभाग प्रभारी प्रो. सुनीता व मुख्य अतिथि डॉ. सिद्धि गुप्ता ने भारतीय पारंपरिक पद्धति के अनुसार किया। संयोजिका स्वाति मिश्रा व सह-संयोजिका पूजा सरोज के मार्गदर्शन में कोर्स का आयोजन हो रहा है।

दैनिक जागरण मेरठ, 26 मार्च, 2025

# समाज में आज भी भेदभाव का शिकार होती हैं महिलाएं

**आरजी पीजी कालेज में आयोजित हुआ अंतरराष्ट्रीय सेमिनार**

जास, मेरठ: आरजी पीजी कालेज के समाजशास्त्र विभाग द्वारा संस्थापिका को डा. सहोदरी कंसल की स्मृति में 'जेंडर इनइक्वेलिटी इन कंटेम्परेरी कॉन्टेक्स्ट कंसर्न्स और चैलेंजेस' विषय पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें कृपा देवी ट्रस्ट का भी सहयोग रहा। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने कहा कि समाज में आज भी लैंगिक विषमता विद्यमान है। यह एक विचारणीय विषय है। समान अवसर की कमी, शिक्षा, रोजगार, राजनीति या सामाजिक क्षेत्र में महिलाओं के साथ अक्सर भेदभाव आज भी देखने को मिलता है। संविधान में अधिकार देने के बावजूद महिलाएं आज भी दोयम दर्जे का जीवन व्यतीत कर रही हैं। इस सेमिनार का उद्देश्य महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सम्मान, सुरक्षा, आर्थिक और संपूर्ण विकास के रास्ते तलाशना है। क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. मोनिका सिंह ने कहा कि लैंगिक आंकड़ों के तथ्य स्पष्ट हैं कि आज भी महिलाओं की संख्या पुरुषों से बहुत कम है। मुख्य अतिथि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व उपकुलपति प्रो जेके पुंडीर ने कहा कि सोच को बदलकर महिलाओं की स्थिति में सुधार किया जा सकता है। राजस्थान के गवर्नमेंट पोस्ट ग्रेजुएट कालेज के प्रो. आशुतोष व्यास ने कहा कि महिलाएं आज भी समान कार्य के लिए समान वेतन नहीं प्राप्त कर पाती हैं। विशिष्ट अतिथि कोटा विश्वविद्यालय के प्रो एससी राजौरा ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी होना जरूरी है। उत्तराखंड के देवसुमन विश्वविद्यालय के प्रो पीके सिंह, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के प्रो एसएन फातमी और एनएएस पीजी कालेज के प्रो. संजीव महाजन ने भी अपने विचार रखे।



आरजी पीजी कालेज में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में पुस्तक का विमोचन करते अतिथिगण •

मेरठ | बृहस्पतिवार • 27.03.2025 02
amarujala.com/meerut
अमर उजाला

# छात्राओं को मछली पालन की जानकारी दी

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग में बुधवार को सजावटी मछली पालन पर आधारित 33 घंटे के एडऑन कोर्स का समापन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी और इंचार्ज डॉ. शशिबाला द्वारा किया गया। छात्राओं को फिश प्रदर्शन केंद्र सरदारवल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय की विजिट भी कराई गई। वहां छात्रों को डॉ. डीवी सिंह ने व्यावहारिक ज्ञान दिया और बताया की आर्टिफिशियल ब्रीडिंग के तरीके अपनाकर मछली पालन को बढ़ावा दे सकते हैं। प्रज्ञा चौधरी को एमएससी टॉपर के लिए स्कॉलरशिप चेक दिया गया। भावना सिंह को बीएससी टॉपर व अर्चिका को बीएससी ऑल राउंडर के लिए स्कालरशिप चेक दिए गए। संवाद

दैनिक जागरण मेरठ, 23 मार्च, 2025

# क्रांतिधरा पर धरोहर के रूप में सुरक्षित है जयशंकर प्रसाद की हस्तलिखित कामायनी

**यादों के झरोखे से**

[illegible]



[illegible]

## कालेज के पूर्व सचिव के नाम पर है पुस्तकालय

[illegible] ... 24 जनवरी 1976 को किया था।

## बहुमूल्य खजाने से कम नहीं पुस्तकालय

आरजीपीजी कालेज का पुस्तकालय किसी बहुमूल्य खजाने से कम नहीं है। इसमें एक लाख चार हजार से अधिक पुस्तकें उपलब्ध हैं, जबकि डेढ़ सौ से अधिक छात्राओं और शोधार्थियों के बैठने की व्यवस्था है।




तत्कालीन राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद एक जीवनी। यह किताब आरजीपीजी कालेज के पुस्तकालय में उपलब्ध है।




कालेज के पुस्तकालय में उपलब्ध कामायनी की मूल पाण्डु लिपि की प्रतिकृति

**का**[illegible]

## दुर्लभ पुस्तकें भी उपलब्ध

[illegible]

## मेरठ के आनंद प्रकाश जैन ने लिखी देश के पहले राष्ट्रपति की जीवनी

पुस्तकालय में एक महत्वपूर्ण पुस्तक और भी है, जिसे मेरठ के ही आनंद प्रकाश जैन ने लिखा है। यह पुस्तक पूर्व राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद के जीवन पर लिखी गई है। पुस्तक का नाम है डा. राजेंद्र प्रसाद- एक जीवनी। कैलाश प्रिंटिंग प्रेस बाग मुजफ्फर खां आगरा ने इसका प्रकाशन किया है। मात्र तीन रुपये कीमत की इस किताब का प्रथम संस्करण 1957 में प्रकाशित हुआ। किताब के लेखक 85, घंटाघर मेरठ शहर निवासी आनंद प्रकाश जैन हैं। कुल 217 पेज की इस किताब को उन्होंने 1 मार्च 1956 को लिखा था, जबकि पुस्तकालय में यह किताब 11 सितंबर 1957 को आ गई थी। जनवरी 57 में ही इसका प्रकाशन हुआ था। इसी तरह की कई और दुर्लभ किताबें पुस्तकालय में उपलब्ध हैं। वहीं, हर विषय एवं शोध से संबंधित किताबें भी सुरक्षित हैं।

> कालेज का पुस्तकालय अकादमिक और अनुसंधान उत्कृष्टता का केंद्र है। करीब 160 पाठकों के बैठने की सुविधा है। साथ ही एक लाख से अधिक पुस्तकें, जर्नल, विश्वकोश, शब्दकोश, एटलस, ईयरबुक, पत्रिकाएं और समाचार पत्रों का विशाल संग्रह उपलब्ध है, जो विभिन्न विषयों के लिए एक व्यापक संसाधन आधार प्रदान करता है। छात्राओं को पुस्तकालय के समर्पित पाठन कक्ष में आनलाइन शैक्षणिक संसाधनों तक भी पहुंच प्राप्त होती है। वर्ष 2004 से पूरी तरह स्वचालित यह पुस्तकालय ऐलिस साफ्टवेयर (संस्करण 6.0) का उपयोग करता है।



-प्रो. निवेदिता कुमारी, प्राचार्य आरजी पीजी कालेज मेरठ।

IV दैनिक जागरण मेरठ, 17 मार्च, 2025

## समाज में पारदर्शिता लाना है खोजी पत्रकारिता का उद्देश्य

[illegible]

मेरठ । बुधवार • 27.03.2025

अमर उजाला 05

[illegible]



[illegible]

IV दैनिक जागरण मेरठ, 28 मार्च, 2025



आरजी पीजी कॉलेज में गुरुवार को बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए कॉलेज में कॉर्पोरेट लुक विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता भारतीय भाषा यूनिवर्सल देहरादून की मैनेजिंग पार्टनर मिस तन्वी ढींगरा ने बताया कि कॉर्पोरेट क्षेत्र में इंटरव्यू प्रक्रिया के दौरान सॉफ्ट स्किल अहम भूमिका अदा करती है। • सौ. कॉलेज

मेरठ, रविवार, 30 मार्च 2025 04

हिन्दुस्तान



## प्रो. पूनम लखनपाल को ऑनरेरी मेजर रैंक

यूपी गर्ल्स बटालियन में प्रो. पूनम लखनपाल को मेजर जनरल विक्रम सिंह और कर्नल हरिंदर ठाकुर ने राष्ट्रपति प्रदत्त पत्र सौंपा। 26 वर्षों की उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें ऑनरेरी मेजर रैंक प्रदान किया गया। पहली बार मेरठ यूपी एनसीसी की किसी महिला एएनओ को यह सम्मान मिला है। अब प्रो. लखनपाल आजीवन मेजर रैंक और यूनिफॉर्म धारण कर सकती हैं।

5 दैनिक जनवाणी मेरठ, सोमवार, 31 मार्च 2025

## प्रो. पूनम लखनपाल को किया सम्मानित

मेरठ (जनवाणी): [illegible]

मेरठ • शनिवार • 05.04.2025
अमर उजाला 05

## एड ऑन कोर्स का हुआ समापन

मेरठ: [illegible]

3 दैनिक जागरण, Meerut, 13 April 2025
iNEXT

## मिस फेयरवेल बनी दीप्ति शर्मा



MEERUT : आरजी पीजी कालेज में शनिवार को बीएससी बायो की अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया. जूनियर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और छात्राओं ने नृत्य, गायन की मनमोहक प्रस्तुति दी. बीएससी फाइनल की छात्राओं में मिस फेयरवेल दीप्ति शर्मा, मिस आलराउंडर अदिति कौशिक, मिस [illegible] प्रियांशी, मिस चार्मिंग काजल राणा, मिस ब्यूटीफुल अलका, मिस इंटेलेक्चुअल हर्षिता एवं शर्मिष्ठा को चुना गया. डीन प्रो. कल्पना चौधरी, वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रभारी निवेदिता कौर, रसायन विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. मनीषा मित्तल भी उपस्थित रहीं. वहीं 22 यूपी गर्ल्स बटालियन, प्लेसमेंट सेल, पुरातन छात्र समिति, इंडस्ट्री एकेडेमिया इंटरेक्शन एवं स्किल डेवलपमेंट सेल व आईक्यूएसी द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया. इसका विषय गवर्नमेंट स्कीम्स एंड सोशल वेलफेयर स्कीम्स ऑन अग्निवीर, माय युवा भारत पोर्टल एवं पीएम इंटर्नशिप योजना रहा. प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने कहा कि आज के युवाओं को जागरूक करना हम सबकी प्राथमिकता है. इन योजनाओं को बताने का उद्देश्य स्किल को बढ़ाना, प्रशिक्षण प्रदान करके रोजगार दिलाना और आत्मनिर्भर बनाना है.

दैनिक जागरण मेरठ, 13 अप्रैल, 2025



आरजी पीजी कालेज में विदाई समारोह में शिक्षिकाओं संग बीएससी बायो की अंतिम वर्ष की छात्राएं • सौ. कालेज

# दीप्ति शर्मा बनीं मिस फेयरवेल

मेरठ : आरजी पीजी कालेज में शनिवार को बीएससी बायो की अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जूनियर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और छात्राओं ने नृत्य, गायन की मनमोहक प्रस्तुति दी। दीप्ति शर्मा मिस फेयरवेल चुनी गईं। इसके अलावा अदिति कौशिक मिस आलराउंडर, प्रियांशी मिस गाइड, काजल राणा मिस चार्मिंग, अलका मिस पंक्चुअल और हर्षिता व शर्मिष्ठा को मिस इंटलेक्चुअल चुना गया। इस मौके पर डीन प्रो. कल्पना चौधरी, वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रभारी निरलेप कौर, रसायन विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डा. मनीषा सिंघल उपस्थित रहीं।

4 दैनिक जनवाणी मेरठ, मंगलवार, 15 अप्रैल 2025

# बेहद खास रही थाईलैंड की काव्ययात्राः डॉ. शुभम

● जनवाणी संवाददाता, मेरठ



रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कालेज में सहायक प्रोफेसर और कवियत्री डॉ शुभम त्यागी ने हाल ही में विश्व हिंदू परिषद् द्वारा थाईलैंड के बैंकाक और पटाया शहरों हिंदू नववर्ष पर आयोजित कवि सम्मेलन में प्रतिभाग कर लौटी कवियत्री ने अनुभव साझा किये। उन्होंने कहा कि इस काव्ययात्रा में जो कुछ उन्होंने हासिल किया। वह अपने आप में बेहद खास है।

शिक्षिका होने के साथ-साथ एक कवयित्री के रूप में पहचान रखने वाली डॉ. शुभम ने त्यागी ने विशेष बातचीत में पिछले दिनों की गई थाईलैंड की काव्ययात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि बैंकाक और पटाया शहरों में विश्व हिंदू परिषद थाईलैंड के तत्वावधान में हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में कवि सम्मेलनों का आयोजन हुआ था, जिसमें उन्होंने कवि सम्मेलनों का संचालन किया। कहा कि उनके साथ जाने माने संयोजक मनमोहन मित्तल और दो अन्य कवियों ने भी काव्यपाठ किया। डॉ. शुभम त्यागी ने बताया कि उन्हें अन्य देशों की संस्थाओं से आमंत्रण प्राप्त हुए हैं। डॉ. शुभम को उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान से शब्द शिल्पी सम्मान, हिन्दुस्थान एकेडमी उप्र से कवि कैलाश गौतम सम्मान प्राप्त हैं। इसके साथ ही उन्हें शहर की विभिन्न संस्थाओं, साहित्यकारों, कवियों, जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त अन्य गणमान्य नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त की और इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है।

मंगलवार • 22.04.2025

# अमर उजाला

## पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग और इनोवेशन काउंसिल की ओर से वर्ल्ड क्रिएटिविटी एंड इनोवेशन डे के उपलक्ष्य में कार्यक्रम किया गया। प्रथम चरण में छात्र और छात्राओं ने घरों, कमरों और कार्यालयों से प्रदूषण को कम करने के लिए मौलिक विचारों को प्रोटोटाइप और मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया। प्राचार्य प्रोफेसर निवेदिता मलिक के निर्देशन में कार्यक्रम हुआ। इसमें इंडोर एयर प्यूरीफायर पौधे जैसे एलोवेरा, स्पाइडर प्लांट, पोथोस, पीस लिली, स्नेक प्लांट आदि को घरों कमरों और कार्यालयों में रखने का सुझाव दिया गया। सीसीएसयू से आई टीम में तरुणा चौधरी, खुशी चौधरी सहित अन्य शामिल रहीं। संयोजक डॉ. मधु मलिक और आयोजन सचिव संयोगिता रहीं। संवाद

## पोस्टर प्रतियोगिता में रिया ने बाजी मारी

मेरठ। आरजी कॉलेज पीजी कॉलेज के कंप्यूटर विज्ञान विभाग में सोमवार को दिन दिवसीय कपैसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का समापन हुआ। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में नवाचार का भविष्य विषय पर अंतर विद्यालयी पोस्टर प्रतियोगिता हुई। आरजी पीजी कॉलेज की रिया प्रथम, बीआईटी की दिशा गुप्ता द्वितीय और मेरठ कॉलेज की स्नेहा मित्तल तृतीय रहीं। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में अत्याधुनिक विकास की समझ को बढ़ाना था। प्राचार्य ने एआई की भविष्य की संभावनाओं की व्यावहारिक व्याख्याओं की सराहना की। उन्होंने डिजिटल दुनिया में नवाचार अपनाने के महत्व पर जोर दिया। संवाद

---

II दैनिक जागरण मेरठ, 22 अप्रैल, 2025

## प्रदूषण कम करने को लगाए इंडोर प्लांट्स

मेरठ: आरजी पीजी कालेज के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस पर सोमवार को माडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वर्ल्ड क्रिएटिविटी एंड इनोवेशन डे के उपलक्ष्य पर ब्रीथ इजी विषय पर कांटेस्ट करवाया गया। जिसकी थीम ब्रीथ ईजी द क्लीन एयर चैलेंज फार इनोवेशन आइडियाज रही।

प्रथम चरण में छात्राओं को बंद स्थान जैसे घर, कमरे और आफिस के प्रदूषण को कम करने के बारे में बताया गया। छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के इंडोर एयर प्यूरीफायर पौधे जैसे एलोवेरा, स्पाइडर प्लांट, पोथोस, पीस लिली, स्नेक प्लांट को घर कमरों और आफिस में रखकर इन जगह के रासायनिक प्रदूषण को कम करने के बारे में बताया। कार्यक्रम में सरदार वल्लभ भाई पटेल विश्वविद्यालय, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, एनएएस कालेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने कहा कि •कई प्रकार की बीमारियां प्रदूषण का ही परिणाम है, और इसको कम करने के लिए हमें अवश्य ही कुछ प्रभावशाली कदम उठाने चाहिए। निर्णायक मंडल में प्रो. पुरुषोत्तम तोमर, प्रो. अशोक कुमार और चित्रांशी शर्मा रहे। रौनक, शांतनु, अक्षय चौहान, प्रियांशी की टीम प्रथम, साक्षी व स्वाति की टीम दूसरे और निदा तीसरे स्थान पर रही।

---

IV दैनिक जागरण मेरठ, 23 अप्रैल, 2025



आरजी पीजी कालेज में मंगलवार को वसुधा इको क्लब और अर्थशास्त्र विभाग द्वारा जागरूक नागरिक संगठन के सहयोग से अर्थ डे के अवसर पर सेव अर्थ विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जागरूक नागरिक संगठन के महासचिव गिरीश शुक्ला ने कहा कि दिन प्रतिदिन पर्यावरण प्रदूषित होता जा रहा है। पोस्टर प्रतियोगिता में एमएससी जंतु विज्ञान विभाग की इकरा सैफी प्रथम, एमए अर्थशास्त्र विभाग की छात्रा आसमा चौधरी द्वितीय और एमए अर्थशास्त्र विभाग की सानिया अशरफ तृतीय स्थान पर रही • जागरण

दैनिक जागरण ||
मेरठ, 23 अप्रैल, 2025
www.jagran.com

# शिवानी को 71वीं... अभिनव को मिली 130वीं रैंक

## आइएएस बनना चाहती हैं शिवानी मोहन, आइपीएस बनने के लक्ष्य तक पहुंचे अभिनव शर्मा

जासं, मेरठ : संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से जारी परिणाम में मेरठ की शिवानी मोहन को देश में 71वीं और अभिनव शर्मा को 130वीं रैंक मिली है। शिवानी ने तीसरे और अभिनव चौथे प्रयास में लक्ष्य तक पहुंचने में सफल रहे।



शिवानी मोहन●

शिवानी पहले प्रयास में इंडियन इकोनॉमिक सर्विस में सफल हुई थीं, जिसमें उन्होंने भारत में आयोजित जी-20 में भी सेवाएं दीं। दूसरे प्रयास में मिली रैंक के सापेक्ष इंडियन डिफेंस अकाउंट्स सर्विस मिला, इसमें असिस्टेंट कंट्रोलर आफ डिफेंस अकाउंट्स के पद पर कार्यरत रहते हुए प्रशिक्षण पूरा कर रही हैं। इस वर्ष तीसरे प्रयास में 71वीं रैंक लेकर शिवानी ने आइएएस बनने के लक्ष्य को हासिल कर लिया है। शिवानी की पहली प्राथमिकता उत्तर प्रदेश कैडर ही है। वहीं पहले दो प्रयास में विफल रहने के बाद अभिनव शर्मा को तीसरे प्रयास में सफलता मिली। हालांकि रैंक कम होने के कारण उन्हें इंडियन पोस्टल सर्विस मिला। उन्होंने पोस्टल सेवा में नियुक्ति के बाद अवकाश लेकर तैयारी की और अब चौथे प्रयास में 130वीं रैंक लेकर आइपीएस बनने के लक्ष्य तक पहुंच गए। अभिनव ने भी यूपी कैडर को प्राथमिकता दी है।



परिवार के साथ बीच में खड़ी शिवानी। (पीछे बाएं से) शिवानी के बड़े भाई मेजर शांतनु व भाभी रुद्राक्षी, माता डा. सीमा गुप्ता व पिता सुशील कुमार। नीचे बैठे (बाएं से) शिवानी की बुआ डा. मनीषा अग्रवाल, दादी डा. गीता गुप्ता और फूफा डा. एके अग्रवाल● सौ. स्वजन

### जी-20 शिखर सम्मेलन में भारतीय दल का हिस्सा रहीं थी शिवानी

रुड़की रोड पर गोल्डन एवेन्यू फेज-2 की रहने वाली शिवानी मोहन स्कूली शिक्षा से उच्च शिक्षा तक टाप श्रेणी में ही रही हैं। कक्षा 10वीं तक की स्कूली शिक्षा छावनी स्थित सोफिया गर्ल्स स्कूल में हुई। 11वीं-12वीं की पढ़ाई डीपीएस आरकेपुरम से और स्नातक की पढ़ाई दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस से की। वहां से उन्होंने इकोनॉमिक्स आनर्स किया। इसके बाद दिल्ली स्कूल आफ इकोनॉमिक्स से परास्नातक एमए इकोनॉमिक्स किया। शिवानी मिरांडा हाउस और दिल्ली स्कूल आफ इकोनॉमिक्स में अपने बैच की टापर रही थीं। शिवानी के पिता सुशील कुमार स्टेट बैंक आफ इंडिया की दिल्ली शाखा में महाप्रबंधक हैं। वह मेरठ शाखा में भी पोस्टेड रहे। उनकी माता डा. सीमा गुप्ता आरजी पीजी कालेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के तौर पर कार्यरत हैं। बड़े भाई शांतनु भारतीय सेना में मेजर हैं। शिवानी वर्तमान में शिमला में आइडीएएस का प्रशिक्षण कर रही है। फिलहाल माता-पिता भी शहर के बाहर हैं... वह 26 अप्रैल के बाद लौटेंगे। फोन पर हुई बातचीत में पिता सुशील कुमार ने बताया कि इंडियन इकोनॉमिक सर्विस में शिवानी को वित्त मंत्रालय के नार्थ ब्लाक में असिस्टेंट डायरेक्टर का पद मिला था। वह वित्त मंत्री के साथ दो वर्ष पहले हुए जी-20 शिखर सम्मेलन में भारतीय दल का हिस्सा रही थी। उन्होंने बताया कि परिवार में कोई भी सिविल सेवाओं में नहीं रहा है। शिवानी ने खुद ही यह करियर चुना, जिसमें परिवार के सभी सदस्यों ने उन्हें प्रोत्साहित किया। शिवानी की दादी डा. गीता गुप्ता इस्माइल डिग्री कालेज से प्रिंसिपल पद से सेवानिवृत्त हुई थीं। शिवानी का विषय इकोनॉमिक आनर्स था, जिसकी कोई कोचिंग दिल्ली में भी नहीं थी। इसीलिए शिवानी ने खुद से ही तैयारी की। इसमें शिवानी को मां से मदद और मार्गदर्शन मिलता रहा।



माता-पिता के साथ अभिनव शर्मा● सौ. स्वजन

### अभिनव की सफलता का मंत्र, इंटरनेट मीडिया से दूरी और सेल्फ स्टडी

जमेरठ : 130वीं रैंक पाने वाले अभिनव शर्मा की सफलता का मूल मंत्र सेल्फ स्टडी और इंटरनेट मीडिया से दूरी है। अभिनव बताते हैं कि जिस दिन यूपीएससी परीक्षा की तैयारी का निर्णय लिया, उसी दिन से इंटरनेट मीडिया से अपने आप को दूर कर लिया। टेलीग्राम के अलावा इंटरनेट मीडिया के सभी प्लेटफार्म को छोड़ दिया। पाठ्य सामग्री के लिए टेलीग्राम पर कुछ ग्रुपों में जुड़े रहे। देहली गेट थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रमेश चंद शर्मा के छोटे बेटे अभिनव शर्मा पिता को ही आदर्श मानते हैं। परिवार में पिता के अलावा चाचा, फूफा सहित अन्य लोग पुलिस अफसर हैं। उसी माहौल में पले बढ़े अभिनव शुरू से ही आइपीएस अफसर बनना चाहते थे। प्राथमिक शिक्षा उत्तराखंड के उधमसिंह नगर से हुई। हाईस्कूल और इंटर की पढ़ाई मुरादाबाद के पीएमएस स्कूल से की। 11वीं-12वीं में ही जेईई एडवांस की तैयारी के लिए अभिनव ने मुरादाबाद में ही कोचिंग की, यूपीएससी की तैयारी उन्होंने खुद से ही की। वर्ष 2020 में आइआइटी कानपुर से सिविल इंजीनियरिंग से बीटेक किया। अभिनव के अनुसार, जब उनकी तैयारी शुरू हुई, तभी कोरोना आ गया। इसीलिए उन्होंने सोशियोलाजी की आनलाइन कोचिंग करने के अलावा अन्य तैयारी घर पर की। वर्ष 2021 में पहले प्रयास में प्रीलिम क्वालीफाई नहीं कर सके। वर्ष 2022 के दूसरे प्रयास में साक्षात्कार तक पहुंचे। 2023 के तीसरे प्रयास में सफल हुए और इंडियन पोस्टल सर्विस मिला। यहां से ब्रेक लेकर अभिनव ने 2024 में चौथे प्रयास में 130वीं रैंक हासिल कर ली। अभिनव ने बताया कि बताया कि पहले प्रयास में 16 घंटे से अधिक पढ़ने के बाद भी सफल नहीं होने पर पता चला कि इसकी तैयारी में घंटे नहीं, रणनीति सही करनी होगी। उसके बाद 10 से 12 घंटे की औसत पढ़ाई की। पढ़ाई के अलावा अभिनव को हिंदी साहित्य में रुचि है। विशेष तौर पर मधुशाला की पंक्तियां प्रेरित करती हैं।

बुधवार • 23.04.2025

अमर उजाला

# आईडीएएस में हुआ था शिवानी का चयन, करती रहीं आईएएस की तैयारी




परिजनों के साथ शिवानी मोहन। स्रोत: स्वयं

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। रुड़की रोड गोल्डन एवेन्यू फेस-टू की रहने वाली शिवानी मोहन ने अपनी सफलता से बेटियों के सपनों को नई उड़ान दी है। उनके पिता सुशील कुमार एसबीआई दिल्ली में जीएम हैं। माता डॉ. सीमा गुप्ता आरजी कॉलेज में बीएड की प्रोफेसर हैं। शिवानी के भाई शांतनु भारतीय सेना में मेजर हैं। शिवानी वर्तमान में इंडियन डिफेंस अकाउंट सर्विस (आईडीएएस) का प्रशिक्षण ले रही हैं, लेकिन उन्होंने आईएएस के लिए अपनी तैयारी जारी रखी।

शिवानी के अनुसार दूसरे प्रयास में उन्हें यूपीएससी से ही आईडीएएस में चयन मिला, लेकिन लक्ष्य आईएएस का था। अब तीसरे प्रयास में 71 वीं रैंक पाकर उन्होंने लक्ष्य हासिल कर लिया। उन्होंने सोफिया गर्ल्स स्कूल मेरठ से दसवीं, डीपीएस आरकेपुरम दिल्ली से 12 वीं उत्तीर्ण की।

इसके बाद शिवानी मोहन ने मिरिंडा हाउस डीयू से अर्थशास्त्र ऑनर्स और दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में उच्च शिक्षा प्राप्त की। बेटी की इस सफलता पर परिवार में जश्न का माहौल है।

फिलहाल उनकी ट्रेनिंग चल रही है। शिवानी कहती हैं कि लगातार परिश्रम से सफलता जरूर मिलती है। शिवानी का कहना है कि उन्होंने तैयारी के दौरान सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखी।

दैनिक जनवाणी मेरठ, बुधवार, 23 अप्रैल, 2025

# अर्थ डे पर पोस्टर प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



● जनवाणी संवाददाता, मेरठ

मंगलवार को रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में वसुधा इको क्लब तथा अर्थशास्त्र विभाग एवं जागरूक नागरिक संगठन के संयुक्त तत्वावधान में अर्थ डे के अवसर पर सेव अर्थ विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी के संरक्षण में हुआ। कार्यक्रम की संयोजिका एवं संचालिका डॉ. शैलजा ने बताया कि विकास की इस दौड़ में पृथ्वी और उसके प्राकृतिक संसाधनों को विभिन्न उपायों द्वारा संरक्षण प्रदान कर इस पृथ्वी को बचाया जा सकता है। अंत में सभी छात्राओं को निशुल्क पौध वितरण किया गया। कार्यक्रम में वसुधा इको क्लब एवं अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. अनुपमा, डॉ. मीता सिंह, डॉ. मधु मलिक, डॉ. गरिमा कुमारी, सुजाता उपस्थित रहे।

मेरठ | बुधवार | 23.04.2025
अमर उजाला 06

# पोस्टर प्रतियोगिता में इकरा प्रथम, आसमां द्वितीय

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में वसुधा इको क्लब, अर्थशास्त्र विभाग और जागरूक नागरिक संगठन की ओर से विश्व पृथ्वी दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता कराई। इसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। प्रतियोगिता में इकरा सैफी प्रथम, आसमां चौधरी द्वितीय और सानिया अशरफ तृतीय रहीं। सांत्वना पुरस्कार के लिए लक्ष्मी को चुना गया।प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी के संरक्षण में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

जागरूक नागरिक संगठन के महासचिव गिरीश शुक्ला ने कहा कि पर्यावरण दिन-प्रतिदिन प्रदूषित होता जा रहा है और 30 प्रतिशत भारत की भूमि बंजर हो चुकी है। इसलिए सामूहिक प्रयास कर धरा को बचाना होगा। एके शुक्ला ने सुनाया-हरे शहर नहीं, सूखी घास रहने दो, जमीं के जिस्म पर कुछ तो लिबास रहने दो।


आरजी कॉलेज में पृथ्वी दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं। संवाद

निर्णायक मंडल में वसुधा इको क्लब की कन्वीनर प्रो. कल्पना चौधरी, अर्थशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रो. शैलजा और जागरूक नागरिक संगठन के महासचिव एके शुक्ला ने छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए। संयोजक डॉ. शैलजा ने बताया कि छात्राओं को निशुल्क पौधे वितरित किए गए।

4 | दैनिक जनवाणी मेरठ, गुरुवार • 24 अप्रैल • 2025

# पृथ्वी दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

• जनवाणी संवाददाता, मेरठ

बुधवार को रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में वसुधा इको क्लब तथा अर्थशास्त्र विभाग एवं जागरूक नागरिक संगठन के संयुक्त तत्वावधान में अर्थ डे के अवसर पर सेव अर्थ विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्राचार्या प्रो. निवेदिता के संरक्षण में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें पृथ्वी के संरक्षण के लिए प्रेरित करना था। पृथ्वी दिवस के संदर्भ में जागरूक नागरिक संगठन के महासचिव गिरीश शुक्ला ने हमें बताया कि 1970 में अमेरिका के पूर्व सिनेटर [illegible] राल्ड नल्सन ने संसार के सामने पर्यावरण विषय पर चर्चा को आगे बढ़ाया था। एके शुक्ला ने कहा कि हरे शहर नहीं सूखी घास रहने दो। जमीं के जिस्म पर कुछ तो लिबास रहने दो। निर्णायक मंडल में वसुधा इको क्लब की कन्वीनर प्रो. कल्पना चौधरी, अर्थशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रो. डॉ. शैलजा एवं जागरूक नागरिक संगठन के



महासचिव एके शुक्ला ने छात्राओं ने उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के संयोजन में वसुधा इको क्लब एवं अर्थशास्त्र विभाग के अन्य सदस्यों डॉ. अनुपमा, डॉ. गीता सिंह, डॉ. मधु मलिक, डॉ. गरिमा, सुजाता का अथक सहयोग रहा।

5 दैनिक जनवाणी मेरठ, शुक्रवार • [illegible] अप्रैल • [illegible]

**चित्रकला विभाग में अभिभावक- शिक्षक की हुई मीटिंग**

[illegible]

IV दैनिक जागरण मेरठ, 27 अप्रैल, 2025

## आरजी कालेज पर होगी कई विषयों की मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा

मेरठ : चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से संबद्ध कालेजों की विभिन्न कक्षाओं की परीक्षाओं की मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथि घोषित कर दी गई है। यह परीक्षाएं आरजी डिग्री कालेज केंद्र पर होंगी। एमए द्वितीय वर्ष राजनीति विज्ञान व्यक्तिगत छात्राओं की मौखिक परीक्षा दो से तीन मई को सुबह 9:30 बजे से राजनीति विज्ञान विभाग में होगी। केंद्र पर 24 कालेजों की परीक्षा होगी। कालेज प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने बताया कि समस्त छात्राएं अपने प्रवेश पत्र एवं एमए प्रथम वर्ष की अंकतालिका के साथ राजनीति विज्ञान विभाग में समयानुसार उपस्थित हों।

बीए, तथा एमए समस्त इकाईयों तथा मान इकाईयों के छात्र-छात्राओं की गृह विज्ञान विषय की छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा कालेज में आगामी एक मई को गृह विज्ञान विभाग में सुबह 10 बजे से होगी। छात्र-छात्राएं अपना प्रवेश पत्र, स्नातक अंकतालिका तथा विश्वविद्यालय में जमा की गई फीस की रसीद लेकर सुबह 10 बजे तक गृह विज्ञान विभाग में उपस्थित हों। एमए द्वितीय वर्ष समाजशास्त्र व्यक्तिगत छात्राओं की मौखिक परीक्षा सात व आठ मई को सुबह 9:30 बजे से समाजशास्त्र विभाग में होगी। इस केंद्र पर 20 कालेजों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। एमए द्वितीय वर्ष अर्थशास्त्र व्यक्तिगत छात्राओं की मौखिक परीक्षा छह मई को सुबह 9:30 बजे से अर्थशास्त्र विभाग में होगी। केंद्र पर 20 कालेजों का केंद्र बनाया है।

सहायक [illegible] विभाग का rgeconomicsdepartment23@gmail.com पर [illegible] सुनिश्चित करें। साथ ही [illegible] विभाग में समयानुसार उपस्थित हों। विश्वविद्यालय से संबद्ध कालेजों की एमए तृतीय सेमेस्टर जी-212 तथा एमए द्वितीय वर्ष प्राइवेट जी-[illegible] की छात्र-छात्राओं की अंग्रेजी विषय की छूटी मौखिक परीक्षा कालेज में आगामी दो मई को सुबह 10 बजे विभाग में होगी।

बुधवार • 30.04.2025
अमर उजाला 07

## सम्मेलन में अभिभावकों को दी जानकारी

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के एमएससी वनस्पति विज्ञान विभाग की छात्राओं के लिए शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया। अभिभावक और शिक्षिकाओं के बीच इस संवाद का उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार लाना और अभिभावकों का फीडबैक प्राप्त करना रहा। अभिभावकों को एनईपी सिलेबस के अनुसार होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। वनस्पति विज्ञान पीजी कोऑर्डिनेटर डॉ. गरिमा मलिक, डॉ. अनुपमा सिंह, डॉ. मधु मलिक और डॉ. गीता सिंह ने कार्यक्रम में सहभागिता की। अभिभावकों ने रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज की इस पहल को सराहनीय बताया। संवाद

## ज्योति निवास अनाथ आश्रम की विजिट

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के एमए फर्स्ट और द्वितीय की छात्राओं को मेरठ कैंट स्थित ज्योति निवास अनाथ आश्रम की विजिट कराई गई। छात्राओं ने इस वंचित वर्ग की संवेदनाओं को प्रत्यक्ष रूप से महसूस किया। खाद्य सामग्री वितरण के बाद बच्चों की मुस्कुराहट ने सभी के हृदय को करुणा से भर दिया। छात्राओं ने यह भी जाना कि किस तरह से वह पुरानी अच्छी वस्तुएं देकर भी उनका सहयोग कर सकती हैं। इस कार्य को संपन्न कराने में अर्थशास्त्र विभाग की सभी शिक्षिकाओं का योगदान रहा। संवाद

|| दैनिक जागरण मेरठ, 30 अप्रैल, 2025

## आरजी पीजी कालेज में होगी 19 कालेजों की एमए इतिहास की मौखिक परीक्षा

मेरठ : 19 कालेजों की एमए इतिहास द्वितीय वर्ष (व्यक्तिगत) की छात्राओं की मौखिक परीक्षा आरजीपीजी कालेज में होगी। यह परीक्षा नौ मई को सुबह 9.30 बजे से इतिहास विभाग में होगी। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने बताया कि छात्राएं अपने प्रवेश पत्र एवं एमए प्रथम वर्ष की अंकतालिका के साथ इतिहास विभाग में निर्धारित समय पर उपस्थित हों। उन्होंने बताया कि जिन कालेजों की परीक्षाएं होंगी। उनमें आरपीजी कालेज, इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज, कनोहर लाल पीजी कालेज शारदा रोड, गांधी स्मारक देवनागरी महाविद्यालय परीक्षितगढ़, फैज-ए-आम डिग्री कालेज, सविता देवी कालेज मोहिउद्दीनपुर, विद्योत्तमा कन्या महाविद्यालय लावड़, मेरठ कालेज फार गर्ल्स एजुकेशन चितवाना शेरपुर किला परीक्षितगढ़, शहीद मंगल पांडे माधवपुरम व सेंट जोसेफ गर्ल्स डिग्री कालेज सरधना शामिल है। इसके साथ ही संजय गांधी सरूरपुर खुर्द, स्वामी कल्याणदेव कालेज हस्तिनापुर, भवानी डिग्री कालेज शाहजहांपुर, नवजीवन किसान डिग्री कालेज मवाना, चौधरी बशीर खान कालेज हर्रा, स्वतंत्रता सेनानी श्री रामफूल सिंह महाविद्यालय फलावदा, आरके कालेज गढ़ रोड, ज्ञान भारती इंस्टीट्यूट जेवरी व श्री सालिगराम शर्मा स्मारक पीजी कालेज रासना की छात्राओं की परीक्षा भी आरजीपीजी कालेज केंद्र पर होगी।

6 दैनिक जागरण मेरठ, 2 मई, 2025



भारतीय ज्ञान प्रणाली और दृश्य कला प्रथाओं में नवाचार शीर्षक पर अतिथि व्याख्यान में भाग लेतीं छात्राएं • सौ. कालेज

# आधुनिक कला प्रथाओं में नवाचार को प्रेरित करती हैं अवधारणाएं

**मेरठ** : आरजी पीजी कालेज के चित्रकला विभाग में भारतीय ज्ञान प्रणाली और दृश्य कला प्रथाओं में नवाचार शीर्षक पर गुरुवार को अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। भारतीय ज्ञान परंपरा, रविंद्र नाथ टैगोर सांस्कृतिक क्लब एवं इनोवेशन काउंसिल आयोजित व्याख्यान में कलाकारों, शिक्षाविदों और छात्राओं को प्राचीन ज्ञान परंपराओं और समकालीन दृश्य कला के बीच संबंधों की जानकारी दी गई। भारतीय सौंदर्यशास्त्र और कला इतिहास विशेषज्ञ डा. नीलिमा गुप्ता ने बताया कि पारंपरिक भारतीय दर्शन, जैसे कि रस, धर्म और शिल्प शास्त्र की अवधारणाएं आधुनिक कला प्रथाओं में नवाचार को प्रेरित करती रहती हैं। डा. नूपुर शर्मा ने वैदिक ग्रंथों, लोक परंपराओं और आध्यात्मिक प्रतीकों के तत्वों को शामिल करते हैं। भारतीय ज्ञान प्रणालियों की अंत विषय प्रकृति पर चर्चा की। विभागाध्यक्ष प्रो. अर्चना रानी, डा. नाजिमा इरफान, डा. पूनमलता सिंह भी उपस्थित रहीं।

वहीं वाणिज्य विभाग में पेरेंटस टीचर मीटिंग हुई। इसके अलावा गृहविज्ञान विभाग एवं करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा पैशन से प्रोफेशन गृह विज्ञान कौशल को करियर में बदलना विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। डा. रेनू काम्बोज ने पोषण, वस्त्र निर्माण, बाल विकास और इंटीरियर डिजाइन में व्यावसायिक अवसरों के बारे में बताया।

4 दैनिक जागरण. Meerut, 2 May 2025
iNEXT CITY

# छात्राओं को दी सीख

PIC : JNN



**MEERUT (1 May, JNN):** आरजी पीजी कालेज के चित्रकला विभाग में भारतीय ज्ञान प्रणाली और दृश्य कला प्रथाओं में नवाचार शीर्षक पर गुरुवार को अतिथि व्याख्यान हुआ. भारतीय ज्ञान परंपरा, रविंद्र नाथ टैगोर सांस्कृतिक क्लब एवं इनोवेशन काउंसिल आयोजित व्याख्यान में कलाकारों, शिक्षाविदों और छात्राओं को प्राचीन ज्ञान परंपराओं और समकालीन दृश्य कला के बीच संबंधों की जानकारी दी गई. डा. नीलिमा गुप्ता ने बताया कि पारंपरिक भारतीय दर्शन, शिल्प शास्त्र की अवधारणाएं आधुनिक कला प्रथाओं में नवाचार को प्रेरित करती हैं.

## पेरेंटस-टीचर मीटिंग हुई

विभागाध्यक्ष प्रो. अर्चना रानी, डा. नाजिमा इरफान, डा. पूनमलता सिंह भी उपस्थित रहीं. वहीं वाणिज्य विभाग में पेरेंटस टीचर मीटिंग हुई. शिक्षिकाओं ने अभिभावकों को कक्षा में उपस्थिति, पढ़ाई में रुची, आंतरिक परीक्षाओं में प्रदर्शन के बारे में बताया. गृहविज्ञान विभाग एवं करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा पैशन से प्रोफेशन गृह विज्ञान कौशल को करियर में बदलना विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया. [illegible]त्राओं को कौशल विकास के बारे में बताया गया.

शुक्रवार • 02.05.2025 02
अमर उजाला

# भावनाओं को व्यक्त करने का माध्यम है संगीत

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में 'भारतीय संगीत- एक अमूल्य विरासत' विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में भारतीय संगीत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक कालीन संगीत के स्वरूप पर चर्चा की गई। भारतीय संगीत मात्र मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि हमारी भावनाओं को व्यक्त करने का सशक्त माध्यम भी है। संगीत समाज म्यूजिक कॉलेज की प्रधानाचार्य रुचिका सिंह ने अपनी संस्था की संरचना और वहां सिखाई जाने वाली गायन, वादन और नृत्य की विभिन्न शैलियों पर प्रकाश डाला।

आरजी कॉलेज की संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. किरन शर्मा ने संगीत के आधारभूत तत्व नाद, श्रुति और स्वर आदि के बारे में जानकारी दी। डॉ. स्वाति शर्मा ने राग यमन की प्रस्तुति दी। संवाद

रविवार • 04.05.2025
अमर उजाला 07



आरजी पीजी कॉलेज में पौध वितरण कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्राएं। स्रोत : संस्थान

## औषधीय पौधे वितरित किए

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पोस्टग्रेजुएट कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग में पौधारोपण और पौध वितरण कार्यक्रम किया गया। कालेज प्रांगण में सहजन का पौधा लगाया गया।

छात्राओं को सहजन, करी पत्ता, स्नेक प्लांट, एलोवेरा, गिलोय, स्पाइडर प्लांट, वंडरिंग जू, पर्पल हार्ट, रियो, फर्न, अश्वगंधा, डेविल कून, लेमनग्रास सहित औषधीय पौधे निशुल्क वितरित किए। छात्राओं को वर्टिकल गार्डनिंग के बारे में बताया गया। संचालन डॉ. शैलजा ने किया। अर्थशास्त्र विभाग की इंचार्ज प्रो. नीना बत्रा, प्रो. छाया तेवतिया और डॉ. गीता रानी का सहयोग रहा। छात्राओं में नरगिस, निशा, मुस्कान, पायल और सानिया आदि का योगदान रहा। संवाद

## प्रमाण पत्र वितरित किए



छात्रा को इंटर्नशिप प्रमाण पत्र देती शिक्षिका। स्रोत : संस्थान

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में वाणिज्य समन्वयक प्रो. सोनिका चौधरी और वाणिज्य विभाग आरजीपीजी इनोवेशन काउंसिल ने आशा कल्याण एवं चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से इंटर्नशिप प्रमाण वितरण समारोह का आयोजन किया। इसमें प्रतिभागी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। ट्रस्ट की संस्थापक नेहा राणा टंडेल और समन्वयक मीनाक्षी चुनेरा को आमंत्रित किया गया। उनके साथ अमित झा, मोहित कटारिया, ज्योति सैनी और हिमांशी राणा मौजूद रहे। कार्यक्रम में अलीशा आजम और अनुष्का देसवाल प्रथम स्थान, अलीशा द्वितीय और सलोनी तृतीय स्थान पर रहीं। उन्हें ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम संयोजक अंबिका रहीं। इस अवसर पर प्राचार्य निवेदिता मलिक ने सभी को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बिन्नी कातियान, इशिता गोयल, हफ़्सा खान, मेघना और कृतिका शर्मा मौजूद रहीं।

## कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की



वार्षिक रिपोर्ट पुस्तिका के साथ मौजूद अतिथि। स्रोत : संस्थान

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज की वार्षिक पत्रिका 'कॉलेज-ओ-स्कोप' का विमोचन डॉ. पीयूष कुमार अग्रवाल और पूर्व एसोसिएट प्रो. कृष्ण ने किया। प्राचार्य एवं वार्षिक पत्रिका की इंचार्ज प्रो. अर्चना, राजनीति विज्ञान की अध्यक्ष डॉ. मनीषा भार्गव सहित अन्य ने महत्वपूर्ण गतिविधियों के बारे में बताया। इस दौरान बताया गया कि कॉलेज ने कई समझौता ज्ञापनों के माध्यम से प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और शोध के नए अवसर सृजित किए। यह वार्षिक रिपोर्ट महाविद्यालय की प्रगति और दृष्टिकोण का प्रतिबिंब है। पत्रिका के प्रकाशन में प्रो. सोनिका चौधरी, डॉ. मीता और पत्रिका समिति अन्य का सहयोग रहा। संवाद

सोमवार • 05.05.2025
अमर उजाला 05

## छात्राओं को वितरित किए इंटर्नशिप सर्टिफिकेट



सर्टिफिकेट के साथ मौजूद छात्राएं। स्रोत : संस्थान

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग में छात्राओं को इंटर्नशिप सर्टिफिकेट वितरित किए गए। कॉलेज प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक और वाणिज्य विभाग की प्रमुख प्रो. शीनिका चौधरी ने सर्टिफिकेट का वितरण किया। ट्रस्ट की सह-संस्थापक नेहा राणा टंडेल और समन्वयक मीनाक्षी चुनेसा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की समन्वयक अंबिका सभरवाल रहीं। संवाद

4 | दैनिक जनवाणी मेरठ, बुधवार, 7 मई, 2025

## आरजी पीजी में ऑनलाइन पाठ्यक्रम आयोजित

मेरठ, जनवाणी: रघुनाथ गर्ल्स पीजी महाविद्यालय की टीचर्स रिस्किलिंग सेल एवं यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र एसजीटी बी खालसा कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आठ दिवसीय ऑनलाइन अभिविन्यास और संवेदीकरण पाठ्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. विमल रार ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मुख्य अवधारणाओं और रणनीतियों से परिचित कराना और उन्हें अपने अपने संस्थानों में प्रभावी ढंग से लागू करने में सक्षम बनाना है। प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक ने कार्यक्रम के आरम्भ में स्वागत भाषण में सभी कार्यकारिणी सदस्यों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में केंद्रीय व राज्य विवि के विभिन्न संस्थानों और अन्य उच्च शिक्षा संस्थानों के विभिन्न संकायों से 200 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. गरिमा मलिक ने बताया कि कार्यक्रम को दो तकनीकी सत्रों में संचालित किया जायेगा।

दैनिक जागरण मेरठ, 6 मई, 2025

## ज्ञान को समाज के सामने प्रस्तुत करती है भाषा : प्रो. कल्पना

जासं, मेरठ: रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कालेज में सोमवार को 'व्यक्तित्व के विकास में भाषा की भूमिका शीर्षक' पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। अतिथि एमएमएच कालेज गाजियाबाद की प्रो. कल्पना दुबे ने कहा कि भाषा एक ऐसा माध्यम है, जो व्यक्ति के ज्ञान और व्यक्तित्व को समाज के सामने प्रस्तुत करती है।

भाषा का उचित प्रयोग हमारे संस्कार और व्यवहार को प्रदर्शित करता है। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने कहा कि भाषा हमारे व्यक्तित्व का महत्वपूर्ण आभूषण है। भाषा और संप्रेषण आपस में गहराई से जुड़े हैं।

दैनिक जागरण मेरठ, 7 मई, 2025

## राष्ट्र की प्रगति की रीढ होते है अनुसंधान और विकास

मेरठ : आरजी पीजी कालेज की टीचर्स रिस्कलिंग सेल एवं पंडित मदन मोहन मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र और एसजीटीबी खालसा कालेज दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आठ दिवसीय आनलाइन अभिविन्यास और संवेदीकरण पाठ्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रोग्राम कोआर्डिनेटर प्रो. विमल ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मुख्य अवधारणाओं और रणनीतियों से परिचित करवाना है, और उन्हें अपने अपने संस्थानों में प्रभावी ढंग से लागू करने में सक्षम बनाना है। दूसरे तकनीकी सत्र में प्रो. बिहू प्रसाद साहू ने बताया कि अनुसंधान एवं विकास किसी भी राष्ट्र की प्रगति की रीढ होते हैं। यह नई खोज, नवाचारों और सामाजिक समस्याओं के समाधान का मूल आधार प्रदान करते हैं।

दैनिक जागरण मेरठ, 8 मई, 2025

## शिक्षाशास्त्र और मूल्यांकन एक दूसरे के पूरक है

मेरठ : आरजी पीजी कालेज की टीचर्स रिस्कलिंग सेल एवं पंडित मदन मोहन मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र में आठ दिवसीय आनलाइन अभिविन्यास और संवेदीकरण पाठ्यक्रम चल रहा है। इसके दूसरे दिन मंगलवार को प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने बताया कि शिक्षाशास्त्र और मूल्यांकन एक दूसरे के पूरक हैं। आरजी कालेज इस विषय पर संयुक्त रूप में कार्यक्रम करने वाला शहर का पहला महाविद्यालय है। प्रोग्राम कोआर्डिनेटर डा. गरिमा मलिक ने जानकारी दी।

बृहस्पतिवार • 08.05.2025 02
अमर उजाला

## छात्राओं को बचाव और सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया



आरजी कॉलेज में हुई मॉक ड्रिल के दौरान मौजूद लोग। स्रोत : स्वयं

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में छात्राओं को मॉक ड्रिल का महत्व बताया। अपर नगर मजिस्ट्रेट सदर, रश्मि बरनवाल, हरेंद्र जादौन और ब्रजेश कुमार सैनी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग, होम गार्ड, फायर सेवा विभाग द्वारा आपातकालीन स्थिति में छात्राओं को बचाव एवं सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया। प्राचार्य प्रो. निवेदिता ने कहा कि साहस एवं धैर्य से अपनी एवं आस-पास के लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखें। संवाद

**खुद को सुरक्षित रखने के बताए उपाय**

मेरठ। छावनी परिषद द्वारा संचालित सीएबी इंटर कॉलेज में राजेंद्र कुमार ने आपात स्थिति में खुद को सुरक्षित रखने के उपाय बताए। कैडेट्स को ब्लैक आउट और एयर रेड सायरन के बारे में बताया गया। प्रधानाचार्य नरेंद्र यादव ने बताया कि हमले की स्थिति में जमीन पर लेट जाना चाहिए। संवाद

मेरठ, शुक्रवार, 9 मई 2025 08
हिन्दुस्तान

## व्याख्यान का आयोजन

मेरठ। आरजी पीजी कालेज में समाजशास्त्र विभाग में प्राचार्या प्रोफेसर निवेदिता कुमारी के निर्देशन में समाजशास्त्र संघ द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता प्रो. अजीत कुमार सिंह, समाज शास्त्र विभाग, मेरठ कॉलेज मेरठ ने मूल्य आधारित शिक्षा पर व्याख्यान दिया। विभागाध्यक्ष प्रो. अनु रस्तोगी, प्रो. अंजुला राजवंशी, प्रो. रजनी श्रीवास्तव, प्रो. मंजुलता ने अपने विचार व्यक्त किए।

शनिवार • 10.05.2025
अमर उजाला 05

## शिवानी मोहन को सम्मानित किया



शिवानी मोहन को सम्मानित करतीं प्रो. निवेदिता व अन्य। संवाद

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में आईएएस बनने पर कुमारी शिवानी मोहन को प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने शिवानी को पटका एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। शिवानी मोहन बीएड विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सीमा गुप्ता की सुपुत्री हैं। उनकी प्राथमिक शिक्षा सोफिया गर्ल्स से हुई। उसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से आगे की पढ़ाई की। उन्होंने 71वीं रैंक लाकर नाम चमकाया। प्राचार्या प्रो. निवेदिता ने इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं। छात्राओं ने शिवानी मोहन से कई सवाल किए और उनके जवाब पाए। संवाद

II दैनिक जागरण मेरठ, 11 मई, 2025

एक नजर में



कनोहर लाल कालेज में आयोजित स्मृतियां कार्यक्रम में मौजूद पुरातन छात्राएं • जागरण

## सपनों को प्राथमिकता देकर आत्मविश्वास के साथ बढ़ें आगे

मेरठ : आरजी पीजी कालेज के समाजशास्त्र विभाग की प्रो. अंजुला राजवंशी ने अपने कालेज के दिनों को याद करते हुए वर्तमान छात्राओं से अपने अनुभव सांझा किए। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए। छात्राएं अपने सपनों और विचारों को प्राथमिकता दें, और आत्मविश्वास से आगे बढ़ें। ये विचार उन्होंने शनिवार को कनोहर लाल पीजी कालेज में आयोजित स्मृतियां कार्यक्रम में कहे। जिसका आयोजन पुरातन छात्रा समिति द्वारा किया है। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कानपुर महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डा. अंजू चौधरी ने दीप जलाकर की। प्राचार्य प्रो. किरण प्रदीप ने विचार रखे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में इकरा और उमरा ने समूह नृत्य की प्रस्तुति दी तो वहीं पूजा रानी ने कविता और हिबा और ऋतु ने मोबाइल से बचाव विषय पर नाटक की प्रस्तुति दी।

IV दैनिक जागरण मेरठ, 12 मई, 2025

## डिजिटल तकनीक शिक्षा को बना रही सुलभ : डा. उपदेश

जागरण संवाददाता, मेरठ : आरजी पीजी कालेज में इनोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर आनलाइन व्याख्यान का आयोजन हुआ। दृष्टि से यथार्थ तक भारत की प्रौद्योगिकी उपलब्धियां विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डा. उपदेश वर्मा ने कहा कि आज के युग में डिजिटल तकनीक शिक्षा, स्वास्थ्य और शासन व्यवस्था को सरल और सुलभ बना रही है। उन्होंने छात्राओं को तकनीकी नवाचार और अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने समसामयिकता पर बल देते हुए वैज्ञानिकों के योगदान को सराहना की।

मेरठ, 14 मई, 2025 दैनिक जागरण 13

## सूचना और संचार प्रौद्योगिकी से नवाचार को मिला बढ़ावा

मेरठ : आरजी पीजी कालेज की टीचर्स रिस्कलिंग सेल एवं यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र एसजीटीबी खालसा कालेज दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर चल रहे आठ दिवसीय आनलाइन अभिविन्यास और संवेदीकरण पाठ्यक्रम के पांचवें दिन मंगलवार को प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता डा. नरेंद्र कुमार सिन्हा ने सूचना और संचार प्रौद्योगिकी विषय की जानकारी देते हुए कहा कि उच्च शिक्षा में शिक्षण और सीखने के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है। आनलाइन कक्षाएं, ईलर्निंग प्लेटफार्म और डिजिटल लाइब्रेरी छात्रों को किसी भी समय कहीं से भी ज्ञान प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करती हैं। सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से शोध और नवाचार को बढ़ावा मिला है।

IV दैनिक जागरण मेरठ, 15 मई, 2025

## रसायन विभाग की वाह्य प्रयोगात्मक परीक्षा कल

मेरठ : आरजी पीजी कालेज में बीएससी रसायन विज्ञान छठे सेमेस्टर की वाह्य प्रयोगात्मक परीक्षा 16 मई को सुबह 9 बजे से होगी। बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर पीसीएम विभाग की भौतिक विज्ञान विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 17 मई को होगी।

मेरठ, गुरुवार, 15 मई 2025 07

हिन्दुस्तान

# संयुक्त परिवार से हर समस्या का होता है समाधान

मेरठ। मेरठ के रहने वाले आनंद परिवार में भी कई पीढ़ियां एक साथ हैं। आज भी दादी शांति आनंद, ताऊ मनमोहन आनंद, दूसरे भाई संजय आनंद और प्रमिता आनंद, राहुल, अंचल, अविर, अनमोल व कृतिका हैं, जोकि कंकरखेड़ा में रहते हैं। यहां पर तीन पीढ़ियां एक साथ रह रही हैं और इनका कहना है कि दुख व सुख सभी कुछ एक साथ व्यतीत करते हैं और रसोई आज भी एक है। जोकि बड़ों के निर्देशन में चलती है। इसलिए एक अपनेपन का एहसास भी है।



मेरठ में रहने वाले आनंद परिवार की कई पीढ़ियां आज भी एक साथ रह रही हैं।



दशमेश नगर के रहने वाला मल्होत्रा परिवार एकता की मिसाल है। • हिन्दुस्तान



### एकल परिवार समाप्त कर रहे धैर्य

आरजी पीजी कालेज से समाजशास्त्री मेजर प्रो. अंजुला राजवंशी का कहना है कि संयुक्त परिवार सामाजिक समरसता का उदाहरण हैं। ये सहयोग और साझेदारी की भावना को जन्म देते हैं। साथ ही धैर्य के साथ जीने का संदेश भी देते हैं। इसके अलावा स्नेह का भाव भी होता है। वहीं एकल परिवार परंपराओं ने धैर्य को समाप्त कर दिया है।



### मुश्किल समय में साथ होते थे

मनोवैज्ञानिक डॉ. सोना कौशल गुप्ता का कहना है कि संयुक्त परिवार में सहनशीलता थी और मुश्किल समय में साथ होते थे। ऐसा नहीं है कि संयुक्त परिवार में झगड़े नहीं हुए, लेकिन वह बाद में साथ होते थे और दुख में एक दूसरे का ख्याल करते थे, लेकिन आज एकल परिवार ने सहनशक्ति कम कर दी है।

### एक दूसरे को देते हैं हिम्मत

दशमेश नगर के रहने वाले मल्होत्रा परिवार में भी कई पीढ़ियां साथ रहती हैं। यहा पर सबसे बड़े भाई संजीव मल्होत्रा, उनकी पत्नी वंदना, व दो बेटे, सिद्धार्थ उनकी पत्नी समृद्धि, उनकी बेटी पाशवी है और छोटा आदित्य मल्होत्रा, पत्नी नेहा मल्होत्रा हैं। राजीव मल्होत्रा, रितु मल्होत्रा, इशिका, अनव मल्होत्रा, तान्या मल्होत्रा हैं। इनका कहना है कि बुरे समय में हमारा एक साथ मजबूत एक दूसरे की ढाल बनकर खड़ा रहता है।

IV दैनिक जागरण मेरठ 16 मई, 2025

## शिक्षा का उद्देश्य छात्रों के बौद्धिक और भावनात्मक विकास को सुनिश्चित करना

मेरठ : आरजी पीजी कालेज की टीचर्स रिस्कलिंग सेल एवं मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण द्वारा शिक्षा नीति 2020 पर चल रहे आठ दिवसीय आनलाइन पाठ्यक्रम के सातवें दिन गुरुवार को समग्र और बहुविषयक शिक्षा विषय पर चर्चा हुई। प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता एनइपी ड्राफ्ट समिति की सचिव प्रो. शकीला टी समशु विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि समग्र शिक्षा का उद्देश्य छात्रों के बौद्धिक, भावनात्मक, सामाजिक और नैतिक विकास को सुनिश्चित करना है, ताकि वे एक संतुलित और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। बहुविषयक शिक्षा छात्रों को विभिन्न विषयों का ज्ञान प्राप्त करने का अवसर देती है।

मेरठ, रविवार, 18 मई 2025 हिन्दुस्तान 06

## जैव विविधता दिवस पर हुआ व्याख्यान

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज की प्लांट कंजर्वेशन सोसाइटी में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस उपलक्ष्य में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेरठ कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रोफेसर डाक्टर सीमा मलिक मुख्य वक्ता रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर निवेदिता मलिक ने विचार रखते हुए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य वक्ता डॉ. सीमा मलिक को प्लांट कंजर्वेशन सोसायटी की तरफ से औषधीय पौधे भेंट किए गए। कार्यक्रम की संयोजक वनस्पति विज्ञान विभाग पीजी की कोऑर्डिनेटर डॉक्टर गरिमा मलिक रहीं और आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉक्टर मधु मलिक रहीं।

मेरठ, 18 मई, 2025 दैनिक जागरण 9



जैव विविधता पर आयोजित व्याख्यान में मौजूद शिक्षिकाएं व छात्राएं • सौ. कालेज

# प्रकृति से हो रही छेड़छाड़ के कारण आ रही हैं आपदाएं

जासं, मेरठ : आरजीपीजी कालेज की प्लांट कंजर्वेशन सोसायटी की ओर से शनिवार को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस (22 मई) के उपलक्ष्य में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेरठ कालेज के वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रो. सीमा मलिक मुख्य वक्ता रहीं। उन्होंने जैव विविधता और पारंपरिक ज्ञान विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। कहा कि विकास की दौड़ में जैव विविधता का हनन हो रहा है, इसलिए प्राकृतिक आपदाएं भी आ रही हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने बताया कि पृथ्वी पर जीवन के लिए जैव विविधता अत्यंत आवश्यक है। पिछले कुछ दशकों में हर देश विकास की दौड़ में जैव विविधता का हनन कर रहा है, इसलिए विकास के कार्य प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाते हुए करना वर्तमान आवश्यकता है। प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करते हुए विकास कार्य किए जाने के भयानक दुष्परिणाम आज हमारे सामने हैं। मुख्य वक्ता डा. सीमा मलिक ने कहा कि प्रकृति से हमें वह सब मिलता है, जिसके कारण पृथ्वी पर जीवन संभव है। वहीं, विकास के अंधाधुंध दौड़ में पिछले काफी वर्षों से लगातार प्रकृति का हनन कर रहे हैं, जिससे कितनी सारी प्राकृतिक आपदाएं जैसे बाढ़, सूखा, भूकंप, जमीन का खिसकना व पहाड़ों का गिरना इत्यादि विनाश के कारक हमारे सामने आ रहे हैं। अगर ऐसा ही चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी पर जीवन समाप्ति की तरफ बढ़ने लगेगा, इसलिए यह आज आवश्यकता है कि विकास कार्य इस प्रकार किए जाएं कि उसमें प्रकृति का हनन न हो। अंत में मुख्य वक्ता डा. सीमा मलिक को प्लांट कंजर्वेशन सोसायटी की तरफ से औषधीय पौधे भेंट किए गए। संयोजक वनस्पति विज्ञान विभाग पीजी समन्वयक डा. गरिमा मलिक व आयोजन सचिव डा. मधु मलिक मौजूद रहीं।

6 | दैनिक जनवाणी मेरठ, मंगलवार, 20 मई, 2025

## आरजी पीजी में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

मेरठ (जनवाणी): रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज के पीसीएम विभाग द्वारा जनहित फाउंडेशन के अंतर्गत एक तीन दिवसीय कार्यक्रम बॉक्स ऑफ हॉप रिटायर्ड थिंग्स, रेनवेद लिक्स का आयोजन किया। विभाग की ओर से जनहित फाउंडेशन निदेशिका अनीता राणा के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत अपनी जरूरत के वह सामान जो अब हमारे उपयोग में नहीं आ रहे हैं। उनको दान स्वरूप देने के लिए आशा का बक्सा रखवाया गया। उद्घाटन प्राचार्या प्रो. निवेदिता और पीसीएम विभाग की संयोजक प्रो. कल्पना चौधरी ने किया। कार्यक्रम में जरूरत मंद बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए पुस्तकें, कपड़े और जरूरत की चीजों का दान किया और साथ ही छात्राओं और शिक्षिकाओं को उत्साहित किया। इस कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रेनू नरेश और आयोजक सचिव हिमानी चौधरी थी। कार्यक्रम से एकत्रित किया गया सामान जरूरतमंद छात्राओं को दिया जा सके।

IV दैनिक जागरण मेरठ, 20 मई, 2025

## आरजी पीजी में बीएससी की प्रयोगात्मक परीक्षाएं कल से

मेरठ : आरजी पीजी कालेज में बीएससी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर (एनईपी) रसायन विज्ञान विभाग की प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गई हैं।

प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने बताया कि बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर (एनईपी) की प्रयोगात्मक परीक्षा 21 मई को सुबह नौ बजे से व द्वितीय बैच की 22 मई को सुबह नौ बजे से होगी। वहीं, बीएससी द्वितीय सेमेस्टर (एनईपी) की परीक्षा 23 मई को सुबह नौ बजे व द्वितीय बैच की 24 मई को सुबह नौ बजे से होगी।

मेरठ | बृहस्पतिवार • 22.05.2025
अमर उजाला 05




आरजी पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं। संवाद

## दीपांशी और सोनाली को मिला स्वर्ण पदक

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग में बॉटनी एकेडमिक एंड कल्चरल सोसाइटी विषय पर कार्यक्रम किया गया।

प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक के निर्देशानुसार छात्राओं को जैव विविधता और सतत विकास विषय पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। एमएससी में अधिकतम अंक पाने वाली छात्रा दीपांशी यादव को कुसुम अग्रवाल शारदा देवी गोल्ड मेडल और सोनाली कटारिया को बीएससी वनस्पति विज्ञान विषय में सर्वाधिक अंक व बीएससी बायो में भी सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक ने छात्राओं को बताया कि पिछले कई दशकों से विकास के नाम पर लगातार प्रकृति का हनन हो रहा है जिसके विनाशकारी परिणाम आज हमारे सामने हैं।

प्रकृति और जैव विविधता का संरक्षण आज की आवश्यकता है, अगर आज हमने प्रकृति का क्षरण और जैव विविधता में होने वाली कमी को नहीं रोका तो भविष्य में पृथ्वी के ऊपर मानव जीवन संभव नहीं होगा। संवाद

## लेबोरेटरी में कॅरिअर बनाने के प्रति किया जागरूक

मेरठ। आरजीपीजी कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग में हेमेटोलॉजी परीक्षण और प्रयोगशाला विज्ञान के दायरे पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने छात्राओं को ब्लड टेस्ट और लेबोरेटरी टेस्ट के स्कोप के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वह किस प्रकार इस क्षेत्र में अपना कॅरिअर बना सकते हैं। प्रो. रेणु वर्मा ने बताया कि प्रयोगशाला विज्ञान का दायरा व्यापक है, जिसमें नैदानिक रसायन विज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान, प्रतिरक्षा विज्ञान और आणविक निदान जैसे क्षेत्र शामिल हैं। संवाद

IV दैनिक जागरण मेरठ, 22 मई, 2025

## छात्राओं ने जाना ब्लड व लेबोरेटरी टेस्ट में कैसे बनाएं करियर

जासं, मेरठ आरजी पीजी कालेज की जंतु विज्ञान एसोसिएशन की ओर से बुधवार को हेमेटोलाजी परीक्षण और प्रयोगशाला विज्ञान के दायरे पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को ब्लड टेस्ट और लेबोरेटरी टेस्ट के स्कोप बताना था। ताकि वे इस क्षेत्र में अपना करियर बना सकें। कार्यक्रम में प्रो. रेणु वर्मा ने बहुत ही सरल और विस्तृत तरीके से सभी अवसरों को समझाया। उन्होंने बताया कि हेमेटोलाजी परीक्षणों में रक्त और रक्त बनाने वाले ऊतकों का अध्ययन और विश्लेषण शामिल होता है। विभाग प्रभारी डा. शशि बाला ने अतिथि वक्ता और अन्य सभी संकाय सदस्यों को आभार जताया।

मेरठ, 21 मई, 2025 दैनिक जागरण 7

## आरजी पीजी कालेज में 24 को एमए हिंदी की मौखिक परीक्षा

जासं, मेरठ : आरजी पीजी कालेज में एमए द्वितीय सेमेस्टर (एनईपी) हिंदी विभाग की छात्राओं की मौखिक परीक्षा कोड-ए-010895 टी कालेज में 24 मई को सुबह 10 बजे से होगी। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने बताया कि सभी छात्राएं अपने प्रवेश पत्र एवं प्रोजेक्ट फाइल के साथ हिंदी विभाग में उपस्थित हों। कालेज की बीएससी छठे सेमेस्टर एनईपी पीसीएम विभाग की छात्राओं की भौतिक विज्ञान एव गणित विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा कालेज में 23 व 24 मई को सुबह 10 बजे से होगी। प्राचार्य ने बताया कि कालेज में तिरुपति बालाजी कन्या कालेज कोड 461 की बीए द्वितीय, बीए चतुर्थ एवं छठे सेमेस्टर (एनईपी) भूगोल की छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा सुबह नौ बजे से विभाग में होगी। इनमें बीए द्वितीय सेमेस्टर एनईपी की 28, बीए चतुर्थ सेमेस्टर की 27, बीए छठे सेमेस्टर एवं बीए तृतीय वर्ष बैक, एक्स एवं डिवीजन इम्प्रूवमेंट की प्रयोगात्मक परीक्षा 29 मई को सुबह 9 बजे से होगी।

शनिवार • 24.05.2025

**अमर उजाला**

## संगीत की प्रयोगात्मक परीक्षा 27 को

मेरठ। आरजीपीजी कॉलेज की प्रधानाचार्य निवेदिता मलिक ने बताया कि बीए द्वितीय, चतुर्थ व षष्ठम सेमेस्टर की सभी छात्राओं का संगीत विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा महाविद्यालय में 27 व 28 मई को होगी। उन्होंने कहा कि सभी छात्राएं अपने प्रवेश पत्र, प्रयोगात्मक फाइल और अन्य आवश्यक प्रयोगात्मक सामग्री के साथ संगीत विभाग में उपस्थित रहें। संवाद

---

**दैनिक जागरण** मेरठ, 25 मई, 2025

## बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 27 को

मेरठ : आरजी पीजी कालेज में बीएससी द्वितीय सेमेस्टर (एनईपी) पीसीएम विभाग की छात्राओं की भौतिक विज्ञान विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा कालेज में 27 मई को होगी। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से निर्धारित किया गया है। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने बताया कि सभी छात्राएं अपने प्रवेशपत्र व प्रयोगात्मक फाइल के साथ यूनिफार्म में पीसीएम विभाग में उपस्थित हों। वहीं, कालेज में बीए छठे सेमेस्टर (एनईपी) हिंदी विभाग की छात्राओं की मौखिक परीक्षा कोड-ए-01060 कालेज में 27 मई को सुबह 10 बजे से होगी।

---

रविवार • 25.05.2025 02

**अमर उजाला**

## प्रयोगात्मक परीक्षा 27 मई को

मेरठ। आरजीपीजी कॉलेज की प्रधानाचार्य निवेदिता मलिक ने बताया कि बीए षष्ठम सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा हिंदी विभाग में होगी। इसके साथ ही बीएससी द्वितीय सेमेस्टर पीसीएम विभाग की छात्राओं की भौतिक विज्ञान विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा महाविद्यालय में 27 मई को सुबह 10 बजे से हिंदी विभाग व पीसीएम विभाग में होगी। सभी छात्राएं अपने प्रवेश पत्र, प्रोजेक्ट व प्रयोगात्मक फाइल के साथ यूनिफार्म में संबंधित विभाग में उपस्थित रहें। संवाद

---

मंगलवार • 27.05.2025 04

**अमर उजाला**

## प्रभावशाली उत्तर देने की दी जानकारी

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में कॅरिअर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल व स्किल डेवलपमेंट सेल में एक कॅरिअर काउंसलिंग हुई। मुख्य वक्ता एईएसपीएल ईडीयू जोन से नीरज अरोरा रहे। मुख्य वक्ता नीरज अरोरा ने साक्षात्कार में पूछे जाने वाले सामान्य प्रश्नों जैसे आत्मविश्वास कैसे बनाए रखें, बॉडी लैंग्वेज और प्रभावशाली उत्तर देने की तकनीक पर विस्तार से जानकारी दी। एईएसपीएल से तरुण चौधरी उपस्थित रहे। जिन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास बनाए रखने के बारे में बताया। कार्यक्रम में इंडस्ट्री एकादमी इंटीग्रेशन एंड स्किल डेवलपमेंट सेल के प्रभारी प्रोफेशन नीना बत्रा और कॅरिअर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज डॉ. बबीता माजी रहीं। संवाद

---

मंगलवार, 27 मई 2025

**हिन्दुस्तान**

## इंटरव्यू की तैयारी की प्रक्रिया समझी

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में कॅरियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल और स्किल डवलपमेंट सेल के संयुक्त तत्वाधान में छात्राओं ने इंटरव्यू की तैयारी करने की प्रक्रिया समझी।

एईएसपीएल एडु जोन के नीरज अरोरा ने इंटरव्यू में पूछे जाने वाले सामान्य प्रश्न, आत्मविश्वास, बॉडी लैंग्वेज और प्रभावशाली उत्तर देने की तकनीकों को समझाया। तरुण चौधरी ने कहा कि सफलता में आत्मविश्वास का महत्वपूर्ण योगदान है।

---

**दैनिक जागरण** मेरठ, 27 मई, 2025



आरजी पीजी कालेज की रेंजर्स टीम द्वारा तीन दिवसीय पेयजल एवं शरबत वितरण शिविर के दूसरे दिन सोमवार को राहगीरों को शरबत पिलाया। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज में एकजुटता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। इस दौरान डा. सुनीता सिंह, डा. शिवानी त्यागी और डा. पुनमलता सिंह मौजूद थीं। • जागरण

मेरठ | मंगलवार • 27.05.2025

अमर उजाला 06

## रेंजर्स टीम ने शरबत वितरित किया



शरबत वितरित करतीं छात्राएं। संवाद

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज की रेंजर्स टीम ने सोमवार को छबील लगाकर शरबत वितरित किया। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी, डीएवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुशील कुमार शर्मा अतिथि रहे। इस दौरान जल संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया गया। इस दौरान डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. शिवानी त्यागी, टीशा, जया, कशिश कुमारी, कशिश, अंशिका कश्यप, रवीना आदि मौजूद रहीं। संवाद

## छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ



आरजीपीजी कॉलेज में पौधों के साथ अतिथि। संवाद

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक के निर्देशन में प्लांट कंजर्वेशन सोसायटी के तत्वावधान में आउटरिच एवं एक्सटेंशन एक्टिविटी का आयोजन किया गया। सोसायटी की कोऑर्डिनेटर डॉ. गरिमा मलिक ने विनायक विद्यापीठ कॉलेज में 'लोक चिकित्सा के रूप में औषधीय पौधों की भूमिका' विषय पर व्याख्यान दिया। शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने पौधों तथा पर्यावरण के संरक्षण की शपथ ली। कॉलेज परिसर में औषधीय पौधे लगाए। विनायक विद्यापीठ कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अनुप्रिता शर्मा ने प्लांट कंजर्वेशन सोसायटी द्वारा आम जनता को पर्यावरण तथा औषधीय पौधों के बारे में जागरूक करने के प्रयास की सराहना की। संवाद

दैनिक जागरण

मेरठ, 27 मई, 2025

## आरजीपीजी कालेज में मौखिक परीक्षा की तिथि घोषित

मेरठ : आरजीपीजी कालेज में बीए छठे सेमेस्टर (एनईपी) व एमए द्वितीय सेमेस्टर (एनईपी) संस्कृत विभाग की छात्राओं की मौखिक परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गई है। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने बताया कि बीए छठे सेमेस्टर (एनईपी) संस्कृत विषय की परीक्षा 29 मई एवं एमए द्वितीय सेमेस्टर (एनईपी) संस्कृत विषय की मौखिक परीक्षा 30 मई को सुबह 10 बजे से होगी। इसके साथ ही आरजीपीजी कालेज में बीए द्वितीय, चतुर्थ एवं छठे सेमेस्टर (एनईपी) चित्रकला की सभी छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि भी घोषित कर दी गई है। बीए द्वितीय सेमेस्टर (एनईपी) की परीक्षा 31 मई को, वहीं चतुर्थ सेमेस्टर (एनईपी) की परीक्षा चार जून को व बीए छठे सेमेस्टर (एनईपी) की परीक्षा नौ जून को सुबह नौ बजे से होगी। प्राचार्य ने बताया कि सभी छात्राएं अपने प्रवेश पत्र, प्रयोगात्मक फाइल एवं अन्य आवश्यक प्रयोगात्मक परीक्षा के साथ यूनिफार्म में कालेज में उपस्थित हों।

मेरठ | बुधवार • 28.05.2025

अमर उजाला 05

## छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के वाणिज्य विभाग में अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। अतिथि व्याख्यान के लिए प्रो. बृजेश कुमार अग्रवाल को आमंत्रित किया गया। प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षता वाणिज्य समन्वयक प्रो. सोनिका चौधरी एवं बिन्नी कोटीवाल ने की। शिक्षिकाओं में इशिता गोयल, अंबिका सभवाल, मेघना, कृतिका शर्मा और [illegible] आदि मौजूद रहीं। संवाद

## राहगीरों को शरबत पिलाया



शरबत के साथ मौजूद आरजी कॉलेज की छात्राएं। स्रोत : संस्थान

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में आरजी रेंजर्स टीम के तत्वावधान में शरबत वितरित किया गया। आरजी रेंजर्स ने सभी को रूहअफजा शरबत बांटा। प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने सभी रेंजर्स के उत्साह की प्रशंसा की और इसी प्रकार भविष्य में सेवा कार्य करने के लिए आशीर्वाद दिया। सेवा की भावना ही जीवन का सर्वोच्च गुण है। संचालन रेंजर्स लीडर डॉ. सुनीता सिंह तथा डॉ. शिवानी त्यागी द्वारा किया गया। रेंजर्स में टीशा, जया, [illegible], कशिश, रवीना, [illegible] आदि का शिविर में विशेष सहयोग रहा। [illegible] ने शिविर के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संवाद

मेरठ, बुधवार, 28 मई 2025 07

हिन्दुस्तान

# आरजी में अतिथि व्याख्यान पुरस्कार वितरण समारोह



मेरठ, वरिष्ठ संवाददाता। आरजी पीजी कॉलेज में वाणिज्य विभाग में प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक के निर्देशन में अतिथि व्याख्यान और पुरस्कार वितरण हुआ। अतिथि व्याख्यान के लिए प्रो. बृजेश कुमार अग्रवाल ने विचारों से प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत समन्वयक प्रो. नीना बत्रा ने की। शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार में कंप्यूटर विज्ञान में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए रितिका वर्मा ने 1000 रुपये का पुरस्कार प्राप्त किया। ऑल-राउंडर पुरस्कार शैक्षणिक और सह-पाठयक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अवनीत कौर सरना को पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# तीन दिवसीय निशुल्क शिविर

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज मेरठ की आरजी रेंजर्स टीम के द्वारा तीन दिवसीय निशुल्क पानी और शरबत वितरण का शिविर चलाया गया।

प्राचार्या प्रो. निवेदिता ने सभी का उत्साहवर्धन किया। संचालन रेंजर्स लीडर डॉ. सुनीता सिंह तथा डॉ. शिवानी त्यागी द्वारा किया गया। रेंजर्स में टीशा, जया, सरगम, कशिश, रजीना, इल्मा, अंशिका, शुमाइला, काजल, खुशबू, आदि का शिविर में विशेष सहयोग रहा। विजय ने शिविर के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मेरठ, 28 मई, 2025 IV

दैनिक जागरण



आरजी पीजी कालेज की रेंजर्स टीम द्वारा लगाए गए तीन दिवसीय शरबत वितरण शिविर का मंगलवार को समापन हुआ। रेंजर्स ने राहगीरों को शरबत बांटा। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने रेंजर्स के इस कार्य को सराहा। इस दौरान संचालन रेंजर्स लीडर डा. सुनीता सिंह, डा. शिवानी त्यागी उपस्थित रहीं • जागरण

अमर उजाला 06

बृहस्पतिवार • 29.05.2025

# रेंजर्स ने शरबत का वितरण किया

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज की आरजी रेंजर्स टीम ने बुधवार को शरबत बांटा। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने रेंजर्स टीम को बधाई दी। रेंजर लीडर डॉ. सुनीता सिंह और डॉ. शिवानी त्यागी ने रेंजर्स के कठिन परिश्रम के लिए उनका उत्साह वर्धन किया। रेंजर्स टीम में जया, टीशा, कशिश, अंशिका कश्यप, काजल, सरगम, स्वाती, चंचल, प्रिया, प्रियंका व अश्विनी आदि रहे। संवाद

|| दैनिक जागरण मेरठ, 31 मई, 2025




आरजी पीजी कालेज में अतिथि का स्वागत करती शिक्षिकाएं • सौ. कालेज

## मानव मस्तिष्क की उपज है संपदा अधिकार

मेरठ : आरजी पीजी कालेज की प्लांट कंजर्वेशन सोसायटी द्वारा शुक्रवार को अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका विषय बौद्धिक संपदा अधिकार और पादप आनुवंशिक संसाधन रहा। प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार मानव मस्तिष्क की उपज है। साहित्य, संगीत, चित्रकला, खोज, अविष्कार आदि के क्षेत्रों में किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह द्वारा जो कुछ सृजन किया जाता है, उसे बौद्धिक संपदा अधिकार की श्रेणी में रखा जाता है। डा. प्रभात सिंह ने बताया, बौद्धिक संपदा अधिकार का मुख्य उद्देश्य सृजनकर्ताओं और आविष्कारकों को उनकी बौद्धिक रचनाओं को कानूनी रूप से संरक्षित करना है। बौद्धिक संपदा अधिकार का विस्तार विशेष रूप से पादप आनुवंशिक संसाधन पर कृषि अनुसंधान के लिए पौधों की आनुवंशिक सामग्रियों के मुक्त आदान-प्रदान की प्रणाली को बाधित कर सकता है।

शनिवार • 31.05.2025

अमर उजाला 07

## बौद्धिक संपदा अधिकार पर किया व्याख्यान

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में प्लांट कंजर्वेशन सोसायटी के तत्वावधान में अतिथि व्याख्यान किया गया। कार्यक्रम में [illegible] पीजी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग के सहायक प्रो. प्रभात सिंह मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने 'बौद्धिक संपदा अधिकार और पादप आनुवंशिक संसाधन' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्राचार्य निवेदिता मलिक ने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार मानव मस्तिष्क की उपज है। संवाद

दैनिक जागरण Meerut, 3 June 2025

## सफलता के लिए जरूरी है भावनात्मक बुद्धिमत्ता

PIC : JNN



MEERUT (2 June, JNN): आरजी पीजी कालेज के मनोविज्ञान विभाग में सोमवार को वैल्यू एडेड सर्टिफिकेट कोर्स की शुरुआत हुई. जिसमें एसडी कालेज गाजियाबाद के प्रो. अनील लाल ने भावनात्मक बुद्धिमत्ता क्या होती है का अर्थ समझाया. उन्होंने अपनी भावनाओं को पहचानने, समझने और प्रबंधित करने की क्षमता, साथ ही दूसरों की भावनाओं को समझने और उनके साथ प्रभावी ढंग से व्यवहार करने की क्षमता का क्या महत्व है, इसके बारे में बताया. जो व्यक्ति के व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में सफलता के लिए महत्वपूर्ण है. मानसिक स्वास्थ्य और आई क्यू के बीच गहरा संबंध है. तनाव से बचाने, रिश्तों को बनाए रखने, जीवन में उद्देश्य की भावना, और साथ में सबका कल्याण होना प्रमुख लाभ है. भावनात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य दोनों ही हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. अपनी भावनाओं को स्वीकार और प्रबंधित करके अपने मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है. प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी, प्रो. कुसकुम पारीक, डॉ. प्रियंका और डॉ. सुनीता सिंह भी उपस्थित रहीं.

मंगलवार • 03.06.2025

अमर उजाला 02

## भावनात्मक बुद्धिमत्ता जीवन के लिए महत्वपूर्ण

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग की ओर से वैल्यू एडेड सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया गया। प्रथम दिन मुख्य वक्ता प्रो. अनिल लाल ने भावनात्मक बुद्धिमत्ता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। मनोविज्ञान विभाग के सभी सदस्य प्रो. अनुराधा, प्रो. कुमकुम पारीक, डॉ. प्रियंका, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. लवलीन तिवारी, अपूर्वा, सीमा मित्तल मौजूद रहे। संवाद

# ...ंस व ड्राइंग में महारथ के बाद कौशल शिक्षा की ओर बढ़ रहा आरजी कालेज

## ...छात्राओं से शुरू हुआ स्कूल अब बन चुका है पांच हजार छात्राओं वाला डिग्री कालेज, चार बार करा चुका नैक मूल्यांकन, दो बार मिला ए ग्रेड

**4,968** छात्राएं थीं पिछले सत्र में पंजीकृत | **93** पद हैं कालेज में शिक्षकों के | **71** शिक्षक नियुक्त हैं कालेज में फिलहाल | **32** पद विभिन्न विभागों में हैं रिक्त | **59** कक्षा हैं कालेज में छात्राओं के लिए | **24** विभाग हैं विभिन्न पाठ्यक्रमों के | **50** प्रयोगशालाएं हैं विभिन्न पाठ्यक्रमों की | **400** सीटों का आडिटोरियम और तीन अन्य हाल



रघुनाथ गर्ल्स पीजी कालेज का परिसर • जागरण

**2** वोकेशनल विभाग हैं | **1** लाख से अधिक किताबें हैं पुस्तकालय में | **50** रिसर्च गाइड हैं कालेज में | **926** रेयर किताबें हार्ड व साफ्ट कापी में उपलब्ध

**125** छात्राएं एक साथ बैठकर पढ़ सकती हैं पुस्तकालय में

**200** छात्राओं के लिए एक छात्रावास है कालेज में

**25** संस्थाओं के साथ है कालेज का एमओयू

**110** पीएचडी स्कालर हैं 14 विषयों में

**100** छात्राओं को हर वर्ष आर्थिक मदद देता है प्रबंधन

### यह भी है

- एनसीसी : एक कंपनी, एक प्लाटून : 210 सीटें
- 70 यूपी एनसीसी बटालियन
- 22 यूपी एनसीसी गर्ल्स बटालियन



रघुनाथ गर्ल्स पीजी कालेज का केंद्रीय पुस्तकालय • जागरण

### कुछ पाठ्यक्रम और सीटें

| | |
|---|---|
| बीए | 780 |
| बीएससी बायो ग्रुप | 240 |
| बीएससी गणित–सेल्फ फाइनेंस | 60 |
| बीकाम–सेल्फ फाइनेंस | 120 |
| बी–वोक योगिक साइंस–सेल्फ फाइनेंस | 20 |
| बी–वोक क्लीनिकल साइकोलाजी–एसएफ | 20 |
| एमए–पांच विषय | 60–60 सभी में |
| एमकाम–सेल्फ फाइनेंस | 60 |
| बीएड–सेल्फ फाइनेंस | 100 |

### इन क्षेत्रों में सुधार की जरूरत

- कालेज में रिसर्च बढ़ाने की जरूरत
- सीएसआर फंड के तहत बढ़ने चाहिए शोध प्रोजेक्ट
- कालेज की ओर से इंटर्नशिप बढ़ाने की जरूरत
- इंडस्ट्री–एकेडेमिया के बीच समन्वय बढ़ाने की जरूरत
- छात्राओं के शैक्षणिक भ्रमण के लिए बस की मांग

- एनएसएस : 100–100 की दो यूनिटें : 200 सीटें
- रोवर्स एंड रेंजर्स : 22 सीटें

हैं। इनमें मध्य प्रदेश के एकलव्य यूनिवर्सिटी दमोह की कुलपति प्रोफेसर सुधा मलहोत्रा, मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वाई विमला, गुजरात यूनिवर्सिटी अहमदाबाद की कुलपति प्रोफेसर नीरजा ए. गुप्ता और मध्य प्रदेश के दास गुप्ता और डा. मनमोहन नाथ, चिकित्सकों में डा. जेहल कैरोली, डा. केजी मित्तल और डा. राहुल मित्तल, अधिवक्ता में ब्रजनाथ मित्तल, पूर्व डिप्टी कलेक्टर राम शरण दास, राजस्थान के पूर्व राज्यपाल रघुकुल तिलक, राष्ट्रीय ... बल्लभ पंत ने रखी, छात्रावास का उद्घाटन भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद ने तीन जनवरी 1961 को किया, प्रकाशवती सूद मनोविज्ञान कक्ष की स्थापना अक्टूबर 1968 में हुई, पुस्तकालय की स्थापना 11 जनवरी 1972 को उत्तर प्रदेश के ... कामन रूम, 2004 में अतीत के झरोखे से, नामक इतिहास संग्रहालय की स्थापना और छह फरवरी 2010 को यूजीसी के वाइस चेयरमैन प्रो. वेद प्रकाश ने एजुकेशन विभाग के एक खंड का उद्घाटन किया। इसके अतिरिक्त, रसायन विज्ञान उपकरण ...



सीसीएसयू के दीक्षा समारोह में पिछले सत्र में 13 छात्राएं कुलपति सहित अन्य स्वर्ण पदक तालिका में शामिल थीं। यह कालेज की शैक्षणिक गुणवत्ता को बयां करता है। कालेज में पारंपरिक के साथ ही वोकेशनल पाठ्यक्रमों पर हमारा जोर है, जिससे इन पाठ्यक्रमों को पढ़ने के बाद छात्राएं आत्मनिर्भर बनकर जीवन में आगे बढ़ने के लिए तैयार हो सकें।



कालेज में वर्ष 1979 से 1983 तक अंग्रेजी विभाग में बीए–एमए की पढ़ाई की थी। परिसर में छात्राओं को उस समय के साथ ही भविष्य के लिए भी तैयार करने की परंपरा रही है। वहां संस्कृत और पोलिटिकल साइंस भी पढ़ा था। संस्कृत के कारण ही आकाशवाणी में नाटक मंचन का अवसर मिला और पहली बार मेरठ यूनिवर्सिटी के लिए ...



आरजी कालेज से पठन–पाठन के बाद शिक्षण और प्रशासनिक जीवन में जुड़ाव निरंतर रहा। शिक्षण के स्तर का अंदाजा यहां से निकली और जीवन में सफल छात्राओं को देखकर ही लगाया जा सकता है। सीसीएसयू में प्रति कुलपति रहने के दौरान भी कालेज की गुणवत्ता को लगातार निखरते देखा है। छात्राओं के लिए बेहतरीन कालेजों में से एक माना जा सकता है।

3 जून, 2025 दैनिक जागरण 5

## वैल्यू एडेड सर्टिफिकेट कोर्स की शुरुआत

मेरठ : आरजी पीजी कालेज के मनोविज्ञान विभाग में सोमवार को वैल्यू एडेड सर्टिफिकेट कोर्स की शुरुआत हुई। जिसमें एसडी कालेज गाजियाबाद के प्रो. अनिल लाल ने भावनात्मक बुद्धिमत्ता क्या होती है का अर्थ समझाया। उन्होंने अपनी भावनाओं को पहचानने, समझने और प्रबंध करने की क्षमता के बारे में बताया। साथ ही दूसरों की भावनाओं को समझने और उनके साथ प्रभावी ढंग से व्यवहार करने की क्षमता का क्या महत्व है, इसके बारे में बताया।

मेरठ, बुधवार, 4 जून 2025 04
हिन्दुस्तान

## अनुशासन अपनाने को किया प्रेरित

4 June



मेरठ। आरजी कॉलेज में मंगलवार को छात्रावास की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। वर्ष 2024-25 में प्रतियोगिताओं की वि[illegible] छात्राओं को पुरस्कार व ट्रॉफी दी गई। मेहंदी में प्रथम प्रिया बालियां अ[illegible]र सृष्टि रही। छात्रावास की हेड गर्ल प्रियांशी व डिप्टी हेड गर्ल रितिका को [illegible] पुरस्कृत किया गया। प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक ने छात्राओं का उत्साहवर्धन [illegible]किया।

बुधवार • 04.06.2025 04
अमर उजाला

## प्रिया और सृष्टि ने रचाई सुंदर मेहंदी



मिस फेयरवेल बनी प्रियांशी शिक्षिका के साथ। स्रोत : संस्थान

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। वर्ष 2024 -25 में होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं की विजयी छात्राओं को पुरस्कार व ट्रॉफी प्रदान की गई। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रिया बालियां और सृष्टि रहीं। द्वितीय स्थान पर प्रियांशी व महक और तृतीय स्थान पर शिवानी सिरोही एवं वंशिका रहीं। हेड गर्ल प्रियांशी एवं डिप्टी हेड गर्ल रितिका को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया। मिस फेयरवेल प्रियांशी को चुना गया और काजल मिस रनर अप रहीं। प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने छात्राओं को उनके जीवन में अनुशासन और सदाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान छात्रावास कमेटी की प्रो. नीलम सिंह, प्रो. कल्पना का सहयोग रहा। संवाद

रस मनाया

IV दैनिक जागरण मेरठ, 4 जून, 2025




आरजी पीजी कालेज के महिला छात्रावास मे विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रियांशी को मिस फेयरवेल चुना गया • सौ. कालेज

## प्रियांशी बनीं मिस फेयरवेल

- आरजी पीजी कालेज के छात्रावास में हुआ विदाई समारोह
- विभिन्न प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं को किया सम्मानित

मेरठः आरजी पीजी कालेज के महिला छात्रावास में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें वर्ष 2024-2025 में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं को पुरस्कार एवं ट्राफी प्रदान करने के साथ ही छात्रावास की हेड गर्ल प्रियांशी एवं डिप्टी हेड गर्ल रितिका को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया। मिस फेयरवेल प्रियांशी को चुना गया और काजल मिस रनर अप रहीं।

प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने छात्राओं को जीवन में अनुशासन और सदाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, मनोविज्ञान विभाग में वैल्यू एडेड सर्टिफिकेट कोर्स मेंप्रो. कुमकुम पारीक ने खुशी और भावनात्मक बुद्धि के संबंध, भावनात्मक बुद्धि और आत्मबोध पर छात्राओं को व्याख्यान दिया। भावनात्मक बुद्धि हम सभी के व्यक्तिगत व्यावसायिक और सामाजिक जीवन को नियंत्रित करती है, इसमें व्यक्ति स्वयं को नहीं, बल्कि दूसरे लोगों को खुश रखता है। भावनात्मक बुद्धि का आत्म जागरूकता, आत्म नियंत्रण, खुद को प्रेरित करने, सहानुभूति महसूस करने, सामाजिक कौशलों को सीखने आदि में विशेष महत्व है। इस दौरान प्रो. सुनीता और डा. पूनमलता सिंह उपस्थित रहीं।

IV दैनिक जागरण मेरठ, 5 जून, 2025

## सामाजिक बंधन मजबूत कर लोगों को साथ लाता है हास्य

मेरठ : आरजी पीजी कालेज के मनोविज्ञान विभाग में चल रहे वैल्यू एडेड सर्टिफिकेट कोर्स के तीसरे दिन बुधवार को डा. सुनीता सिंह ने व्याख्यान में हास्य के मनोविज्ञान को छात्राओं को समझाया। उन्होंने कहा कि तनाव भरे जीवन में हम हंसना ही भूल गए हैं। जिससे हर उम्र के लोगों का मानसिक स्वास्थ्य तेजी से प्रभावित हो रहा है। मनोविज्ञान में हास्य से तात्पर्य एक ऐसा अनुभव है, जो हमें खुशी और आनंद का एहसास कराता है। मनोवैज्ञानिक पीटर मैकग्रा का मानना है कि हास्य की उत्पत्ति किसी न किसी प्रकार की गड़बड़ी से होती है, जो कि तात्कालिक रूप से स्वीकार्य है। हास्य लोगों को एक साथ लाता है और सामाजिक बंधन को मजबूत करता है। प्रभारी प्रो. नीलम सिंह भी उपस्थित रहीं।

बृहस्पतिवार • 05.06.2025
अमर उजाला 04

## सामाजिक बंधन को मजबूत करता है हास्य

मेरठ। आरजीपीजी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग द्वारा वैल्यू एडेड सर्टिफिकेट कोर्स के तीसरे दिन मनोविज्ञान विभाग की डॉ. सुनीता सिंह ने अपने व्याख्यान में हास्य के मनोविज्ञान को छात्राओं को विस्तार से समझाया। मनोवैज्ञानिक पीटर मैकग्रा का मानना है कि हास्य की उत्पत्ति किसी न किसी प्रकार की गड़बड़ी से होती है, जो कि तात्कालिक रूप से स्वीकार्य है। हास्य लोगों को एक साथ लाता है और सामाजिक बंधन को मजबूत करता है। संवाद

मेरठ | शुक्रवार • 06.06.2025
अमर उजाला 05

## रंगोली प्रतियोगिता में आशी प्रथम



रंगोली प्रतियोगिता में मौजूद प्रतिभागी। स्रोत : संस्थान

मेरठ। नौचंदी मेले के पटेल मंडप में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता कराई गई। इसमें रघुनाथ गर्ल्स डिग्री कालेज की चार छात्राओं निशिता, आशी, सायबा मेवाती, नेहा ने प्रतिभागिता की। महाविद्यालय से डॉ. पूनम लता सिंह एवं ईशा के मार्गदर्शन में छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की एमए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा आशी प्रथम स्थान पर रहीं। वहीं, बीए छठे सेमेस्टर की छात्रा सायबा मेवाती को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में उच्च शैक्षिक शिक्षा अधिकारी प्रो. मोनिका सिंह ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने छात्राओं को बधाई दी। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी अंजली शर्मा, अभय प्रहित अन्य मौजूद रहे। संवाद

## वैज्ञानिकों के योगदान को सराहा

मेरठ। आरजीपीजी कॉलेज के तत्वावधान में बीएससी विभाग और वसुधा इको क्लब के सहयोग से प्राणीशास्त्र विभाग 'वर्तमान परिदृश्य में टिकाऊ पर्यावरण के लिए हरित प्रौद्योगिकी का उपयोग' विषय पर एक ऑनलाइन व्याख्यान किया गया। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने सामसामयिकता पर बल देते हुए वैज्ञानिकों के योगदान को सराहा। मुख्य व्याख्यान में डॉ. उपदेश वर्मा ने पर्यावरण पर विस्तृत चर्चा की। संचालन डॉ. ज्योत्सना गौड़ ने किया। कोऑर्डिनेटर प्रो. कल्पना चौधरी, डॉ. रेनु मलिक, डॉ. पूजा गुप्ता और विज्ञान संकाय की समस्त शिक्षिकाएं और छात्राएं उपस्थित रहीं। अंत में डॉ. शशिबाला ने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। संवाद

मेरठ

रघुनाथ कॉलेज में वैल्यू एडेड सर्टिफिकेट कोर्स के पांचवें दिन बोले डॉ. अनिल

# करुणा से सकारात्मक बदलाव संभव

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग में आयोजित वैल्यू एडेड सर्टिफिकेट कोर्स के कार्यक्रम का पांचवां दिन रहा। इसके मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अनील, एसोसिएट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, एनआरईसी कॉलेज खुर्जा बुलंदशहर रहे। जिन्होंने करुणा की भावना और उसकी हमारे जीवन में भूमिका पर छात्राओं को जानकारी दी।

उनके अनुसार करुणा न केवल एक भावनात्मक प्रतिक्रिया है, बल्कि यह हमारे समाज और व्यक्तिगत जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का एक महत्वपूर्ण साधन भी है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि दूसरों की मदद करने से हमें एक अलग तरह की खुशी मिलती है, जो हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है। नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने युवाओं से अपील की है कि समाज में करुणा की भावना जागृत करना समय की मांग है। उन्होंने सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कंपैशन के तहत युवाओं को प्रेरित किया कि वह परोपकार और भाईचारे को बढ़ाना है।



कार्यक्रम में बोलते डॉ. अनिल। स्रोत: कॉलेज

करुणा और खुशी का गहरा संबंध है। इसके अनेक प्रमाण विद्यमान हैं। मनोवैज्ञानिक शोध सिद्ध करते हैं कि करुणा के अभ्यास से हमारे मस्तिष्क में ऑक्सीटोसिन और डोपामिन जैसे हार्मोन सक्रिय होते हैं जो खुशी के लिए आवश्यक रासायनिक तत्व है। हम दूसरों की भावनाओं को स्वीकार करके, दयालु कार्य करके, सकारात्मकता की सहायता करके, ध्यान और आत्म चिंतन करके करुणा की भावना को बढ़ावा दे सकते हैं।

प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने कहा कि करुणा या दयालुता कर्म को ही जन्म देती है और करुणामय व्यक्ति सदैव सुखी होता है। विभाग के सभी सदस्यों का आयोजन में विशेष सहयोग रहा।

मेरठ, 7 जून, 2025 दैनिक जागरण



आरजी पीजी कालेज के [illegible] शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। [illegible] साझा किया। साथ ही [illegible] उनके प्रदर्शन के आधार पर [illegible] किया गया। [illegible] मिस फेयरवेल, मिस करिश्मा और [illegible] सोसायटी [illegible] प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने सबको बधाई दी। इस दौरान डा. गरिमा मलिक, [illegible]

रविवार • 08.06.2025

अमर उजाला 05

## खाद्य सुरक्षा के लिए जागरूक किया

मेरठ। [illegible] कार्यक्रम [illegible] हुआ। [illegible] सहयोग रहा। संवाद

बुधवार • 11.06.2025

अमर उजाला 05

## छात्राओं को कृतज्ञता के बारे में बताया

मेरठ। आरजीपीजी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग में वैल्यू एडेड सर्टिफिकेट कोर्स के तीसरे दिन व्याख्यान किया गया। मनोविज्ञान विभाग से प्रो. अनुराधा व अपूर्वा, लेक्चरार एसीपी ने छात्राओं को कृतज्ञता के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि कृतज्ञता हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। व्याख्यान के माध्यम से छात्राओं का जीवन के प्रति सही दृष्टिकोण विकसित करना ही इसका उद्देश्य रहा। प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक के साथ अन्य स्टाफ मौजूद रहे। संवाद



व्याख्यान को संबोधित करती वक्ता। स्रोत: स्वयं

बृहस्पतिवार • 12.06.2025

अमर उजाला

## आशावाद से बेहतर हो सकता है जीवन



वैल्यू एडेड सर्टिफिकेट कोर्स के दौरान मौजूद अतिथि। स्रोत: संस्थान

मेरठ। आरजीपीजी कॉलेज में आयोजित वैल्यू एडेड सर्टिफिकेट कोर्स का बुधवार को समापन किया गया। [illegible] आशावाद के लाभ और इससे जुड़ी चुनौतियों के विषय में बताया। आशावादी व्यक्ति जीवन में चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास और सकारात्मकता के साथ करता है। सकारात्मकता के अनेक लाभ हैं जैसे तनाव में कमी, बेहतर स्वास्थ्य, अच्छे संबंध, सफलता की संभावना आदि। प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने कहा कि जीवन हमेशा ही कठिन होता है। संवाद

IV दैनिक जागरण मेरठ, 12 जून, 2025

## आशावाद से मानसिक स्वास्थ्य होता है बेहतर : प्रो. अनीता

मेरठ : आरजी पीजी कालेज के मनोविज्ञान विभाग में बुधवार को वैल्यू एडेड सर्टिफिकेट कोर्स का समापन हुआ। जिसमें मेरठ कालेज मनोविज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रो. अनीता मोरल ने आशावाद, उसके लाभ और इससे जुड़ी चुनौतियों के बारे में व्याख्यान दिया। आशावाद एक मानसिक दृष्टिकोण है, जिसमें व्यक्ति कठिन परिस्थितियों में भी अच्छे परिणाम की उम्मीद करता है। आशावादी व्यक्ति जीवन में चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास और सकारात्मकता के साथ करता है। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ जीवन में जो मिला है उसका आभार व्यक्त करते हुए जीवन जीना चाहिए।



आरजी कालेज में कार्यक्रम को संबोधित करतीं एसो. प्रो. अनीता • सौ. कालेज

दैनिक जागरण मेरठ, 15 जून, 2025



विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में आरजी पीजी कालेज की 50 एनसीसी कैडेट्स ने रक्तदान करने की शपथ ली। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने कैडेट्स को रक्तदान की शपथ दिलाई। कैडेट प्रीति, गुनगुन, मुस्कान, पूजा, काजल, रेशु ने रक्तदान विषय पर पोस्टर बनाए। 22 यूपी गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग आफिसर कर्नल होपेंद ठाकुर, मेजर रिजु रावत व लायबा आदि का सहयोग रहा • सौ. कुमीत

रविवार • 15.06.2025

अमर उजाला 06

# एनसीसी कैडेट्स ने रक्तदान की शपथ ली

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। 71 यूपी बटालियन एनसीसी मेरठ कैंट में शनिवार को विश्व रक्तदान दिवस पर कैडेट्स ने मानव जीवन बचाने के लिए रक्तदान करने शपथ ली। चीफ एनसीसी ऑफिसर डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि रक्तदान करने से हम किसी की जिंदगी बचा सकते हैं।

वहीं, आरजीपीजी कॉलेज के 22 यूपी गर्ल्स बटालियन के 50 एनसीसी कैडेट्स ने भी रक्तदान का संकल्प लिया। प्राचार्य प्रीति, गुनगुन, मुस्कान, पूजा, काजल और रेशु आदि कैडेट्स ने रक्तदान से संबंधित पोस्टर बनाए। मुस्कान ने कंकरखेड़ा, हन्वी ने मोलाबड़, शगुन ने कमलपुर, अलीशा जैदी ने रेलवे रोड, हंसिका ने कंकरखेड़ा, सोनिया ने सलाहपुर के लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रो. निवेदिता मलिक लायबा, कृणाल, अर्पिता वर्मा, शिवानी, वेदिका सिवाच, अनम आदि रहीं।



रक्तदान करने की शपथ लेते कैडेट्स। संवाद

रविवार, 15 जून 2025 09

हिन्दुस्तान

# कैडेट्स ने रक्तदान की शपथ ली



मेरठ। 22 यूपी गर्ल्स बटालियन से संबंधित आरजी पीजी कॉलेज में 50 कैडेट्स ने रक्तदान की शपथ ली। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी का मार्गदर्शन रहा। कार्यक्रम के सह-संरक्षक 22 यूपी गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल होपेंद ठाकुर, एडम ऑफिसर मेजर रिजु रावत, राष्ट्रपति से मानद मेजर रैंक प्राप्त भूतपूर्व कॉलेज एनसीसी अधिकारी मेजर प्रो. पूनम लखनपाल आदि।

मंगलवार • 17.06.2025

**अमर उजाला**

## सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया



आरजीपीजी कॉलेज में योग करती विद्यार्थी। स्रोत : संस्था

मेरठ। आरजीपीजी कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग संगम 2025 का उद्घाटन किया गया। इसमें संयोजिका प्रो. भावना मित्तल ने शारीरिक शिक्षा विभाग की 70 छात्राओं को योग का प्रशिक्षण और सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। सूर्य नमस्कार का अभ्यास 45 मिनट तक कराया गया। सभी छात्राओं ने योग को जीवन में अपनाने का आह्वान भी किया। प्रो. भावना मित्तल ने बताया कि यह कार्यक्रम 16 से 21 जून तक सभी छात्राओं एवं शिक्षिकाओं के लिए चलाया जाएगा। इसमें भारतीय ज्ञान व्यवस्था व नमस्कार के तहत योग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। संवाद

दैनिक जागरण मेरठ, 17 जून 2025

## आरजी कालेज में योग संगम शुरू छात्राओं ने किया सूर्य नमस्कार



आरजी पीजी कालेज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग संगम 2025 की शुरुआत की गई, जिसमें छात्राओं ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया • सौ. कालेज

**जासं, मेरठ:** आरजी पीजी कालेज में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर योग संगम 2025 की शुरुआत की गई। प्रो. भावना मित्तल ने शारीरिक शिक्षा विभाग की छात्राओं को योग का प्रशिक्षण एवं सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने शारीरिक शिक्षा की 70 छात्राओं के साथ योग संगम का उद्घाटन किया गया। इसमें सभी छात्राओं को 45 मिनट का सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया। साथ ही योग का जीवन में महत्व भी समझाया। प्रो. भावना मित्तल ने बताया कि यह प्रशिक्षण 21 जून तक आयोजित किया जाएगा। इस मुहिम को योग संगम पोर्टल पर भी रजिस्टर्ड करवाया गया है।

मंगलवार, 17 जून 2025 05

**हिन्दुस्तान**

## योग संगम-2025 का आरजी कॉलेज में शुभारंभ

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग संगम-2025 का शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर निवेदिता कुमारी का निर्देशन रहा। कार्यक्रम संयोजिका प्रो. भावना मित्तल ने शारीरिक शिक्षा विभाग की 70 छात्राओं को योग का प्रशिक्षण व सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया।

# आरजी और मेरठ कॉलेज बने हैं पहली पसंद

## स्नातक में प्रवेश के लिए 30 तक होंगे पंजीकरण, कॉलेज और सीसीएसयू कैंपस में अब तक 63 हजार से अधिक हो चुके

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर व उससे संबंधित कॉलेजों में यूजी प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया चल रही है। पंजीकरण के आंकड़ों में इस साल भी आरजी और मेरठ कॉलेज बीए और बीकॉम में प्रवेश के लिए छात्रों की पसंद बने हुए हैं।

विश्वविद्यालय की ओर से पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 जून कर दी गई है। जिन छात्र-छात्राओं ने पोर्टल पर भरे फार्म में कुछ गलती कर दी है तो उसमें एक जुलाई से लेकर छह जुलाई तक समर्थ पोर्टल पर सुधार किया जा सकता है। प्रवेश समन्वयक प्रो. भूपेंद्र सिंह ने बताया कि छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल पर जाकर अपने लॉगिन आईडी से लॉगिन करके स्वयं अपने प्रोफाइल में सुधार कर सकते हैं। संशोधन में व्यक्तिगत विवरण शामिल होगा, जिसमें नाम, माता-पिता का नाम, जन्मतिथि एवं स्थायी निवास पते में बदलाव किया जा सकता है।

शैक्षणिक योग्यता में अगर कोई गलती भरी हुई है तो वह भी ठीक की जा सकती है। इसके तिथि के बाद फार्म में गलती में कोई सुधार नहीं होगा। सीसीएसयू कैंपस और कॉलेजों में 13 मई 2025 से यूजी कोर्सों में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया चल रही है। इसमें बीए-एलएलबी और बीकॉम-एलएलबी के रजिस्ट्रेशन शामिल नहीं हैं।





### सीसीएसयू परिक्षेत्र में आने वाले कॉलेज

सीसीएसयू के परिक्षेत्र में छह जिले आते हैं। इनमें मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, हापुड़ और बागपत के कॉलेज हैं। इन कॉलेजों में 43 कोर्स हैं। इनमें एक लाख 30 हजार से अधिक सीटें हैं। अब तक 64 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कर दिया है।

### कॉलेज वार पंजीकरण का विवरण

| कॉलेज | विषय | सीट | पंजीकरण |
|---|---|---|---|
| डीएन | बीकॉम | 330 | 729 |
| | कंप्यूटर साइंस | 66 | 189 |
| | बीएससी बायो | 198 | 374 |
| | बीएससी मैथ्स | 198 | 275 |
| | बीएससी स्टेट्स | 66 | 10 |
| इस्माईल | बीकॉम | 66 | 96 |
| | बीए | 528 | 463 |
| मेरठ कॉलेज | बीकॉम | 396 | 1042 |
| | बायो | 66 | 99 |
| | कंप्यूटर | 198 | 282 |
| | बीएससी स्टेट्स | 66 | 13 |
| | बीएससी मैथ्स | 396 | 435 |
| | बीएससी होम साइंस | 66 | 1 |
| | बीए | 748 | 2022 |
| एनएएस कॉलेज | बीकॉम | 330 | 715 |
| | बीएससी बायो | 66 | 451 |
| | बीएससी मैथ्स | 66 | 342 |
| | बीए | 506 | 1549 |
| | कंप्यूटर | 66 | 134 |
| आरजी | बीएससी वॉक | 22 | 8 |
| | बीएससी योगा | 22 | 7 |
| | बीकॉम | 132 | 329 |
| | बीएससी मैथ | 66 | 147 |
| | बीएससी बायो | 264 | 349 |
| | फूड साइंस | 66 | 0 |
| | बीए | 858 | 1105 |
| कन्हैयालाल | बीकॉम | 132 | 104 |
| | बीए | 440 | 354 |
| शहीद मंगल पांडे | बीकॉम | 66 | 51 |
| | बीएससी मैथ | 66 | 32 |
| | बीए | 220 | 252 |

अमर उजाला
बृहस्पतिवार • 19.06.2025 06



योग संकल्प रैली व योग सेवा शिविर में मौजूद साधक। स्रोत : स्वयं

## छात्राओं ने लिया रोज योग करने का संकल्प

मेरठ। आरजीपीजी कॉलेज में योग संगम 2025 में योग संकल्प रैली व योग सेवा शिविर आयोजित किया गया। रैली का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने किया। संयोजिका प्रो. भावना मित्तल रहीं। योग विभाग की संयोजक प्रो. मंजू सिंह, एनएसएस की इंचार्ज डॉ. निशेष कौर और प्रो. रजनी श्रीवास्तव, एनसीसी की इंचार्ज प्रो. अंजुला राजवंशी और रेंजर्स की इंचार्ज डॉ. सुनीता सिंह व डॉ. शिवानी ने 100 छात्राओं के साथ मिलकर योग संकल्प रैली में भाग लिया। प्राचार्य ने सभी छात्राओं को प्रतिदिन योग करने की शपथ दिलाई। संवाद

दैनिक जागरण मेरठ, 19 जून, 2025



आरजी पीजी कालेज मे इन छात्राओं को मिली डा. टेकचंद वासन छात्रवृत्ति • सौ. कालेज

# चार छात्राओं को मिली डा. टेकचंद वासन छात्रवृत्ति

जासं, मेरठ : आरजी पीजी कालेज में बुधवार को समाजशास्त्र की छात्राओं को डा. टेकचंद वासन छात्रवृत्ति प्रदान की गई। यह छात्रवृत्ति समाजशास्त्र विभाग की भूतपूर्व रीडर डा. सरोजिनी वासन ने अपने पिता की स्मृति में शुरू की थी। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने चार चयनित छात्राओं को पुरस्कृत व सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सम्मानित छात्राएं अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणा हैं। परास्नातक अंतिम वर्ष की छात्रा वैशाली त्यागी व खुशबू और परास्नातक प्रथम वर्ष की मदीहा व अक्षरा को छात्रवृत्ति के चेक प्रदान किए गए। मेजर प्रो. अंजुला राजवंशी, प्रो रजनी श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष प्रो. अनु रस्तोगी और प्रो. मंजुलता आदि उपस्थित रहीं।

दैनिक जागरण, Meerut, 19 June 2025

## 'शारीरिक व मानसिक रूप से रहना है स्वस्थ'



आरजी पीजी कालेज में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह योग संगम 2025 के अंतर्गत योग संकल्प रैली एवं योग सेवा शिविर का आयोजन किया गया. जिसका उद्घाटन प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने किया. सुनीता सिंह और डॉ. शिवानी ने छात्राओं के साथ योग संकल्प रैली निकाली और विभिन्न आसनों का अभ्यास करवाया. इसके साथ ही हास्य क्रिया तथा ताली वादन भी किया गया. प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने कहा कि हमें दैनिक जीवन में योग को अपनाना चाहिए. योग हर आयु का व्यक्ति कर सकता है, जिससे शारीरिक और मानसिक रूप से व्यक्ति स्वस्थ होता है. योग संकल्प रैली में छात्राओं ने योग करने का आह्वान किया. योग सेवा शिविर में जल और शरबत का वितरण किया गया.

शुक्रवार • 20.06.2025
अमर उजाला

## प्रतिदिन योग करने की शपथ दिलाई

मेरठ। आरजीपीजी कॉलेज के योग विभाग और शारीरिक शिक्षा विभाग में अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह 'योग संगम 2025' में नवाचार एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली के अंतर्गत अतिथि व्याख्यान किया गया। अतिथि व्याख्यान वरदान इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेट थैरेपी संस्थान की डायरेक्टर डॉ. पल्लवी रस्तोगी ने किया। प्राचार्य निवेदिता मलिक ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। संयोजिका प्रो. भावना मित्तल, प्रो. मंजू सिंह, एनसीसी इंचार्ज प्रो. अंजुला राजवंशी, डॉ. सुनीता सिंह, शिक्षिका दीपा त्यागी ने 80 छात्राओं के साथ मिलकर योग किया। प्राचार्य ने सभी छात्राओं को प्रतिदिन योग करने की शपथ दिलाई। डॉ. पल्लवी रस्तोगी ने बताया कि आज के समय में हर व्यक्ति विभिन्न बीमारियों से जूझ रहा है।

IV दैनिक जागरण मेरठ, 20 जून, 2025

## ... एक्यूप्रेशर थेरेपी में बीज करते दर्द निवारक का काम

जागरण संवाददाता, मेरठ : आरजी पीजी कालेज में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह योग संगम 2025 के अंतर्गत योग विभाग एवं शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें वरदान इंस्टीट्यूट आफ अल्टरनेट थेरेपी संस्थान की डायरेक्टर डा. पल्लवी रस्तोगी ने योग, एक्यूप्रेशर और बीजों के माध्यम से किए जाने वाले उपचार के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि एक्यूप्रेशर थेरेपी के अंतर्गत विभिन्न बीजों का प्रयोग करके जहां दर्द होता है, वहां पर उन बीजों को बांधकर प्रेशर दिया जाता है। जिससे वहां वह दर्द निवारक का काम करते हैं। इसमें राजमा, मेथी दाना, मटर का दाना और दालों का प्रयोग किया जाता है। वहीं छात्राओं ने योग सेवा शिविर में भाग लिया। साथ ही शीतल जल और शरबत का वितरण किया। प्रो. भावना मित्तल भी उपस्थित रहीं।

शनिवार • 21.06.2025

अमर उजाला

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्व स्तर पर किया जा रहा योग के लिए प्रेरित



आरजीपीजी कॉलेज में योग कार्यक्रम में शामिल कैडेट्स। स्रोत : संस्थान

मेरठ। आरजीपीजी कॉलेज की एनसीसी द्वारा आयोजित योगा अनप्लग्ड कार्यक्रम का समापन हुआ। 22 यूपी गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल होपेंद्र ठाकुर और एडम ऑफिसर मेजर रिजु रावत उपस्थित रहे। कार्यक्रम महाविद्यालय के आईक्यूएसी, आरजीपीजी इनोवेशन काउंसिल, इंडियन नॉलेज सिस्टम सेल में आयोजित हुआ। योगा से लोगों को परिचित कराने और योगा करने के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए यह प्रयास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्व स्तर पर किया जा रहा है। योग करने से शारीरिक और मानसिक शांति के साथ-साथ भावनात्मक बल भी मिलता है।

कार्यक्रम में बालेराम बृज भूषण सरस्वती शिशु मंदिर की एनसीसी अधिकारी कैप्टन वंदना और उनके 17 कैडेट्स, आरजी इंटर कॉलेज की एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. गीता और उनके 24 कैडेट्स, शहीद मंगल पांडे पीजी कॉलेज के एनसीसी अधिकारी कैप्टन लता कुमार और उनके 20 कैडेट्स, जवाहर लाल महिला महाविद्यालय के 15 कैडेट्स व आरजीपीजी कॉलेज की एनसीसी अधिकारी मेजर प्रो. अंजुला राजवंशी और 65 कैडेट्स उपस्थित रहे। सभी ने योग के विभिन्न आसनों और क्रियाओं को सीखा। कार्यक्रम में भूतपूर्व एनसीसी कैडेट्स भी शामिल हुए। इन सभी ने योग का अभ्यास किया। कार्यक्रम में फिजिकल एजुकेशन की इंचार्ज प्रो. भावना मित्तल, यौगिक साइंस की कोऑर्डिनेटर प्रो. मंजू सिंह व योगा टीचर दीपा त्यागी का सहयोग रहा। संवाद

हिन्दुस्तान
मेरठ, शनिवार, 21 जून 2025 04

# योग के साथ हुआ पौधरोपण



मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज मेरठ में शुक्रवार को योग सप्ताह के अंतर्गत योगा अभ्यास के साथ साथ पौधरोपण भी किया गया। मौके पर 22 यूपी गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल होपिंद ठाकुर व एडम ऑफिसर मेजर रितु रावत व आरजी पीजी कॉलेज की प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी के निर्देशन में कार्यक्रम हुआ। संयोजिका प्रोफेसर अंजुला राजवंशी रहीं। एनएसएस की प्रभारी निलेप कौर, प्रोफेसर रजनी श्रीवास्तव, डॉ. गीता सिंह, डॉ. मनीषा सिंघल रहीं।

रविवार • 22.06.2025
अमर उजाला

# योग के साथ पौधरोपण किया



आरजीपीजी कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। स्रोत संस्थान

मेरठ। आरजीपीजी कॉलेज में योग दिवस पर प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण देखा गया। सभी इकाइयों ने जिसमें एनसीसी, एनएसएस, योग विभाग, शारीरिक शिक्षा विभाग और रेंजर्स ने योगाचार्य दीपा त्यागी के साथ विभिन्न योग मुद्राएं कीं। प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने योगाचार्य दीपा त्यागी और छात्राओं को सम्मानित किया। एनएसएस द्वारा सीमा पार्क में पौधारोपण हुआ। संयोजिका प्रो. भावना मित्तल, प्रो. सोनिका चौधरी रहीं। संवाद

दैनिक जागरण मेरठ 26 जून 2025

# आरजी पीजी कालेज में मनपसंद कोर्स में छात्राएं ले सकती हैं प्रवेश

जागरण संवाददाता, मेरठ : आरजी पीजी कालेज में छात्राएं अपने मनपसंद विभिन्न स्नातक कोर्सों में प्रवेश ले सकती हैं। इसके लिए समर्थ पोर्टल पर 30 जून तक आनलाइन पंजीकरण कराना होगा।

कालेज प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने बताया कि स्नातक स्तर पर विभिन्न संकायों में प्रवेश उपलब्ध है। जिनमें स्नातक स्तर के डिग्री प्रोग्राम कालेज में उपलब्ध हैं। छात्राएं उनका चयन कर सकती हैं। बीए में राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, भूगोल, संस्कृत, हिंदी, इंग्लिश, संगीत, अर्थशास्त्र कंप्यूटर, इतिहास, गृह विज्ञान, चित्रकला, दर्शनशास्त्र विषय उपलब्ध है। बीएससी बायो ग्रुप में विज्ञान में स्नातक की डिग्री है, जिसमें वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, फूड साइंस और जंतु विज्ञान शामिल हैं। बीएससी (पीसीएम) में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और गणित विषय शामिल हैं। बीकाम में वाणिज्य विषय है। योग विज्ञान में स्नातक की डिग्री है, जिसमें योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा जैसे क्षेत्र शामिल हैं। बीवाक में एप्लाइड क्लिनिकल साइकोलाजी (व्यावहारिक नैदानिक मनोविज्ञान) में मनोविज्ञान, मानसिक स्वास्थ्य और चिकित्सा जैसे क्षेत्र शामिल होते हैं। प्राचार्या का कहना है कि सभी संकायों में प्रवेश के लिए किसी भी प्रकार की सहायता को प्रवेश प्रभारी से संपर्क किया जा सकता है। प्रवेश के लिए studentrgpgcollegemrt@gmail.com मेल पर भी जानकारी प्राप्त करने के साथ ही rgcollege.ac.in पर आवेदन कर सकते हैं।



**30** जून तक समर्थ पोर्टल पर कराएं आनलाइन पंजीकरण

6 | दैनिक जनवाणी मेरठ, शुक्रवार, 27 जून, 2025

# आरजी की एनसीसी कैडेट्स ने ली नशे से दूर रहने की शपथ



मेरठ (जनवाणी): गुरुवार को 22वीं यूपी गर्ल्स बटालियन से जुड़ी आरजीपीजी की एनसीसी कैडेट्स ने कॉलेज की आईक्यूएसी व प्राचार्या प्रो. निवेदिता के सामने मादक पदार्थों से दूर रहने की शपथ ली। इस दौरान 22वीं यूपी गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल हर्षेंद्र ठाकुर के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार के माय भारत पोर्टल पर 64 कैडेट्स ने ऑनलाइन शपथ ली। कैडेट अवनी शर्मा समेत अन्य कैडेट्स ने अपने घर के आसपास के लोगों को नशा न करने की सलाह दी और इससे नुकसान के बारे में जागरूक किया। प्राचार्या प्रो. निवेदिता ने कहा कि मादक द्रव्य पदार्थों का प्रयोग और नशा करने से स्वयं के साथ परिवार वालों को भी नुकसान होता है। एनसीसी अधिकारी मेजर प्रो अंजुला राजवंशी ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि वह देश का भविष्य और वर्दीधारी कैडेट्स हैं इसलिए उनपर काफी जिम्मेदारी है। इसलिए उन्हें अपने दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारी और पूर्ण समर्पण के साथ करना चाहिए। इस दौरान फायजा, शिवानी व समीहा आदि का भी सहयोग रहा।

**NEXT CITY**

## नशा करने से परिवार का भी होता है नुकसान



आरजी पीजी कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स ने 22 यूपी गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल होपिंद ठाकुर के मार्गदर्शन में मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध व्यापार विरोधी अंतरराष्ट्रीय दिवस पर माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन शपथ ली. कैडेट अवनी शर्मा और अन्य कैडेट्स ने अपने घर के आसपास के लोगों को नशा न करने के लिए प्रेरित किया. प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने कहा कि नशा करने से स्वयं के साथ साथ परिवार वालों को भी नुकसान होता है. एनसीसी अधिकारी मेजर प्रो. अंजुला राजवंशी ने कहा कि आप देश के भविष्य है, और वर्दीधारी कैडेट्स है, इसलिए आपकी जिम्मेदारी बढ़ जाती है.

rut मेरठ | शुक्रवार • 27.06.2025

अमर उजाला 06

# नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव के बारे में बताया

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। नशे और अवैध तस्करी के खिलाफ सैन्य अस्पताल में बृहस्पतिवार को जागरूक कार्यक्रम किया गया। इसमें 120 सैनिकों ने भाग लिया। इसमें मनोचिकित्सक रचित शर्मा एवं नैदानिक मनोवैज्ञानिक द्वारा व्याख्यान किया गया।

सैन्य अस्पताल में नशे के खिलाफ लड़ाई में सैनिकों के मनोबल को सशक्त किया गया। वहीं, केंद्रीय विद्यालय, पंजाब लाइंस में बच्चों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन सैन्य अस्पताल के मानसिक स्वास्थ्य टीम ने किया। मनोचिकित्सक लेफ्टिनेंट कर्नल रचित शर्मा ने कक्षा 9 से 12 तक करीब 400 बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य, नशे के प्रभाव, स्वास्थ्य पर असर के बारे में जागरूक किया गया।

## नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया



**आरजीपीजी कॉलेज में नशे से दूर रहने की शपथ लेते कैडेट्स।** स्रोत : स्वयं

**मेरठ।** आरजीपीजी कॉलेज के 22 यूपी गर्ल्स बटालियन के 64 एनसीसी कैडेट्स ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध व्यापार विरोधी अंतरराष्ट्रीय दिवस पर सरकार के माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन शपथ ली। इसमें नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया। इस दौरान कैडेट अवनी शर्मा सहित अन्य घर के आसपास के लोगों को नशा न करने के लिए जागरूक करने की अपील की। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक ने कहा कि मादक द्रव्य पदार्थों का प्रयोग करने और नशा करने से स्वयं के साथ-साथ परिवार वालों को भी नुकसान होता है। इस दौरान फायजा, शिवानी, समीहा आदि का सहयोग रहा। संवाद

IV दैनिक जागरण मेरठ, 30 जून, 2025

# आरजीपीजी कालेज में छात्राएं ले सकती हैं एमए और एमएससी में मनपसंद विषय

जासं, मेरठ : आरजीपीजी कालेज में पीजी (स्नातकोत्तर) कक्षाओं में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। इसके लिए छात्राओं को समर्थ पोर्टल पर आनलाइन पंजीकरण कराना होगा।

कालेज की प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने बताया कि कालेज में स्नातकोत्तर स्तर पर कला, विज्ञान तथा वाणिज्य संकाय में छात्राएं अपनी पसंद के विषय ले सकती हैं। कालेज में सभी विषयों में पर्याप्त सीट हैं। कला संकाय में अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र प्रत्येक विषय में 60 सीट उपलब्ध हैं। साथ ही मनोविज्ञान, विजुअल आर्ट ड्राइंग एंड पेंटिंग तथा संगीत प्रत्येक विषय में कुल 20 सीट उपलब्ध हैं। गृहविज्ञान और भूगोल विषय में 30-30 सीट उपलब्ध हैं। इसी प्रकार विज्ञान संकाय में वनस्पति विज्ञान और रसायन विज्ञान में 30-30 सीट तथा जंतु विज्ञान में कुल 20 सीट उपलब्ध हैं। वाणिज्य संकाय में एमकाम में कुल 60 सीटें उपलब्ध हैं। प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश की इच्छुक छात्राएं विस्तृत जानकारी हेतु कालेज वेबसाइट पर www.rgcollege.ac.in पर भी जानकारी प्राप्त सकती हैं। साथ ही विषय संबंधित विभाग में आकर भी जानकारी प्राप्त कर सकती हैं।

6 | दैनिक जनवाणी मेरठ, सोमवार, 30 जून, 2025

# आरजी में एमए, एमएससी और एमकॉम के दाखिले आरंभ

मेरठ (जनवाणी) : रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में एमए, एमएससी व एमकॉम में प्रवेश आरंभ हो गए है। महाविद्यालय में स्नातकोत्तर प्रवेश प्रकिया 27 जून से प्रारंभ हो चुकी है। इसके लिए समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण की प्रकिया शुरू हो चुकी है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक ने बताया कि महाविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर पर कला, विज्ञान तथा वाणिज्य प्रत्येक संकाय में अनेक विषय है। कला संकाय में अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र प्रत्येक विषय में 60 सीट उपलब्ध है। साथ ही मनोविज्ञान, विजुअल आर्ट, ड्राइंग एंड पेंटिंग तथा संगीत प्रत्येक विषय में कुल 20 सीट उपलब्ध है। गृहविज्ञान और भूगोल विषय में 30-30 सीट उपलब्ध है। इसी प्रकार विज्ञान संकाय में वनस्पति विज्ञान और रसायन विज्ञान में 30-30 सीट तथा जंतु विज्ञान में कुल 20 सीट उपलब्ध है। वाणिज्य संकाय एमकॉम में कुल 60 सीट उपलब्ध हैं। प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश की इच्छुक छात्राएं अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय की वेबसाइट गूगल फार्म पर आकर या हेल्पलाइन नंबर 95208 86031 पर संपर्क कर सकती है। छात्राएं महाविद्यालय की वेबसाइट पर भी जानकारी प्राप्त सकती है।

मेरठ | शुक्रवार • 11.07.2025
अमर उजाला 05

न्यूज़ कैप्सूल

## 90 कैडेट्स को दिए प्रमाणपत्र



प्रमाणपत्र के साथ मौजूद एनसीसी कैडेट्स। स्रोत: संस्थान

मेरठ। आरजीपीजी कॉलेज में एनसीसी की [illegible] इकाइयों की [illegible] के प्रमाणपत्र वितरित किए गए। प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने [illegible] [illegible] [illegible] पूनम लखनपाल का स्वागत [illegible] किया। इस दौरान 90 कैडेट्स को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस दौरान मेजर प्रो. [illegible] एनसीसी, सीटीओ प्रियंका, [illegible] [illegible] छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में [illegible] की शिक्षिकाएं, कैडेट्स तथा अन्य छात्राएं उपस्थित रहीं। संवाद

बुधवार • 16.07.2025
अमर उजाला

## तकनीक के फायदे और नुकसान बताए

मेरठ। आरजीपीजी कॉलेज में मंगलवार को समाजशास्त्र विभाग में प्री-पीएचडी सेमिनार किया गया। जिसका विषय 'इंपैक्ट ऑफ सोशल मीडिया ऑन टीनएजर्स एंड फैमिली कल्चर ए सोशियोलॉजिकल स्टडी इन मेरठ डिस्ट्रिक्ट' रहा।

अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने की। उन्होंने तकनीकी के फायदे और नुकसान के बारे में बताया। कार्यक्रम में रिसर्च डेवलपमेंट सेल की इंचार्ज मेजर प्रो. पूनम लखनपाल, विभाग प्रभारी प्रो. अनु रस्तोगी, प्रो. रजनी श्रीवास्तव, प्रो. मंजू लता, प्रो. मंजू सिंह, डॉ. शैलजा, शोध छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहे। संवाद

रविवार • 27.07.2025

अमर उजाला

## शहीदों को दी श्रद्धांजलि



05

हिन्दुस्तान

## आरजी पीजी में काव्य पाठ किया

5 दैनिक जनवाणी मेरठ, बुधवार, 30 जुलाई, 2025

## उद्यमिता की मानसिकता का विकास विषय पर कार्यशाला



मेरठ, बुधवार, 30 जुलाई 2025 07

हिन्दुस्तान

## एनईपी नवाचार और उद्यमिता का अवसर

मेरठ | शुक्रवार • 01.08.2025
अमर उजाला

## रेंजर्स ने किया सेवा कार्य




आरजीपीजी कॉलेज में मौजूद रेंजर्स। स्रोत : स्वयं

मेरठ। आरजीपीजी कॉलेज में बृहस्पतिवार को आरजी रेंजर्स टीम ने विश्व रेंजर्स दिवस मनाया। रेंजर्स टीम की लीडर डॉ. सुनीता सिंह के साथ रेंजर्स ने सेवा कार्य किया। विश्व रेंजर दिवस 2025 की थीम परिवर्तनकारी संरक्षण को सशक्त बनाना है। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने सभी रेंजर्स को बधाई दी। रेंजर लीडर डॉ. सुनीता सिंह, पायल शर्मा, टीशा, रवीना, अंशिका, आजमी आदि मौजूद रहे। संवाद

दैनिक जागरण मेरठ, 1 अगस्त,

## एक नजर में




आरजी पीजी कालेज की रेंजर्स टीम ने विश्व रेंजर्स दिवस पर गुरुवार को लीडर डा. सुनीता सिंह के निर्देशन में सोती गंज स्थित मनकामेश्वर मंदिर प्रांगण में सफाई अभियान चलाया। मंदिर के बगीचे में औषधीय पौधे रोपे। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने रेंजर्स को सफलतापूर्वक अपने कार्य को पूरा करने पर बधाई दी। सौ. कालेज।

शुक्रवार, 1 अगस्त 2025 07
हिन्दुस्तान

## आरजी कॉलेज में मनाया विश्व रेंजर्स दिवस

मेरठ। आरजी कॉलेज में गुरुवार को विश्व रेंजर्स दिवस मनाया गया। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी के निर्देशन में रेंजर्स टीम लीडर डॉ. सुनीता सिंह के साथ मिलकर रेंजर्स ने सामुदायिक सेवा कार्य किया। रेंजर्स ने सोती गंज स्थित मनकामेश्वर मंदिर में सफाई अभियान चलाया। रेंजर्स ने मंदिर के बगीचे में औषधीय पौधे रोपे। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है। पायल शर्मा, टीशा, रवीना, अंशिका सिवाच, आजमी परवीन, प्रियंका, इल्मा सैफी, सरगम, दिव्यांशी सिंह, खुशबू, स्वाति रहे।

5 | दैनिक जनवाणी मेरठ, शुक्रवार, 1 अगस्त, 2025

## विश्व रेंजर्स दिवस पर मानव मूल्यों का प्रचार

मेरठ (जनवाणी): गुरुवार को रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में आरजी रेंजर्स टीम ने विश्व रेंजर्स दिवस मनाया। इस मौके पर रेंजर्स टीम की लीडर डॉ. सुनीता सिंह के साथ मिलकर रेंजर्स ने रेंजर्स दिवस पर सामुदायिक सेवा कार्य किया। जिसमें सभी रेंजर्स ने सोती गंज स्थित मनकामेश्वर मंदिर के प्रांगण में सफाई अभियान चलाया, साथ ही मंदिर के बगीचे में अनेक औषधीय पौधे लगाए जैसे ब्राह्मी, रोस मैरी, अजवायन, स्टीविया, करकरा, अस्थमा बेल आदि। प्राचार्या प्रो. निवेदिता ने सभी रेंजर्स को सफलतापूर्वक अपने कार्यक्रम को पूरा करने पर बधाई दी। रेंजर लीडर डॉ. सुनीता सिंह ने सभी रेंजर्स के उत्साह और लगन की तारीफ की। इस मौके पर रेंजर पायल शर्मा, टीशा, रवीना, अंशिका सिवाच, आजमी परवीन, प्रियंका, इल्मा सैफी, सरगम, दिव्यांशी सिंह, खुशबू, स्वाति, काजल, अलीना खान, शुमायला आदि मौजूद रहीं।